रविवारीय
कानपुर, रविवार
20 जुलाई, 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष 10
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 328 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net



चौथे टेस्ट से पहले बोले ग्रेग चैपल, गिल की असली परीक्षा अब होगी

# यूपी में बड़े धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की आगरा पुलिस ने अवैध धर्मांतरण के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये देश के छह राज्यों से दस लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शनिवार को पत्रकारों को

■ छह राज्यों से जुड़े नेटवर्क के 10 लोग गिरफ्तार

■ विदेशी फंडिंग का भी खुलासा

बताया कि आगरा पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छह राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी छद्म नाम से गैर मुस्लिम युवतियों से दोस्ती कर उन्हे प्रेमजाल में



फंसाते थे और बाद में उन्हे इस्लाम अपनाने पर मजबूर किया जाता था। उन्होने बताया कि पूरे मामले की शुरुआती जांच में इस गिरोह का संबंध पीएफआई, एसडीपीआई और पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से होने के संकेत मिले हैं। इस घटना के संबंध में बंगाल, गोवा, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 11 टीमों को लगाया गया था जिन्होने आयशा (एसबी कृष्णा) गोवा, अली हसन (शेखर राय) कोलकाता, ओसामा-कोलकाता, रहमान कुरैशी-आगरा, अब्बू तालिब-खालापार, मुजफ्फरनगर,अबुर रहमान-देहरादून, मोहम्मद अली-जयपुर,राजस्थान, जुनैद कुरैशी-जयपुर, मुस्तफा (मनोज)-दिल्ली, मोहम्मद अली-जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि आगरा पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में उत्तर प्रदेश की विशेष एजेंसी एटीएस और एसटीएफ भी शामिल थी। अब इस मामले की आगे की जांच के लिए अन्य राज्यों की पुलिस तथा केंद्रीय जांच एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। उन्होने बताया कि आगरा जिले में पिछली मार्च में दो सगी बहनों जिनकी उम्र 33 वर्ष और 18 वर्ष की थी गुमशुदगी का मामला उनके परिवार में दर्ज कराया था। जिसमें धारा 87, 111(3), 111(4) और 3/5 उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म सा परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की जांच के दौरान सदर बाजार पुलिस और साइबर पुलिस को रेडिकलाइजेशन लव जिहाद में शामिल लोगों के बारे में पता चला, जिनकी फंडिंग कनाडा और अमेरिका से हो रही थी। आगरा पुलिस ने इसकी जानकारी डीजीपी मुख्यालय और अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था को दी, जिसके बाद इस पूरे मामले की गहनता से जांच शुरू हुई।

गौरतलब है कि पुलिस ने एक नया मिशन अस्मिता लॉन्च किया था। इसके तहत पूर्व में अवैध धर्म परिवर्तन के सिंडिकेट के दो लोगों गौतम और मुफ्ती जहांगीर आलम को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया था। अभी हाल ही में बलरामपुर के उतरौला में धर्म परिवर्तन करने वाले जमालुद्दीन उर्फ ठाकुर के सिंडिकेट को एटीएस और एसटीएफ ने पर्दाफाश किया था।

## नेटवर्क में लव जिहाद का उपयोग, विदेशी फंडिंग

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने बताया कि इस नेटवर्क में लव जिहाद का उपयोग कर तथा विदेश से प्राप्त धन से धन परिवर्तन व रेडिकलाइजेशन के सबूत मिले हैं। गिरफ्तार अभियुक्त पूरे नेटवर्क में अलग-अलग रोल निभाते थे। जैसे फंड प्राप्त करना, फंड को चैनेलाइज करना, सेफ हाउस बनाना, लीगल एडवाइस देना, नए फोन व सिम प्रदान करना, प्रेम जाल में फसना, धर्म परिवर्तन के लिए सब्जबाग दिखाकर प्रेरित करना, धर्म परिवर्तन के लिए कागज तैयार करना व रेडीकलाइजेशन करना आदि शामिल है।

## पीएम मोदी अगले हफ्ते जाएंगे ब्रिटेन और मालदीव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर चार दिवसीय विदेश यात्रा पर जाएंगे। वे अगले सप्ताह ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा करेंगे। इस दौरान व्यापार समझौते और रिश्तों को बढ़ावा देने पर फोकस किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का पहला चरण 23-24 जुलाई को ब्रिटेन होगा, जहां वह ऐतिहासिक भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। यह समझौता टैरिफ में कमी करके ब्रिटेन को होने वाले 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर असर पड़ेगा। इससे भारत को भी फायदा होगा और व्हिस्की और कारों जैसे ब्रिटिश निर्यात सुगम होंगे। इसके बाद मोदी 25-26 जुलाई को मालदीव की यात्रा करेंगे, जहां वे 60वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। मोहम्मद मुइज्जू सरकार के कार्यकाल में यह यात्रा इसलिए भी अहम है, क्योंकि यह मालदीव में कुछ नेताओं की ओर से भारत विरोधी बयानबाजी और अभियानों के कारण हाल ही में दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बाद पहली बार हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी की पिछली मालदीव यात्रा जून 2019 में हुई थी। चीन के तियानजिन शहर में 25वां शिखर सम्मेलन होना है।

# पायलट फेडरेशन का विदेशी मीडिया संस्थानों को कानूनी नोटिस

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून को हुए विमान हादसे को लेकर विदेशी मीडिया की भ्रामक रिपोर्टिंग पर भारतीय पायलट संघ

■ कहा भ्रामक खबरों पर माफी मांगें

(एफआईपी) ने आपत्ति जताई है। एफआईपी ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स को कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में दोनों संस्थानों से गलत रिर्पोटिंग के लिए माफी मांगने की मांग की गई है। भारतीय पायलट संघ (एफआईपी) के अध्यक्ष सीएस रंधावा ने बताया कि हमने कानूनी कार्रवाई शुरू की है। हमने द वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स को उनकी



रिपोर्टों पर एक नोटिस भेजा है। हमने उनसे माफी मांगने के लिए कहा है। रॉयटर्स और द वॉल स्ट्रीट जर्नल को भेजे एक ईमेल में, एफआईपी ने कहा कि हमें पता चला है कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया के कुछ वर्ग बार-बार चुनिंदा और असत्यापित रिपोर्टिंग के माध्यम से विमान हादसे का निष्कर्ष निकालने का प्रयास कर रहे हैं। इस हादसे ने जनता को बड़ा सदमा पहुंचाया है। यह भारतीय विमानन उद्योग की सुरक्षा को लेकर, खासकर निराधार तथ्यों के आधार पर जनता में चिंता या आक्रोश पैदा करने का समय नहीं है। एफआईपी ने कहा कि मीडिया संस्थान आधिकारिक पुष्टि और अंतिम रिपोर्ट के बिना ऐसी कोई भी सामग्री प्रकाशित या प्रसारित न करें जिसमें दुर्घटना के कारणों पर अटकलें लगाई गई हों और मृत पायलटों को दोषी ठहराती हों। इस तरह की अटकलें लगाने वाली सूचनाओ का प्रकाशन बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। इससे मृत पायलटों की प्रतिष्ठा को गंभीर और अपूरणीय क्षति हुई है। रॉयटर्स ने शोक संतप्त परिवारों को अनावश्यक संकट में डाला है और पायलट वर्ग का मनोबल गिराया है, जो भारी दबाव और सार्वजनिक जिम्मेदारी के तहत काम करता है।

## मीडिया रिपोर्ट्स सिर्फ अटकलें : अमेरिकी एजेंसी

अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर सामने आई मीडिया रिपोर्ट्स को लेकर अमेरिकी एजेंसी ने सावधान रहने की सलाह दी है। यूएस नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) की अध्यक्ष जेनिफर होमेंडी ने कहा, जो बातें सामने आई हैं वो सिर्फ अटकलें लगाने वाली हैं। भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने अभी अपनी शुरुआती रिपोर्ट जारी की है। इस तरह की जांच में समय लगता है। होमेंडी की यह टिप्पणी अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की रिपोर्ट को लेकर है। तीन दिन पहले जारी इस रिपोर्ट में दावा किया गया कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी।

## भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 5 जेट गिरे : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। साथ ही

■ 24वीं बार कहा- जंग मैंने रुकवाई

उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सच में पांच जेट गिरे थे। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान कही। ट्रम्प अब तक 24 बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने की बात कह चुके हैं। पहली बार ऐसा दावा उन्होंने 10 मई को सोशल मीडिया पर किया था। दरअसल, पाकिस्तान ने दावा किया था



कि उसने लड़ाई में 5 भारतीय विमान मार गिराए थे। वहीं, भारत ने भी कहा था कि पाकिस्तान के कुछ विमान गिराए गए हैं। पाकिस्तान ने अपने किसी भी विमान के नुकसान से इनकार किया, लेकिन हवाई ठिकानों को निशाना बनाने की बात मानी थी।

## राज्य का दर्जा हमारा अधिकार : फारूक

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी मांग तेज़ कर दी है। पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जहाँ राज्य का दर्जा लोगों का वाजिब हक बताया है। वहीं, कांग्रेस केंद्र पर इस माँग को पूरा करने का दबाव बनाने के लिए श्रीनगर, जम्मू और दिल्ली में विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा कि मैं कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाने के लिए बधाई देना चाहता हूँ। वह खड़गे और राहुल द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे गए उस पत्र का जिक्र कर रहे थे जिसमें संसद के आगामी मानसून सत्र के दौरान जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की गई थी। एक सवाल के जवाब में, अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा क्यों नहीं बहाल किया जा सकता। यह हमारा अधिकार है।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर हादसे में छह की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर मथुरा के बलदेव क्षेत्र में कार सवार कैटरिंग कारीगर के परिवार पर मौत ने झपट्टा मारा।

अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कैटरिंग कारीगर के साथ उसके दो बेटे, दो भांजे और एक दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसा इतना भीषण था कि दो लोगों की लाश कार में फंस गई। पुलिस ने उनकी लाशों को बमुश्किल बाहर निकाला। एक के बाद एक कर छह लाशें मार्ग पर रखी गईं। कार में सवार बासौनी के हरलालपुरा गांव के रहने वाले धर्मवीर (48) समेत घर के दोनों चिराग बुझ गए। मृतकों में धर्मवीर के बढ़पुरा हुसैद महोबा के दो भांजे दलवीर उर्फ छुल्ले, पारस सिंह, बेटे रोहित का दिल्ली का रहने वाला दोस्त दुष्यंत शामिल है। मृतक की पत्नी सोनी, बेटी पायल अस्पताल में जिंदगी के लिए जूझ रही हैं। सभी अखंड रामायण पाठ और भंडारा करने के लिए दिल्ली से बटेश्वर के लिए निकले थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की शिष्टाचार भेंट

## पंजाब में आप विधायक का इस्तीफा

**चंडीगढ़।** खरड़ की विधायक अनमोल गगन मान ने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। मान ने एक ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि मेरा दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। विधायक पद से स्पीकर को दिया गया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए। अनमोल गगन मान पंजाब सरकार में पर्यटन मंत्री रह चुकी हैं। अनमोल गगन मान का पंजाबी गायिका से मंत्री तक का सफर काफी दिलचस्प है। उन्होंने साल 2020 में आम आदमी पार्टी ज्वाइन की थी। उन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव में शिरोमणि अकाली दल के प्रत्यशी रणजीत सिंह गिल को करीब 37718 मतों से हराया था।

## शारदा यूनिवर्सिटी की छात्रा ने दी जान, सुसाइड नोट में दो शिक्षकों पर प्रताड़ना का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित शारदा यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल में शनिवार देर रात बीडीएस सेकंड ईयर की छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छात्रा के कमरे से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उसने विश्वविद्यालय के डेंटल डिपार्टमेंट की एक महिला और एक पुरुष शिक्षक पर मानसिक



प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। मृतका विश्वविद्यालय में बीडीएस सेकंड ईयर की छात्रा थी और हाल ही में वह मानसिक दबाव में नजर आ रही थी। छात्रा की आत्महत्या की खबर फैलते ही हॉस्टल में हड़कंप मच गया। नाराज छात्रों ने देर रात हॉस्टल परिसर में जोरदार हंगामा किया और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस ने मामले में परिजन की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। दो प्रोफेसर को हिरासत में लिया है। छात्रों की मांग है कि प्रोफेसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं मृतका के सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

## बेंगलुरु एयरपोर्ट पर यात्री से मिली 40 करोड़ की कोकीन

**बेंगलुरु।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने 18 जुलाई को दोहा से बंगलूरू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आए एक भारतीय पुरुष यात्री को रोका। इस दौरान उसके पास से 4006 ग्राम (चार किलोग्राम से अधिक) कोकीन बरामद की गई। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 40 करोड़ रुपये आंकी गई है। कोकीन मैगजीन के कवर में छिपाकर रखी गई थी। इसे एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया है। यात्री को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पिछले महीने मुंबई में डीआरआई ने एक नाइजीरियाई महिला को प्रतिबंधित पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था।

## चिंताजनक : सीवर से नदियों में घुल रही कृत्रिम मिठास

**नई दिल्ली।** शुगर-फ्री उत्पादों में इस्तेमाल होने वाली कृत्रिम मिठास अब केवल स्वाद तक सीमित नहीं




रही, बल्कि पृथ्वी के लिए धीमा जहर बनता जा रहा है। एक वैश्विक अध्ययन के मुताबिक, सुक्रालोज और एसेसल्फेम जैसी मिठास दुनिया के कई देशों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स को पार करते हुए सीधे नदियों, झीलों और समुद्री पर्यावरण में पहुंच रही हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अदृश्य संकट खड़ा कर रही है। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी सिडनी (यूटीएस) के वैज्ञानिकों द्वारा जर्नल ऑफ हैजर्डस मैटेरियल्स में प्रकाशित इस अध्ययन के मुताबिक भारत, अमेरिका, स्पेन और जर्मनी जैसे देशों में इन स्वीटनर्स की मौजूदगी बेहद चिंताजनक स्तर तक दर्ज की गई है। ये कृत्रिम केमिकल इतने स्थिर हैं कि उन्नततम शोधन प्रणालियां भी इन्हें पूरी तरह साफ करने में विफल रहती हैं। भारत सहित 24 देशों में किए गए इस अध्ययन ने यह भी उजागर किया है कि गर्मियों के मौसम में इनकी मात्रा 30 प्रति. तक अधिक हो जाती है जो जल संसाधनों पर मौसमी दबाव के साथ मिलकर खतरे को कई गुना बढ़ा देती है।

**मूत्र या मल के जरिए बाहर**

■ आने वाली पीढ़ियों के लिए अदृश्य तबाही

**निकल जाती है और सीवेज प्रणाली में जा रहे स्वीटनर्स**

इन स्वीटनर्स की रासायनिक संरचना ऐसी होती है कि यह शरीर में पचती नहीं। खाने या पीने के बाद यह सीधे मूत्र या मल के जरिए बाहर निकल जाती है और सीवेज प्रणाली में पहुंचती है। इनका असर अब जलीय जीवन, जल गुणवत्ता और यहां तक कि इंसानी डीएनए तक को प्रभावित कर रहा है।



# उन्नाव समाचार

## नशे की हालत में शराब ठेके के बाहर बेहोश मिली महिला

सुमेरपुर-हमीरपुर। दरियापुर की एक महिला शराब के नशे में धुत होकर ठेके के बाहर बेहोश हो गई। सूचना मिलने पर 112 की टीम मौके पर पहुंची और महिला को बेहोशी की हालत में एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। होश में आने के बाद महिला ने जमकर हंगामा कांटा और बगैर इलाज कराए अस्पताल से चली गई। डॉक्टरों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

## संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ जिसमें 48 मामले आये वही मौके पर पांच मामलों का निस्तारण

**पुरवा ।** एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ जिसमें 48 मामले आये वही मौके पर पांच मामलों का निस्तारण हुआ । हर बार की तरह इस बार भी सर्वाधिक भूमि संबंधित विवाद के मामले आए । हिलौली के जिला पंचायत सदस्य श्याम मिलन सिंह ने बताया हिलौली की ग्राम सभा मवई के पहाड़पुर में तालाब की सुरक्षित भूमि है जिस पर दबंग लोगों ने कब्जा कर रखा है जिस गांव में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई हैं 5 जुलाई को संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत दर्ज कराई थी किंतु किसी तरह के कार्रवाई नहीं हुई ।मंगत खेड़ा गांव निवासी संतोष पुत्र छोटेलाल ने बताया उसका मकान उसके खेत में बना है उसके खेत के सामने एक बीघा भूमि का पट्टा श्रीपाल पुत्र कल्लू को हुआ था किंतु उक्त भूमि के बाद भी ग्राम सभा की काफी जमीन पड़ी है जिससे लोगों का आना आना हैं किंतु उक्त व्यक्ति जेसीबी मशीन से वहां नाला खुदवा दिया जिससे आने.जाने का रास्ता बंद हो गया है ।लखनऊ के बिजनौर तहसील निवासी राम बिलास पुत्र स्वर्गीय गुरुदेव ने अपने शिकायती पत्र बताया ग्राम शंभू खेड़ा में उसके खेत हैं किंतु गांव के दबंग प्रवित्ति के लोगों ने उसके खेतों में कब्जा कर लिया है ।इस मौके पर राजस्व की 44 पुलिस के 3 विकास की 2 सहित कुछ 48 शिकायते आयी हैं जिनमें मौके पर पांच शिकायत का निस्तारण कर दिया गया । इस मौके पर तहसीलदार एसी ओ अजय कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव एसडीओ विद्युत एकोतवाल अमरनाथ यादव इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह आदि तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।

## ब्लाक प्रमुख राधा दुबे ने रसूलाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में बहाई विकास की गंगा




**ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि किशन दुबे के प्रतिनिधित्व के चार साल बेमिसालए जनता में सराहना**

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** ब्लाक प्रमुख रसूलाबाद राधा दुबे द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चार वर्षों में कराये गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा जा सकता है कि उन्होंने बिना भेदभाव किये क्षेत्र में पेयजल व नालो और सम्पर्क मार्गो के निर्माण में महत्व पूर्ण योगदान कर जनता को आवागमन कि सुविधाएं प्रदान की उनके अथक प्रयासों से रसूलाबाद विकास खंड में विकास की गंगा बहीण् विकास की गंगा बहाने में ब्लाक प्रमुख के पति किसन दुबे उर्फ़ छुन्नी की महती भूमिका रही।

ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि किशन दुबे छुन्नी की जोड़ी ने सीमित संसाधनों के बीच विकास कार्यों को कराकर रसूलाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर ही बदल दीण

ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि किशन दुबे ने चार वर्षों में कराये गए विकास कार्यों का ब्यौरा देते हुए बताया कि भाजपा सरकार में शुद्ध पेयजल और इंटरलाकिंग सम्पर्क मार्गो की सुविधा मिली जिससे ग्रामीण क्षेत्र की जनता के जीवन बदलाव आयाण

उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की जनता को साफस्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए दर्जनों वाटर कूलर लगवाए गए इसके साथ ही व्यापक रूप से इंटरलाकिंग सम्पर्क मार्गो का निर्माण कराकर ग्रामीण क्षेत्र की जनता को आवागमन की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई जिससे उनके व्यापार बढ़े घरों में खुशहाली आईण उन्होंने बताया कि ब्लाक प्रमुख ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने का प्रयास कर साप्ताहिक जनता दरवार भी शुरू कियाण् इससे जनता में उनके प्रति विश्वास और समर्थन बढ़ा और भाजपा ग्रामीण क्षेत्रों में काफ़ी मजबूत हुई। क्षेत्र में कराये गए विकास कार्यों से यह स्पष्ट होता है कि दोनों लोग विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जनता भी कराये गए विकाश से संतुष्ट देखी जा रही है।

## नेशन प्राइड शो की हुई ग्रूमिंग



21 जुलाई को होगा फिनाले

फैम डिवा के बैनर तले इंडियन इवेंट सॉल्यूशन्स के सहयोग से नेशन प्राइड मॉडलिंग शो की ग्रूमिंग उन्नाव हाईवे स्थित होटल द कशिश क्राउन में हुयी। नासिक से आई शो की डायरेक्टर सेजल पिल्ले और आर्गेनाइजर अविरल दोहरे ने कई जिलों से आए मेल फीमेल मॉडल्स को मॉडलिंग के गुर सिखाते हुए बताया कि आगामी 21 जुलाई दिन सोमवार को कशिश क्राउन होटल में ग्रैंड फिनाले होगा। संरक्षक इंद्र मणि मिश्रा संजय ने कहा कि इस शो से उन्नाव की प्रतिभाओं को भी मॉडलिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का अवसर मिलेगा। संयोजन कर रहे डॉ मनीष सिंह सेंगर ने बताया कि शो के फिनाले में सीधे वाइल्ड कार्ड एंट्री से उन्नाव और कानपुर की प्रतिभाओं को मिस्टर मिस और मिसेस ख़िताब के लिए प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रबंधन कर रहे राहुल कश्यपए कॉमेडियन लक्ष्य निगम और इंफ्लुएंसर फ़ैज़ उन्नाव सिटी रिव्यु ने कहा इस अवसर का लाभ ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागियों को लेना चाहिए। कशिश क्राउन के डायरेक्टर अभिषेक मिश्राए अवार्ड विनर टैटू आर्टिस्ट फ़राज़ जावेद और सहयोगी रेखा राना में ग्रूमिंग क्लास ले रहे मॉडल्स का उत्साहवर्धन किया। राहुल बाजपेईए कोरियोग्राफर तौफ़ीक़ए मेकअप आर्टिस्ट अंकित सहित कैमरा टीम हेड रोशन फ़ोटो हाउस का सहयोग रहा। नासिकए गोआए जमशेदपुर झारखंडए मुम्बईए कानपुर आदि कई जगह के मॉडल्स में मॉडलिंग की बारीकियां सीखीं।

## खण्ड शिक्षाधिकारी संघ के मनोज सिंह बने अध्यक्ष



रसूलाबाद कानपुर देहात । जनपद कानपुर देहात इकाई के खंड शिक्षा अधिकारी संघ की सर्वसम्मति से बैठक सम्पन्न हुई ।

बैठक में पूर्व कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया जिसमे श्री संजय गुप्ता को संरक्षक अध्यक्ष पद हेतु मनोज कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी अकबरपुर को निर्वाचित किया गया एवं महामंत्री पद हेतु अजीत प्रताप सिंह खंड शिक्षा अधिकारी सरवन खेड़ा को निर्वाचित घोषित किया गया एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु अजब सिंह खंड शिक्षा अधिकारी रसूलाबाद तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु आनंद भूषण खंड शिक्षा अधिकारी मलासा को निर्वाचित घोषित किया गया ।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजब सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों पर संघ के कार्यो को आगे बढ़ाने और सदस्यों के हितों की रक्षा की जिम्मेदारी है । अजब सिंह का रसूलाबाद में शिक्षकों द्वारा मालाए पहनाकर स्वागत किया गया ।

बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी शैलेश द्विवेदीए खंड शिक्षा अधिकारी ईश्वर कांत मिश्राए खंड शिक्षा अधिकारी चंद्र जीतए खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री सपना सिंह ए खंड शिक्षा अधिकारी अशोक सिंहए खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे ।

## प्रेमिका से संबंध होने के शक में राजमिस्त्री ने उतारा था जूती कारीगर को मौत के घाट

सुमेरपुर-हमीरपुर। गत 11 जुलाई को जूती कारीगर की ईंट से कूंचकर की गई हत्या का पुलिस ने पांचवें दिन खुलासा कर हत्यारोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय में हाजिर किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। हत्यारोपी प्रेमिका से मृतक के संबंध होने के शक में हत्या कर गायब हो गया था। पुलिस ने हत्या के खुलासे के लिए प्रेमिका के फोन की कांल डिटेल खंगालकर खुलासा किया। प्रेमिका का इस हत्या में किसी तरह का सहयोग साबित न होने पर पुलिस ने उसे रिहा कर दिया। सुमेरपुर कस्बे की इमिलिया बाड़ा मोहाल निवासी रामबिहारी का शव गत 11 जुलाई को घर के सामने पड़ोसी पूरनलाल के चबूतरे में पड़ा मिला था। पुलिस ने पुत्र की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफहत्या की रिपोर्ट दर्ज करके खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई थी। पुलिस ने कई संदिग्धों से पूंछतांछ की। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि पूंछतांछ में पता चला कि मृतक के घर के समीप रहने वाली एक महिला के अवैध संबंध हफीज अहमद निवासी इमिलिया बाड़ा स्थाई पता कुम्हारिया, पोस्ट अमगांव थाना राठ से थे। यह कस्बे में बहनोई के पास रहकर राज मिस्त्री का कार्य करता था। कार्य के दौरान इसकी मुलाकात इसी मोहाल की एक महिला मजदूर से हुई और दोनों के बीच अवैध संबंध हो गए। इसके बाद राजमिस्त्री का महिला के घर आना जाना हो गया। इसका विरोध मृतक रामबिहारी करता था। दस जुलाई की रात करीब 11.30 बजे महिला को कई बार फोन करने के बाद न उठाने पर वह शराब के नशे में धुत होकर महिला के घर पहुंचा। महिला के घर के बाहर चबूतरे में रामबिहारी को बैठा हुआ देखकर उसका पारा चढ़ गया और उसने पास पड़ी ईंट उठाकर चेहरे पर ताबड़तोड़ प्रहार करके उसे मौत के घाट उतारकर फरार हो गया। शक के आधार पर पुलिस ने महिला की कांल डिटेल निकाली और घटना के खुलासे के करीब पहुंच गई। हफीज के गिरफ्तार होने पर पुलिस ने घटना का पर्दाफाश करके हत्या में प्रयुक्त ईंट बरामद करके हत्यारोपी को न्यायालय भेजा। जहां से उसे जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रेमिका की किसी तरह की भूमिका न होने पर उसको रिहा कर दिया गया है।

## महिला घायल अवस्था में पड़ी मिली, अस्पताल रेफर

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली के लखनऊ कानपुर रेलमार्ग पर जगदीशपुर गांव के सामने एक महिला घायल अवस्था में पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से उसे सीएचसी भेजा। जहां हालत गम्भीर होने पर डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।
शनिवार की सुबह जब जगदीशपुर गांव के लोग शौच के लिए निकले तो गांव के पास से निकली कानपुर लखनऊ रेलवे लाइन के किनारे एक महिला घायल अवस्था में पड़े देखा। और मजमा लग गया। महिला सलवार सूट पहने थी और शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे जिससे खून बह रहा था।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने एंबुलेंस से उसे नवाबगंज सीएचसी भेजा। कोतवाली निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया घायल महिला की पहचान उसके पास से निकली एक छोटी बैग में रखे आधार कार्ड से हुई है। जिसका नाम मैशूल ;35द्ध वर्ष पत्नी असलम शेख है। वो दुबहा जिला लखीमपुर खीरी की रहने वाली है। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। महिला के किसी ट्रेन से गिरकर घायल हो होने की आशंका जताई जा रही है।

## एक काले मुँह वाले बन्दर खबर सोसल मीडिया पर वायरल

**नवाबगंज उन्नाव।** नगर पंचायत नवाबगंज में हाइवे पर स्थित चर्च स्कूल में विगत कई वर्षो से एक काले मुँह वाले बन्दर को चर्च स्कूल प्रसाशन बंधक बना कर रखे हुये था। शनिवार को इसकी खबर सोसल मीडिया पर वायरल हो गई। खबर को संज्ञान में लेते हुए वन विभाग की रेंज अधिकारी हिमन्द्री कुरील ने टीम के साथ शाम पांच बजे चर्च स्कूल पहुंच गई। और अंदर बंधक बने बन्दर को कब्जे में ले लिया। और मौके पर मिले स्कूल के सुपरवाइजर राधेलाल पादरी को कड़ी हिदायत देते हुए टीम बन्दर को साथ लेकर रवाना हो गई। रेंजर हिमन्द्री कुरील से बात करने पर बताया बन्दर को रेस्क्यू कर जंगल मे छुड़वा दिया गया है।

## दो आरोग्य सेंटरों का निरीक्षण


**पुरवा ।** जिले से आए स्वास्थ्य विभाग के डीसीपीएम जेबी पांडेय ने क्षेत्र के दो आरोग्य सेंटरों का निरीक्षण किया। डीसीपीएम सबसे पहले तुसरौर आरोग्य सेंटर पहुंचे। जहां मेंटिनेश रजिस्टर अपूर्ण मिलने पर नाराजगी जताते हुए सीएचओ गरिमा को एक सप्ताह में मेंटिनेश रजिस्टर पूर्ण करने के निर्देश दिए है।इसके बाद पिंजरा आरोग्य सेंटर पहुंचने पर वहां भी मेंटिनेश रजिस्टर अपूर्ण मिला।जिसपर डीसीपीएम जेबी पांडेय ने नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए है।डीसीपीएम जेबी पांडेय ने बताया कि मेंटिनेश रजिस्टर हर हाल में पूर्ण रखना है।बताया कि दोनों सेंटरों के सीएचओ को एक सप्ताह में कमियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है ।

## प्रभावी पैरवी कर हत्या के अभियोग में तीन अभियुक्तो को सश्रम आजीवन कारावास व 30,000 रुपये के अर्थदण्ड की दिलायी सजा

हमीरपुर। जनपद हमीरपुर थाना मौदहा में मुअसं. 43/18 धारा 302/34 भादसं में अभियुक्तगण चन्द्रपाल पुत्र विन्दा कोरी, रामू पुत्र विन्दा कोरी, पंचा पुत्र ललइया निवासीगण ग्राम नायक पुरवा इचौली थाना मौदहा जनपद हमीरपुर के विरुद्ध अभियोग 4 मार्च 2018 को पंजीकृत किया गया। जनपद हमीरपुर के आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोग मे जनपद हमीरपुर के अभियोग मे अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप आज न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम जनपद हमीरपुर द्वारा अभियुक्तगण चन्द्रपाल पुत्र विन्दा कोरी, रामू पुत्र विन्दा कोरी, पंचा पुत्र ललइया उपरोक्त को दोषसिद्ध करते हुए प्रत्येक को सश्रम आजीवन कारावास व 10,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। विवेचक निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह, अभियोजक एडीजीसी चन्द्रप्रकाश गोस्वामी, पैरोकार कांस्टेबल शुभम रहे। अभियुक्तगणो द्वारा वादी को गाली-गलौज करना तथा वादी के पिता जुग्गीलाल उम्र करीब 65 वर्ष को मारपीट से, गुप्तांग में पैर मार देने से बेहोश हो जाना तथा मृत्यु हो जाना।

# कानपुर देहात समाचार

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत



माती.कानपुर देहात। शिवली कोतवाली क्षेत्र में भेवान से केसरी निवादा राम गंगा नहर मार्ग पर केसरी निवादा गांव के समीप शुक्रवार की देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दोनो युवकों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी भिजवाया।जहां मौजूद डॉक्टरों ने घायल युवकों को मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही मृतक दोनों युवकों के घरों में कोहराम मच गया।।।
जानकारी के अनुसार रसूलाबाद थाना क्षेत्र के परसौरा के मजरा महकपुरवा गांव निवासी राजेश यादव का पुत्र शिवा यादव 22 वर्ष दादा नगर कानपुर नगर स्थित पारले जी बिस्कुट फैक्ट्री में नौकरी करता था।शुक्रवार की देर रात वह बाइक से जोत ग्राम पंचायत के मजरा डभारी गांव निवासी अपने साथी अनिरुद्ध यादव 23 वर्ष के साथ फैक्ट्री जा रहा था।अभी वह शिवली कोतवाली क्षेत्र के भेवान से केसरी निवादा राम गंगा नहर मार्ग पर केसरी निवादा गांव के समीप ही पहुंचा था कि सामने से चले आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।इससे बाइक सवार दोनो युवक लहूलुहान होकर गम्भीर रूप से घायल हो गए।दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके परिजनों को जानकारी देने के बाद उन्हें एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी शिवली भेजा।वहां मौके पर मौजूद डॉक्टर सिंदूजा सिंह ने जांच के बाद गम्भीर रूप से घायल दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया।इसकी जानकारी होते ही दोनों मृतकों के घरों में कोहराम मच गया।मृतक शिवा की मां जल देवी बदहवास हो गई।जबकि भाई कृष्णा अनुज पिता राजेश का रो रोकर बुरा हाल था।मृतक अनिरुद्ध की मां शांति पुत्र की मौत की खबर मिलते ही बेहोश हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक दोनों युवकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।क्राइम प्रभारी शीलेन्द्र यादव ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई है।फरार चालक समेत अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है ।

## जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस अंतर्गत तहसील भोगनीपुर में सुनी समस्याएं, दिये निर्देश

**अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण।**

**आईजीआरएस व तहसील दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण।**

**समस्त अधिकारी कराए गए वृक्षारोपण का शत प्रतिशत करें जिओ टैगिंग।**



माती कानपुर देहात यययजिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील भोगनीपुर सभागार में लोगों की समस्याओंध्शिकायतों को सुनकर गुणवत्तापूर्णए संतुष्टिपरकए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 102 शिकायतें प्राप्त हुईए जिसमें पांच शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त समस्याओंध् शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान देंए शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंए छोटे.छोटे मामलों को भी गंभीरता पूर्वक लेकर आवश्यक कार्यवाही की जायें। तहसील समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों की शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष लोगों द्वारा रखी गईए जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारी को शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराकरए निस्तारण आख्या से अवगत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस व तहसील दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।
अन्त में जिलाधिकारी द्वारा विगत 09 जुलाई 2025 को किए गए वृक्षारोपण का शत प्रतिशत जिओ टैगिंग कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।
मौके पर पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रए मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके सिंहए अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिग्विजय सिंहए डीएफओ एके पांडेयएउप जिलाधिकारी भोगनीपुरए तहसीलदार व नायब तहसीलदार भोगनीपुरए क्षेत्राधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सपाइयों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

हमीरपुर। आज उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों को बंद किए जाने के विरोध में समाजवादी पार्टी हमीरपुर द्वारा नगर मौदहा में जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी मौदहा के द्वारा राज्यपाल को 6 सूत्रीय मांगों सहित ज्ञापन सौंपा गया। सरकार के इस निर्णय से ग्रामीण अंचलों में विद्यालयों को बंद करने से आम जनता एवं शिक्षा प्रभावित होगी।जिससे प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले गरीब, मजलूम, बेसहारा बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। विद्यालयों के बंद होने से पढ़ाने वाले शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे एवं मिड डे मील भोजन बनाने वाले स्टाफव कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। इस मौके पर ओमप्रकाश सोनकर वारसी, घनश्याम साहू, लालता प्रसाद खंगार जिला अध्यक्ष मजदूर सभा, अभय प्रताप सिंह परिहार, सुनील यादव जिला अध्यक्ष सभा, जयप्रकाश वर्मा, रवि वर्मा प्रधान, वरदानी नेता, जीतू वर्मा, दीपक वर्मा, तबरेज खान, ज्ञान सिंह वर्मा, हलीम खान नगर अध्यक्ष, कलीम चौधरी ।

## न्यायालय कानपुर देहात के 13वें स्थापना दिवस पर मुलायम सिंह ने शीघ्र न्याय मिले पर दिया जोर

**माती कानपुर देहात ।** यायालय में आम जनमानस न्याय पाने के लिए आशा भ री निगाहें लेकर अधिवक्ताओं के पास आते हैं इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि उन्हें जल्दी से जल्दी न्याय दिलाया जाए ताकि उनका विश्वास बार और बेंच पर बना रहे ।

उक्त बातें मुलायम सिंह यादव एडवोकेट अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात ने जनपद न्यायालय कानपुर देहात के 13वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर अधिवक्ताओं के बीच कही ।
उन्होंने कहा कि हम सभी का एक ही मकसद न्याय दिलाना है इसलिए कानपुर नगर से कानपुर देहात न्यायालय 26 नवंबर 1985 ई को अलग बनाया गया इसके प्रथम जिला जज श्री डी ण्केण् अग्रवाल बने एलंबे अंतराल के बाद 19 जुलाई सन 2013 को कानपुर देहात में नवनिर्मित न्याय भवन में स्थापित हुई आज 12 वर्ष पूरे हो गए।

उन्होंने कहा कि जनपद न्यायालय कानपुर देहात के अंतर्गत 8 तहसीले है दो तहसीलों का प्रशासनिक क्षेत्राधिकार कानपुर नगर में है महिला थाना समेत 25 थाने हैं जिसमें 8 का प्रशासनिक क्षेत्र अधिकार कानपुर नगर में आता है यह देश का एक अनोखा जिला है जहां पर अधिवक्ताओं के लिए एक भी चैंबर नहीं है और न ही बार भवन है कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ता पन्नी डालकर खुले में बैठकर वकालत करते हैं न्यायालय में एक मात्र शौचालय है जिसमें दरवाजे व पानी नहीं है



जिससे न्यायालय में आए वादकारी महिला पुरुष खुले में शौच करते हैं यातायात का कोई प्रतीक्षालय नहीं है जब कि दो नेशनल हाईवे कानपुर . झांसी व कानपुर. दिल्ली के बीच न्यायालय भवन बना है कोई बस स्टॉप नहीं और न ही न्यायालय तक बसों का आवागमन है 12 वर्ष बीत जाने के बाद भी जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व अफसर किसी का ध्यान इस ओर नहीं गया जिससे घोर संकटों का सामना करना पड़ रहा है आज 12 वर्ष पूरे होने पर अधिवक्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए मिष्ठान का वितरण किया तथा इस अवसर पर बार अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव एडवोकेट ने एक बेल का पौधे का भी रोपण किया

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुलायम सिंह यादव एडवोकेट अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात ने की तथा संचालन महामंत्री अमर सिंह भदोरिया ने कियाण

इस मौके पर प्रमुख रूप से ए सर्व श्री रविंद्र नाथ मिश्राए सुबोध नारायण त्रिपाठीएरमेश चंद्र सिंह गौरएरामसनेही कुशवाहाए अरुण कुमार संखवारएरविंद्र राठौरएसंदेश कुमार पालएकौशल किशोर गौतमएरामकुमार कमलए जितेंद्र बाबूएमहेंद्र सिंहएसर्वेंद्र सिंहए विश्वनाथ सिंहएसुलेखा यादवएशमशाद खानएवकार अहमदए प्रीति त्रिपाठीएचंद्र लताए संगीता सिंहए गीता दिवाकरए रोहित शुक्लाएधर्मेंद्र यादवएसंजय कुमारएशिवेंद्र सिंह गौरएयदुराज सिंहएधर्मेंद्र यादवएवीरेंद्र कटियारए वीर सिंह यादवएयोगेंद्र यादवएबलराम सिंहएशिवमोहन मिश्राए आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे





## संपूर्ण समाधान दिवस का लेखपालों ने किया बहिष्कार



कानपुर। फैजुल्लापुर गावं में लेखपाल वेद प्रकाश पर हुए हमले के विरोध में नरवल तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान लेखपाल संघ ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर धरने पर बैठ गए। एसीपी चकेरी को ज्ञापन सौंप कर मांग की कि आरोपियों पर गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जाए।

साढ़ थाना क्षेत्र के फैजुल्लापुर गांव में अवैध कब्जेदारों ने लेखपाल वेद प्रकाश पर हमला किया। उन्होंने अभिलेख नक्शा भी छीन लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। लेखपाल का कहना है कि उन्हें इस हमले में गंभीर चोटें आई हैं। शनिवार को विरोध स्वरूप नरवल के लेखपाल समाधान दिवस पर पहुंचे। उन्होंने एसीपी चकेरी अभिषेक पांडे को ज्ञापन सौंपा। लेखपालों की मांग है कि आरोपियों पर गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए। नरवल तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। उन्होंने चिंता जताई कि पुलिस की ढिलाई से ऐसी घटनाएं बढ़ सकती हैं। विरोध प्रदर्शन में राजीव कुमार अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह, आलोक अवस्थी, अतुल तिवारी, राजेश राणा, अतुल वर्मा, शिखा सिंह, गरिमा सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

## जागेश्वर मंदिर परिसर में एतिहासिक दंगल 21 को

कानपुर। नवाबगंज स्थित जागेश्वर मंदिर परिसर में 21 जुलाई को एतिहासिक दंगल होगा। इस बार दंगल में देश के अलग-अलग राज्यों से 150 महिला व पुरूष पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। जिनका रजिस्ट्रेशन हो चुका है। यह जानकारी प्रेसवार्ता के दौरान श्री जागेश्वर महादेव प्रबंधक सभा के महामंत्री प्रान श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि एतिहासिक दंगल की तैयारियां जोर से चल रही हैं। मंदिर परिसर में अखाड़े की मिट्टी को मुलायम बनाने के लिए उसमें दूध, माथा, हल्दी मिलाया जाएगा, इस दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नीलिमा कटियार समेत अन्य अधिकारी भी शामिल होंगे। उधर दंगल संयोजक जितेंद्र पांडेय ने बताया कि इस बार बंगाल का पहलवान नकाबपोश भी हिस्सा ले रहा है, जो की कुश्ती के दौरान अपने मुंह को नकाब से ढके रहता है। इसी के साथ नेपाल से पहलवान शंकर थापा और पारस थापा, महिला पहलवान में शिवानी, ममता, रिया समेत अन्य कई महिला पहलवान भी पुरुष पहलवानों से टक्कर लेंगी। पदाधिकारी का कहना है कि ऐतिहासिक दंगल की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कुश्ती के लिए अखाड़े को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# सिद्धनाथ घाट में गंगा नहाने गए चार दोस्त, दो डूबे



**-सहमें किशोरों ने देर रात परिजनों को दी घटना की जानकारी**

**-रेस्क्यू जारी, 24 घाद भी नहीं लगा सुराग**

कानपुर। सिद्धनाथ घाट में गंगा नहाने गए चार दोस्तों में दो गहरे पानी में डूब गए। वहीं साथियों को डूबता देख किशोरों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। देर रात डरे-सहमें किशोरों ने परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने जाजमऊ थाने में सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने गंगा गोताखोर उतार रेस्क्यू अभियान शुरू किया। हालांकि 24 घंटे बीतने के बाद लापता किशोरों का पता नहीं चल सका ह।

चकेरी थाना क्षेत्र के नेताजी नगर में रहने वाले चार दोस्त सूरज, रौनक, राज और शुभम शुक्रवार देर शाम सिद्धनाथ मंदिर दर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान वह सिद्धनाथ घाट में गंगा स्नान को पहुंच गए। शुभम ने बताया कि सूरज और रौनक नहाने के दौरान गंगा में आगे की ओर चले गए, जबकि वह और राज पीछे थे। तभी अचानक सूरज और रौनक गहराई में समाने लगे, डूबने के दौरान उन लोगों ने शोर मचाना शुरू किया तो शुभम और रौनक की नजर पड़ी। इसके बाद उन्होंने बचाने का प्रयास किया, जिस पर वह दोनों भी गहराई में समाने लगे और वह गंगा से बाहर निकल आए। देर शाम होने के कारण घाट के आसपास सन्नाटा था। बाल-बाल बचे डरे सहमे किशोरों ने देर रात परिजनों और जाजमऊ पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मद्द से किशोरो की तलाश शुरू की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। आज सुबह तड़के सूरज और रौनक के परिजन सिद्धनाथ घाट पहुंचे, इस दौरान पुलिस ने गोताखोर उतार कर रेस्क्यू शुरू किया। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी लापता किशोरों का पता नहीं चल सका है। जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि सुबह से ही गोताखोर किशोरों की तलाश कर रहे हैं। हालांकि अभी उनका कुछ पता नहीं चल सका है। जल्द से जल्द ढूंढने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**बिन बताए निकले थे किशोर**

सूरज यादव के पिता चंद्रपाल ने बताया कि चारों बिना बताए घर से ही निकले थे। सूरज पीएसी मोड देख स्थित एक चाट की दुकान पर काम करता था। घटना के बाद से भाई निहाल, बहन सलोनी, मां गीता समेत परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है

## नून नदी संरक्षण से होगा ग्राम विकास और महिला सशक्तिकरण- सीडीओ



-स्वयं सहायता समूह की 60 महिलाओं को दिलाया जाएगा कमल की खेती का प्रशिक्षण

कानपुर। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने शनिवार को ग्राम पंचायत रामपुर नरूआ विकास खंड शिवराजपुर में नून नदी के उद्गम स्थल चढ़ारी तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कमल की खेती हेतु प्रशिक्षित चार स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद किया। महिलाओं ने बताया कि कमल की खेती के जरिए स्थानीय महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में एक नया अवसर मिला है। साथ ही नून नदी के परिक्षेत्र में चिन्हित स्थलों को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किए जाने की संभावना पर भी विचार किया गया। संबंधित ग्राम प्रधानों को इस संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए, जिससे नून नदी का यह अंचल एक समृद्ध प्राकृतिक पर्यटन स्थल के रूप में उभर सके। सीडीओ को बताया गया कि नून नदी के किनारे ग्राम पंचायत की भूमि पर शान्त्योदय लोक कल्याण सेवा समिति द्वारा एक स्वास्तिक पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही जिस स्थान से नदी के पुनर्जीवन का कार्य आरंभ हुआ था, वहां नून नदी के ऐतिहासिक संदर्भों से जुड़ा एक डैशबोर्ड भी स्थापित किया जाएगा।

यह उल्लेखनीय है कि नून नदी के जीर्णोद्धार कार्यक्रम से पूर्व रामपुर नरूआ तथा आसपास के ग्रामों में कोई भी स्वयं सहायता समूह सक्रिय नहीं था। परंतु इस नदी के पुनर्जीवन के दौरान एनजीओ के सहयोग से ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें समूहों के रूप में जोड़ा गया और इन्हीं समूहों ने श्रमदान कर नदी के पुनर्जीवन में भागीदारी निभाई। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग को नून नदी का अंतिम ड्रोन सर्वे कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने बताया कि कमल की खेती से बनने वाले उत्पादों के निर्माण हेतु विस्तृत कार्ययोजना नाबार्ड को प्रेषित की जा चुकी है। शिवराजपुर विकास खंड की तीन ग्राम पंचायतों यथा नदीहा बुजुर्ग, नदीहा खुर्द एवं रामपुर नरूआ में संचालित पाँच स्वयं सहायता समूहों की लगभग 60 महिलाओं को कमल की खेती का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अगले सप्ताह रामपुर नरूआ और नदीहा बुजुर्ग में स्थित तालाबों में कमल के बीजों की बुआई की जाएगी। प्रशिक्षित महिलाओं को उत्पाद निर्माण हेतु आवश्यक मशीनें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अभिनव योजना में जय सिंह गौरी महिला समूहए शिव महिला समूह, जय ब्रजदेव और जय माता दी स्वयं सहायता समूह भागीदारी कर रहे हैं। साथ ही नून नदी से निकाली गई जलकुंभी के उपयोग से जैविक खाद बनाने की दिशा में भी कार्ययोजना तैयार की जा रही हैए जिससे कृषकों को टिकाऊ खेती में लाभ मिल सके। सीडीओ ने कहा कि नून नदी के संरक्षण से ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के नए स्त्रोत मिल रहे हैं। यह प्रयास न केवल जल स्त्रोतों की रक्षा कर रहा है, बल्कि ग्राम स्वावलंबन, जैविक कृषि और महिला सशक्तिकरण का प्रेरक उदाहरण भी बन रहा है।

## खराब स्ट्रीट लाइटों को लेकर जोनल कार्यालय में प्रदर्शन

कानपुर। स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर शनिवार को पार्षदों ने नगर निगम जोन-5 कार्यालय में धरना दिया। पार्षदों का कहना है कि शहर की अधिकत्तर मार्ग प्रकाश लाइटें कई महीनों से खराब पड़ी हैं। वार्ड 72 के पार्षद गुंजन शर्मा ने जोनल अधिकारी पर काम न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। धरने में वार्ड 72 की पार्षद वंदना शर्मा, वार्ड 2 के पार्षद पति राकेश निषाद और वार्ड 51 के पार्षद सुधीर यादव शामिल थे। पार्षदों ने नगर आयुक्त और मेयर को संबोधित एक ज्ञापन जोनल अधिकारी को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा पार्षद गुंजन शर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि लगातार अधिकारियों से स्ट्रीट लाइट मामले की शिकायत की गई, लेकिन उसमें सुधार नहीं किया गया।

# डंपर ने मारी टक्कर, कार के उड़े परखच्चे, चालक घायल



-हाइवे पर लगा भीषण जाम

कानपुर। बिधनू में तेज रफ्तार कार की सामने से आ रहे डंपर से भिड़ंत हो गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में उर्सला के लिए रेफर कर दिया। हादसे के बाद भीषण जाम लग गाया। पुलिस ने वाहनों को किनारे करवाकर यातयात बहाल कराया है।

आवास विकास-3 पनकी रोड निवासी कौशल कुमार त्रिवेदी कार लेकर घाटमपुर से कानपुर की ओर जा रहे थे। तभी बिधनू थाना क्षेत्र के माधवबाग के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे डंपर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। चालक कार में ही फंस गया। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने कार चालक को कड़ी मशक्कत से बाहर निकालकर बिधनू सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर युवक को गंभीर हालत में कानपुर जिलास्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद कानपुर-सागर हाइवे पर यातयात ठहर गया। इस दौरान कानपुर की ओर बिनगवा तक और घाटमपुर की ओर रमईपुर तक जाम के हालात बन गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे करवाकर हाइवे पर यातयात बहाल कराया है। इस दौरान लगभग एक घंटे तक हाइवे पर यातयात ठहरा रहा। बिधनू थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फरार चल रहे दीनू के भाई संजय उपाध्याय को पुलिस ने भेजा जेल



**चकेरी, कोतवाली व नवाबगंज थाने में दर्ज हैं कई मुकदमें**

**कानपुर।** बसपा नेता पिंटू सेंगर हत्या के मामले में जेल में बंद दीनू उपाध्याय के भाई संजय उपाध्याय को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उस पर जमीन कब्जाने, लूट और 50 लाख रंगदारी मांगने का आरोप लगा था। जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। इसके अलावा संजय के खिलाफ नवाबगंज, चकेरी, कोतवाली थाने में 4 मुकदमे दर्ज हैं।

लाल बंगला काजीखेड़ा निवासी मनोज कुमार गुप्ता ने वर्ष 2022 में जमीन कब्जाने, लूट, 50 लाख रंगदारी मांगने के आरोप में चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 3 नवंबर 2022 को उनके प्लाट पर रामभरोसे दुबे, अमन शुक्ला, नीरज दुबे, अनूप शुक्ला, रचित पाठक, दीपक जादौन समेत 20 से 25 अज्ञात लोग आए और निर्माण गिरा दिया। विरोध करने पर मारपीट कर जमीन के बदले 50 लाख रंगदारी मांगी। साथ ही बेटे की जेब में पड़े 25 हजार छीन लिए। मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी। जांच में एडवोकेट दीनू उपाध्याय व उसके भतीजे मनु उपाध्याय, भाई संजय उपाध्याय, नारायण सिंह भदौरिया, दीपक जादौन का नाम सामने आया था। जिसके बाद से संजय उपाध्याय फरार चल रहा था। जिसके बाद आज क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को सीजेएम सूरज मिश्र की कोर्ट में पेश किया, जिसके बाद उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। संजय के खिलाफ नवाबगंज में हत्या के प्रयास, एससी-एसटी, आर्म्स एक्ट, कोतवाली में मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी समेत 4 मुकदमे दर्ज हैं।

## खबर एक नजर

### मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में नानाराव पार्क में 51 पौधे लगाए गए



**कानपुर ।** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में सुविख्यात समाज सेवी एवं उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल जी महाराज जी की प्रेरणा से नानाराव पार्क में 51 पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ कानपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री सुनील बजाज जी एवं श्री हंस मंदिर प्रभारी साध्वी चंदन बाई जीए साध्वी मुदिता बाई जीएसाध्वी पदमा बाईए नीलम बाई द्वारा किया गया। साध्वी चंदन जी ने कहा कि प्रकृति अपना स्वभाव बदल रही है जो चिंता का विषय है। अतरू हम सभी का कर्तव्य है कि वनीकरण जैसे अभियान से जुड़कर प्रकृति को बचाने में अपना योगदान दें। जिला सचिव शैलेंद्र पाल ने बताया समित द्वारा 5 से 20 जुलाई तक भारत वर्ष में लगभग 1 लाख छायादार और फलदार वृक्षों के पौधे लगाए जा रहे हैं इसी कड़ी में कानपुर की सभी शाखाओं में लगभग 1100 पौधे लगाए जा चुके हैं।इस अवसर पर संस्था के शैलेंद्र पालए मनीष मौर्याएसंदीप गुप्ताए रामासरे पोरवालए अभिषेक सोनीए मिथलेश सोनीएप्रमिला पोरवालए अमित यादवए लक्ष्मी नारायण शर्माए करन कठेरियाएप्रियंका गुप्ता एसोनी सैनीए रुचि मिश्राए विजय जायसवालएगोलू पालएआदि लोग उपस्थित रहे।

### सहोदया स्कूल ने किया वार्षिक मेधावी पुरस्कार समारोह का आयोजन



**कानपुर।** सहोदया स्कूल्स ने वार्षिक मेधावी पुरस्कार समारोह का आयोजन किया। इस प्रतिष्ठित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एचबीटीयू के कुलपति प्रोफेसर शमशेर व आईआईटी कानपुर के आधारभूत संरचना एवं योजना विभाग के प्रोफेसर जे रामकुमार एवं प्रोफेसर अमनदीप सिंह शामिल हुए।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद गुरु नानक मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शिक्षा के विषय पर एक इंडो वेस्टर्न नृत्य प्रस्तुति हम दीप शिक्षा के हैं द्वारा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सम्मान समारोह का आरंभ के एस एस टॉपर्स को सम्मान देने के साथ हुआ। इसके बाद सभी 102 विद्यालयों के टॉपर्स को चमचमाती ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिक्षा अधिकारियों से पुरस्कार प्राप्त करते हुए टॉपर्स के चेहरे गर्व की मुस्कान से दमकते दिखाई दिए। विद्यार्थियों को मेहनत करने और सफलता प्राप्त करने के लिए लगन के साथ अपनी रुचियों का अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी व्यवस्थाएं कोर कमेटी के सदस्यों डॉ बलविंदर सिंह, रीता सक्सेना, शोभा दास, श्रद्धा शर्मा, शिल्पा मनीष, मीनू गोसाई, प्रियंका सहगल, साधना पांडे और शैला वाली द्वारा कुशलता पूर्वक संचालित की गई।

### मंगलवार व गुरूवार को डीएम सुनेंगे असलहों के मामले

कानपुर। असलहा पर होने वाली कार्रवाई को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह अब हर मंगलवार और गुरुवार को इन समस्याओं को सुनेंगे। आपको बता दे कि पिछले कई वर्षों से कानपुर में असलाहों के नए लाइसेंस नहीं बन रहे हैं। वहीं वरासत वाले लाइसेंस में भी लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।इसलिए जिलाधिकारी ने यह फैसला लिया है कि अब हफ्ते में 2 दिन इन समस्याओं को भी सुना जाएगा और तुरंत निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जनता दर्शन के दौरान वरासत वाले असलहों को लेकर काफी शिकायतें मिल रहीं थी। लोग वरासत के लिए काफी भटक रहे हैं। आए दिन कोई ना कोई शिकायतें जनता दर्शन में आ रही हैं। अब इसे प्राथमिकता के साथ निपटाया जाए, इसको लेकर के फैसला किया है कि हफ्ते में दो दिन जिन लोगों के विरासत के लाइसेंस है और किन्ही कारण से नहीं हो पा रहे हैं। वह लोग अपनी समस्या जनता दर्शन में लेकर आएंगे। उसे समझा जाएगा इसके बाद उसके निस्तारण के लिए आगे की प्रक्रिया की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि अभी नए लाइसेंस नहीं बनेंगे। पुराने प्रकरण को लेकर जो जांच चल रही है वह अभी चलती रहेगी, जब वह जांच पूरी हो जाएगी। इसके बाद ही जब आदेश आएंगे तब नए लाइसेंस की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए स्वैच्छित रक्तदान शिविर का आयोजन



**-डीएम की अपील, रक्तदान कर मानव सेवा में दें अपना योगदान**

**कानपुर।** नागरिक सुरक्षा प्रखंड द्वारा शनिवार को नवाबगंज स्थित विजय स्मृति गेस्ट हाउस में थैलेसीमिक्स संस्था के साथ उनके 225 थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि थैलीसीमिया एक आनुवंशिक बीमारी है, जिसमें मरीजों को जीवन भर बार-बार रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। एक यूनिट रक्त तीन जिंदगियों को बचा सकता है। मैं सभी स्वस्थ लोगों से अपील करता हूं कि वे नियमित रूप से रक्तदान कर मानव सेवा में अपना योगदान दें। रक्तदान शिविर में 35 रक्तदानियों ने पंजीकृत कराया, जिसमें 26 लोगों ने ब्लड डोनेट किया। उप नियंत्रक शिवराज सिंह, वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक विष्णु कुमार शर्मा, विमलेश यादव, प्रभारी सहायक उपनियंत्रक प्रवीन वर्मा, डिविजनल वार्डन धनंजय नारायण सिंह, राजीव सिंह ने जिलाधिकारी को बुकें देकर स्वागत किया गया। रक्तदान शिविर में नवाबगंज प्रखंड के वार्डनों एवं क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कानपुर थैलेसीमिक्स के प्रमुख बी भट्टाचार्य उनके सभी कार्यकारी समिति के सदस्य एवं जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की टीम का विशेष योगदान रहा। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की व्यवस्था स्टाफ अधिकारी ददन मिश्रा एवं पोस्ट वार्डन प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। डिप्टी डिवीजनल वार्डन बृजेंद्र कुमार अग्निहोत्री, राजकुमार अग्रवाल, धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी, जयप्रकाश साहू, संतोष कुमार गुप्ता, दुर्गेश कुमार निषाद, सौरभ श्रीवास्तव, राजेंद्र त्रिवेदी, रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, धर्मेंद्र शुक्ला आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर श्री चित्रगुप्त पूजन सेवा समिति की अध्यक्ष वंदना निगम, चित्रांशी सेवा कल्याण समिति के महामंत्री विष्णु सहाय, नवाबगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी, शुभम श्रीवास्तव एवं क्षेत्र की गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कमिश्नरेट पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान




कानपुर। शहर में युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने के उद्देश्य से कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी और सराहनीय पहल की है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार और सांसद रमेश अवस्थी की विशेष पहल पर शनिवार को साउथ जोन में ऑपरेशन हौसला नामक अभियान की शुरुआत की गई है। जिसका नेतृत्व एडीसीपी साउथ ने किया। इस अभियान के तहत बाबूपुरवा एसीपी समेत किदवई नगर थाने की पुलिस ने स्थानीय इलाकों में सघन जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों, खासकर युवाओं को सूखे नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया और उनसे नशे से दूर रहने की अपील की। डीसीपी साउथ ने बताया कि ऑपरेशन हौसला का उद्देश्य केवल नशे का सेवन करने वालों को रोकना है। इस अभियान के तहत बाबूपुरवा एसीपी समेत किदवई नगर थाने की पुलिस ने स्थानीय इलाकों में सघन जागरूकता अभियान चलाया। डीसीपी साउथ ने बताया कि ऑपरेशन हौसला का उद्देश्य केवल नशे का सेवन करने वालों को रोकना नहीं, बल्कि नशे की ओर बढ़ते रुझान को जड़ से खत्म करना है। इसके तहत स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और मोहल्लों में जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जाएंगे ।

## जिलाधिकारी के निर्देशानुसार नागरिक सुरक्षा कोर प्रखंड नवाबगंज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



**कानपुर नगर.**शनिवार को नागरिक सुरक्षा कोर प्रखंड नवाबगंज कानपुर के द्वारा कानपुर थैलेसीमिक्स संस्था के साथ उनके 225 थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार विजय स्मृति गेस्ट हाउस सब्जी मंडी रोड नवाबगंज कानपुर में आयोजित किया गया जिलाधिकारी महोदय द्वारा रिबन काट कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया एवं शिविर में आए रक्तदानियों का उत्साहवर्धन किया रक्तदान शिविर में 67 रक्तदानियों ने पंजीकृत कराया जिसमें 26 लोगों ने ब्लड दिया उप नियंत्रक श्री शिवराज सिंह वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक विष्णु कुमार शर्मा विमलेश यादव प्रभारी सहायक उपनियंत्रक प्रवीन वर्मा डिविजनल वार्डन धनंजय नारायण सिंह राजीव सिंह द्वारा जिलाधिकारी नियंत्रक महोदय को बुकें देकर स्वागत किया गया रक्तदान शिविर में नवाबगंज प्रखंड के वार्डनों एवं क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कानपुर थैलेसीमिक्स के प्रमुख बी भट्टाचार्य उनके सभी कार्यकारी समिति के सदस्य एवं जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की टीम का विशेष योगदान रहा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की व्यवस्था स्टाफ अधिकारी ददन मिश्रा एवं पोस्ट वार्डन श्री प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा किया गया डिप्टी डिवीजनल वार्डन बृजेंद्र कुमार अग्निहोत्री राजकुमार अग्रवाल धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी जयप्रकाश साहूएसंतोष कुमार गुप्ता दुर्गेश कुमार निषाद सौरभ श्रीवास्तव राजेंद्र त्रिवेदी रत्नेश कुमार श्रीवास्तव धर्मेंद्र शुक्ला आदि का सराहनीय योगदान रहा रक्तदान करने वाले स्वयंसेवक धनंजय नारायण सिंह सुशील कुमार कश्यप संजय सिंह रवि दोषी शुभ्रा श्रीवास्तव अर्पूव शुक्ला विकास कुमार दुर्गेश कुमार निषाद दीपक श्रीवास्तव रिचा झा साधना द्विवेदी चंद्र प्रताप सिंह राजेश गुप्ता व अन्य क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा किया गया श्रीमती वंदना निगम विष्णु सहाय मनीष त्रिपाठी शुभम श्रीवास्तव एवं क्षेत्र की गणमान्य नागरिक उपस्थित है

## मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने किया ऐतिहासिक नून नदी का सर्वे

**शिवराजपुर संवाददाता ।** शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर दीक्षा जैन नून नदी के उद्गम स्थल व जीर्णोद्धार की प्रगति का अवलोकन करने रामपुर नरुवा गांव पहुंची व कमल ककड़ी की खेती हेतु प्रशिक्षित 04 स्वयं सहायता समूह से कमल की खेती किये जाने के संबंध में सामूहिक चर्चा की। एवं नून नदी के परिक्षेत्र के अन्तर्गत स्थानों को चिन्हित करते हुए पिकनिक स्पॉट बनाए जाने हेतु भी सुझाव सम्बन्धित ग्राम प्रधानों को दिये जिससे नून नदी क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। नून नदी के समीप स्थित ग्राम पंचायत की भूमि पर शान्त्योदय लोक कल्याण समिति संस्था के माध्यम से एक स्वास्तिक पार्क भी निर्मित किया जा रहा है एवं जिस स्थान से नून नदी के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ हुआ था उस स्थान पर नून नदी के इतिहास संबंधी डैशबोर्ड स्थापित करने के लिए भी कहा गया। नून नदी के जीर्णोद्धार कार्यक्रम से पूर्व ग्राम पंचायत रामपुर नरूआ एवं अन्य सीमावर्ती ग्रामों में एक भी स्वयं सहायता समूह का संचालन नहीं था किंतु नून नदी के जीर्णोद्धार के समय ग्राम रामपुर नरूआ एवं अन्य सीमावर्ती ग्रामों में एनजीओ के माध्यम से ग्राम पंचायत की महिलाओं को इसके लिए प्रेरित करते हुए स्वयं सहायता समूहों का गठन कराया गया जिनके द्वारा नून नदी के जीर्णोद्धार में श्रमदान किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण किए जाने हेतु भी प्रेरित किया गया एनजीओ संचालक आदित्य तिवारी द्वारा अवगत कराया कि कमल की खेती के माध्यम से बनने वाली वस्तुओं के निर्माण हेतु कार्य योजना नाबार्ड को प्रेषित की गई है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता सिंचाइ विभाग को नून नदी का अंतिम ड्रोन सर्वे कराए जाने के निर्देश दिए गए व कमल ककड़ी की खेती सम्बन्धी योजना में विकास खण्ड शिवराजपुर के अन्तर्गत 03 ग्राम पंचायतों कमशः नदीहा बुजुर्गए नदीहा खुर्द एवं रामपुर नरूवा में संचालित 05 स्वयं सहायता समूहों की लगभग 60 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा तथा ग्राम पंचायत रामपुर नरूआ एवं नदीहा बुजुर्ग में स्थित तालाबों में कमल की खेती के बीज की बुआई का कार्य अगले सप्ताह किया जायेगा। समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण के उपरांत कमल की खेती से बनने वाले उत्पाद हेतु आवश्यक मशीनरी भी उपलब्ध कराई जायेगी। उक्त योजना में जय सिंह गौरी महिलाए शिव महिलाए जय ब्रजदेव एवं जय माता दी स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। नून नदी के जीर्णोद्धार के समय नून नदी से निकाली गई जलकुम्भी से कृषकों द्वारा जैविक खाद का निर्माण कराये जाने की कार्ययोजना भी तैयार की जा रही है ।

## सचौली में मिले अज्ञात युवक के शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव। बीते दिन साढ़ थाना क्षेत्र के सचौली स्थित पांडु नदी पुल के पहले बनी पुलिया के नीचे सुबह सुबह अज्ञात युवक का शव देख सनसनी फैल गई थी स्थानीय पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन 48 घंटे बाद भी अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

शुक्रवार सुबह सचौली कस्बे के आगे पांडु नदी पुल के पहले दाई ओर पुलिया के नीचे अज्ञात युवक का पानी में औंधे मुंह पड़ा शव देख सनसनी फैल गई थी मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त कराए जाने के भरसक प्रयास किए गए लेकिन दो दिन बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात युवक की उम्र 25 से 30 के बीच है नीले रंग का अंडरवियर और सफेद रंग की बनियान तथा काले रंग के चप्पल पहने हुए जिसके हाथ में विजय निषाद गुदा हुआ है थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि शव को मोर्चरी में रखा गया है तथा शिनाख्त के हर संभव प्रयास किए जा रहे है।

## मजदूरी के बहाने युवक को ले जाकर गायब करने का आरोपए पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र की भीतरगांव चौकी क्षेत्र के कंठीपुर गांव निवासी युवक को मजदूरी करने के बहाने ले जाकर गांव निवासी युवकों द्वारा गायब कर देने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने साढ़ थाना पुलिस को लिखित शिकायती पत्र दिया। कंठीपुर निवासी कमला देवी पत्नी राम प्रताप पासवान ने तहरीर देते हुए बताया कि 14 जुलाई को मेरे पुत्र सरवन 35 जो अविवाहित है जिसे सुनील पुत्र अज्ञात जो गांव निवासी मामा चंद्रिका कुरील के यहां रहता है एवं गांव निवासी बड़के कुरील और राजू ने घाटमपुर में मजदूरी में काम करने की बात कहकर घर से ले गए थे तब से वह घर नहीं वापस आया है काफी खोजबीन करने के बाद पता न चलने पर पीड़ित ने थाना पुलिस से गुहार लगाई थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है जांचकर कार्यवाही की जा रही।

### नियमों के विरुद्ध किया जा रहा है स्कूल का समायोजन

घाटमपुर। सजेती क्षेत्र के घुरऊपुर में चल रहे परिषदीय स्कूल का विलय लखपेड़ा में किए जाने का विरोध शनिवार को समाधान दिवस में पहुंचा। समस्याएं सुन रहे एसडीएम मनीष कुमार को गुप्ताजी ;भरभूंजाद्धए धर्मेंद्र रामकिशोरए मोहर सिंहए रामजीवन राधेश्यामए महेश प्रजापति संदीप प्रजापति आदि लोगों ने घुरऊपुर में चल रहे परिषदीय स्कूल का विलय लखपेड़ा में किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि उनके यहां घुरऊपुर में जहां 32 बच्चे हैं वहीं लखपेड़ा में बच्चे होने के बाद भी लखपेड़ा में विलय किया जाना गलत है। एसडीएम ने खण्ड शिक्षा अधिकारी से जानकारी करने के साथ शिकायत का निस्तारण करने को कहा।

# तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं



**बिल्हौर ।** कानपुर जनपद के बिल्हौर ब्लॉक सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किया गया। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह एवं डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी एवं सीडीओ दीक्षा जैन ने संयुक्त रूप से बिल्हौर तहसील परिसर में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। कुल 160 शिकायतें दर्ज की गई जिसमें 19 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बिल्हौर तहसील के गदनपुर चोरसा के ग्राम प्रधान धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने दो शिकायत की जिसमें प्रथम में उन्होंने गांव के लिंक रोड पर बिना अनुमति फैक्ट्री लगाने की शिकायत की और दूसरी शिकायत में उन्होंने पूर्व रोजगार सेविका नीलम पाल पर मनरेगा कार्यों में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया। वहीं बिल्हौर नगर के एक मोहल्ले के निवासी एक वृद्ध दंपत्ति ने अपने बेटे और बहु पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। जिलाधिकारी एवं पुलिस उपायुक्त पश्चिम महोदय ने फरियादियों द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक आवेदन.पत्र को गंभीरता से ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित थानों एवं विभागों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया और कहा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए।

वहीं डीसीपी पश्चिम ने यह भी सुनिश्चित किया कि प्रार्थना पत्रों का रिकॉर्ड तैयार किया जाए और प्रत्येक शिकायतकर्ता को नियमित रूप से अपनी शिकायत की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त हो। डीएम ने कुम्हारों को प्रमाण पत्र एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले लेखपालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।

इस मौके पर एडीसीपी कपिल देव सिंह एसीपी अमरनाथ यादव एसडीएम संदीप दीक्षित तहसीदार अनुभव चंद्रा सहित तहसील के अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहें।

## चोरी का अड्डा बन गया शिवराजपुर गल्ला मंडी



**शिवराजपुर संवाददाता ।** गल्ला मंडी शिवराजपुर में आएदिन हो रही गल्ले की चोरियों से नाराज़ आढ़तियों ने मंडी का गेट बंद कर के जोरदार प्रदर्शन किया मंडी के आढ़तियों ने पुलिस पर भी चोर को न पकड़ कर आढ़तियों को ही हड़काने का आरोप लगाया। शिवराजपुर थाना क्षेत्र के महासरन निवादा गांव के सामने शिवली रोड के किनारे सरकारी गल्ला मंडी स्थित है। गल्ला मंडी में सुधीर कटियार की विजय लक्ष्मी ट्रेडर्स अजय कुमार की जय मां शारदा ट्रेडिंग कंपनी मंडी के नजदीक विनय तिवारी की आढ़त से अनाज की बोरियों की चोरी सहित कस्बे में अलग.अलग दुकानों में भी बीते कुछ दिन के अंतराल में चोरियाँ हुईं हैं। आए दिन होने वाली चोरी की घटनाओं से परेशान आढ़तियों ने आज शनिवार को मंडी के मेनगेट पर प्रदर्शन करते हुए काम ठप कर प्रशासन से घटनाओं पर कार्रवाई की मांग की। मंडी गेट बंद होने से अनाज लेकर पहुँचें क्षेत्रीय किसानों का भारी जमावड़ा लग गया। आढ़तियों ने पुलिस प्रशासन पर व्यापारियों को ही धमकाने का आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया इस दौरान शिवराजपुर आढ़त संघ अध्यक्ष जितेश कटियार छुन्ना व अन्य आढ़ती लल्लन त्रिवेदी विनोद कटियार बउवा बाजपेयी राजू कटियार अजय कटियारए अमित बाजपेई अभिषेक राठौर विनय तिवारी सत्यम राठौर रिंटू कटियार सहित दर्जनों आढ़ती मौके पर मौजूद रहे। जानकारी मिलने पर एसीपी बिल्हौर अमरनाथ यादव ने गल्ला मंडी पहुँचकर आढ़तियों व सुरक्षा गार्डों से जानकारी ली। उन्होंने शिवराजपुर थानाध्यक्ष व हल्का इंचार्ज को चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया। उन्होंने व्यापारियों से भी चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया एवं मंडी को सुचारू रूप से संचालन करने को कहा ।

## अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**उन्होंने रजिस्टरों के मेंटेनेंस में सुधार लाने के दिए निर्देश मुख्य रूप रूप से बीएचएनडी का किया निरीक्षण**

**घाटमपुर।** अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉव रमित रस्तोगी ने शनिवार को सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। सुबह 10 बजे के करीब उन्होंने ओपीडी व इमरजेंसी सेवाओं के निरीक्षण के बाद बीएचएनडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि सीएचसी में रजिस्टरों को ठीक से मेंटेन नहीं किया जा रहा है। जिन्हें दुरुस्त किए जाने के उन्होंने निर्देश दिए। बाकी निरीक्षण में उन्हें आल इज वेल मिला। एसीएमओ ने महिला एवं प्रसवोत्तर केंद्र का भी निरीक्षण किया। साथ ही वार्ड में भर्ती महिलाओं से उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। एसीएमओ डॉव रमित रस्तोगी ने बताया कि उनके निरीक्षण का उद्देश्य सीएचसी की व्यवस्थाओं में सुधार करना और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था।

## समाधान दिवस में अपर ज़िलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

ऽकुल आई 83 शिकायतों में 13 का हुआ निस्तारणए जिनमें 39 सिर्फ राजस्व विभाग की रहीं

घाटमपुर। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचें अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति संजय कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनने के साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।समाधान दिवस में सबसे ज्यादा 39 शिकायतें राजस्व विभाग की आई। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने राजस्व टीम को मौके पर भेजकर शिकायतों का निस्तारण कराए जाने के एसडीएम मनीष कुमार को निर्देश दिए। उन्होंने समस्याएं सुनने के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों से शासन की मंशा के अनुसार काम करने को भी कहा।वहीं नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से जमीनों पर अवैध कब्जोंए पारिवारिक विवादों आदि से संबंधित आई शिकायतों को एसडीएम व तहसीलदार डॉक्टर अंकिता पाठक ने भी सुनी।पुलिस से संबंधित आई शिकायतों को एसीपी कृष्णकांत यादव ने सुनने के साथ संबंधित थाना प्रभारियों को समाधान के लिए निर्देशित किया।इनके अलावा आई शिकायतों में खण्ड विकास अधिकारी 11एपुलिस विभाग 15एविद्युत विभाग 07एनगर पालिका परिषद 01एआपूर्ति विभाग 03एसमाज कल्याण02ए खण्ड शिक्षा अधिकारी घाटमपुर 01एस्वास्थ्य विभाग से संबंधित 01 कुल आए 83 प्रार्थना पत्रों में 13 का निस्तारण कराया गया।

## परिषदीय स्कूलों में सफाई की बच्चों को दिलाई गई शपथ

घाटमपुर। एक जुलाई से शुरू हुए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का असर परिषदीय स्कूलों में भी दिखाई देने लगा है। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार कुशवाहा द्वारा आभियान की समीक्षा के साथ अधिकारियों को भेजी जा रही है। जिसे पोर्टल में भी दर्ज किया जाना है।एक जून से शुरू हुए अभियान के तहत गांवों में कहीं जल भराव न होनेए विद्यालयोंए गलियों व नालियों की सफाई कराई जा रही है। सफाई कर्मियों की मॉनिटरिंग ब्लॉक स्तर पर एडीओ पंचायत विनोद कुमार झा खुद कर रहे हैं।डब्ल्यूएचओ द्वारा भी जा रही है। इसके बाद ब्लीचिंग डलवाने की भी तैयारी की जा रही है। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वह खुद सफाई कर्मियों के अलावा शिक्षकों द्वारा कराई जा रही सफाई कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सभी शिक्षकों को समय से ब्लीचिंग का छिड़काव व सफाई करवाने के लिए भी निर्देशित किया गया है। स्कूलों व घरों तथा आस पास सफाई रखने के लिए भी बच्चों को शिक्षकों ने शपथ दिलाई।

## सपा कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक विद्यालयों के आपस में विलय करने के सरकार के निर्णय को बताया जनविरोधी



**बिल्हौर ।** सपा बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने बिल्हौर विधानसभा के ककवन ब्लॉक के चांदे ताल गांव में प्राथमिक विद्यालयों के आपस में विलय करके एकीकरण करने के निर्णय के विरोध में बैठक करके इस निर्णय को जन विरोधी बताया। सपा बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार पीडीए सहित गरीब वर्ग से शिक्षा का मूल अधिकार छीनने का कार्य कर रही है जिससे भविष्य में सामाजिक असमानता बढ़ेगी और स्कूलों की संख्या कम होने से बेरोजगारी में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर मुख्य रुप से मेवालाल गौतम विनय यादव अनुराग सविता शीलू पाल सौरभ पाल अंकित चक्रवर्ती शिव नाथ यादव शादाब खान गोरे लाल दोहरे ललित कुशवाहा छोटे सिसौदिया राजू सिसौदिया राहुल यादव राजकिशोर सिसौदिया शिव सिंह यादव विजय यादव रामगोपाल यादव आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मजदूर ने घर में फांसी लगाकर की आत्म हत्या मचा कोहराम

**-शादी के 11 साल बीत जाने के बाद भी नहीं हुए थे बच्चेए मानसिक रूप से रहता था परेशान**



**घाटमपुर।** सजेती कस्बे के एक घर में बीती रात उस समय कोहराम मच गया जब घर के अन्दर मजदूर का शव फांसी पर झूलता देखा गया। रात को सोते से उठकर मजदूर ने साड़ी के फंदे से फांसी फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। उसके पास में सोई पत्नी को जब भनक लगी तो परिजनो के साथ उसे लेकर आनन फानन इलाज के लिए सीएचसी पहुंचीए तब तक उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा आत्महत्या के कारण पता लगाया जा रहा था। सजेती निवासी मुकेश कुमार 28 मजदूरी करता था। वह अपने परिवार से अलग पत्नी के साथ रहता था। वह शराब का भी लती था। उसकी शादी के 11 साल होने पर भी उसके कोई संतान नहीं हुई थी। इसलिए वह अपनी बहन के दो बच्चों को अपने साथ रख कर उनकी परवरिश करता था। शुक्रवार की रात जब पत्नी सोई हुई थी तभी वह साड़ी से फंद्दा बनाकर कुंडे से लटक गया। इसी दौरान पत्नी को जानकारी हुई तो उसने परिजनो को बुलाकर उसे उतारा और सीएचसी लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत होने की जानकारी मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजे जाने के साथ मामले की जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

## पंचायत चुनाव में भाजपा का लहराएगा परचम-अजीत पाल

ऽ प्रदेश के राज्य मंत्री ने परास जिला पंचायत की पूर्व प्रत्याशी श्वेता रामजी शुक्ला के आवास पर बोलते हुए कहा

घाटमपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं इलेक्ट्रॉनिक राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल अपने निजी कार्यक्रम के तहत परास जिला पंचायत की पूर्व प्रत्याशी श्वेता रामजी शुक्ला के आवास पहुंचे। जहां उन्होंने परिवारीजनो से भेंट कर कुशलक्षेम जाना। साथ ही वहा पर उपस्थित कार्यकताओं ने उन्हें फूल माला पहना कर स्वागत किया स्वागत। इस दौरान उन्होंने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि आगामी आने वाले पंचायत चुनाव में पूरे प्रदेश में भाजपा का परचम लहराएगा।आज लोग देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में अपने को सुरक्षित महसूस कर रहे है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व का सबसे शक्तिशाली देश हो गया है। जिसका जीता जागता उदाहरण आप लोगों ने अभी कुछ माह पूर्व ही देखा है। जहां पहलगाम के आतंकी हमले का बदला भारत ने आपरेशन सिंदूर अभियान के तहत मूंह तोड़ जवाब दिया है। उन्होंने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि अब सपा का पीडीए ढोंग भी जनता के सामने आ चुका है जनता जान चुकी है कि ये लोग केवल भोली भाली जनता को बेवकूफ बनाकर सिर्फ सत्ता हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से ऐसे जुमलेबाजो से सर्तक रहते हुए पंचायत चुनाव में डट जाने का भी आवाहन किया इस मौके पर राजपुर चेयरमैन अंशू त्रिपाठीएपंकज पांडेय छोटे मुन्नाएसभासद विवेक शुक्लाए शाहरुख मंसूरीए पवन तिवारीए टिंकू पालए मोहित तिवारीए सूर्या तिवारीए मोव आबिदएआदि लोग उपस्थित रहे।

## थाने में मुकदमाती वाहनों की नीलामी 21 को

घाटमपुर। थाना घाटमपुर में लंबे समय से खड़े मुकदमों में वांछित वाहनों की नीलामी 21 जुलाई 2025 को होगी। जिसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि थाना घाटमपुर में दर्ज मुकदमों में दर्ज वाहन लंबे समय से खड़े हुए हैं। जिनके पंजीकृत स्वामी को नोटिस देकर वाहनों को न्यायालय से छुड़वाने के लिए बताया गया है। परन्तु वाहन स्वामियों द्वारा वाहन रिलीज न कराए जाने पर न्यायालय से अनुमति लेने के साथ कमेटी द्वारा वाहनों की नीलामी की जाएगी।


## कार्यालय उपजिलाधिकारी छिबरामऊ जनपद कन्नौज

संख्या 394/र0का0–मत्स्य आवंटन/2025 दिनांक 09 जुलाई, 2025

### प्रेस–विज्ञप्ति–मत्स्य पालन पट्टा नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नवत ग्राम/ग्राम में निहित तालाबों/ पोखरो/मीनाशयों एवं जल प्रणालियों का दस वर्षीय मत्स्य पालन आवंटन हेतु पात्र व्यक्तियों मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के मध्य नीलामी राजस्व संहिता नियमावली 2016 उ0प्र0 शासन राजस्व अनुभाग–1 के आदेश संख्या 170/एक–1–2016–15(1)/1998–19 लखनऊ दिनांक 10 फरवरी 2016 में चिन्हित प्रावधानों अनुपालन दिनांक 06.08.2025 समय 11:00 बजे से 02:00 बजे तक तहसील सभागार छिबरामऊ में की जायेगी। यदि किसी को तालाब के लिए आवेन नियत तिथि पर नही आते है तो दिनांक 23.08.2025 के बाद नीलामी प्रक्रिया लगातार प्रत्येक मंगलवार को 11 बजे पूर्वान्ह तहसील सभागार में होगी जब तक विज्ञप्ति में उल्लिखित समस्त तालाबों की नीलामी पूर्ण नही हो जाती है। नीलामी की बोली मु0 5000–00/रू प्रति वर्ष की दर से कम नही होगी (दो हे0 तक के तालाबों के लिए) तथा दो0 हे0 से बड़े तालाबों के लिए नीलामी की बोली रू0 10000–00 प्रति हे0 प्रति वर्ष की दर से कम नही होगी। नीलामी में भाग लेने से पूर्व आरक्षित बोली 10 प्रतिशत जमानत राशि के रूप में जमा करना होगा तथा प्रथम वर्ष के लगान की धनराशि बोली समाप्त होने के तुरन्त बाद जमा करनी होगी व मत्स्य पालन पट्टा स्वीकृत हो जाता है फिर पट्टेदार निरस्त कराना चाहे तो 5 पाँच वर्ष का लगान जमा करना होगा।

| क्र0 | ग्राम सभा का तालाब | वि0ख0 का नाम | तालाब/पोखरों/मीनाशय/आरक्षित एवं जल | | आरक्षित बोली की धनराशि मु0 | नीलामी की बोली बोलने की जमानत धनराशि आरक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | तालाब की गाटा सं0 | क्षेत्रफल (हे0) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | हयात नगर | छिबरामऊ | 160मि0 | 0.191 | 955 | 100 |
| | | | 159 | 0.210 | 1050 | 100 |
| | | | 160मि0 | 0.976 | 4880 | 500 |
| 2 | महमूदपुर कीरत | छिबरामऊ | 75 | 0.405 | 2025 | 200 |
| 3 | ऊँचा | तालग्राम | 847 | 0.563 | 2815 | 280 |
| 4 | विशुनगढ़ | छिबरामऊ | 1870मि0 | 1.068 | 5340 | 500 |
| | | | 1913 | 0.615 | 3075 | 300 |
| | | | 227बी | 0.739 | 3695 | 400 |
| | | | 508/1 | 0.78 | 3900 | 400 |
| 5 | तेरारब्बू | तालग्राम | 1200 | 0.825 | 4125 | 400 |
| 6 | रूपपुर | सौरिख | 627 | 0.243 | 1215 | 120 |
| | | | 675 | 0619 | 3095 | 300 |
| 7 | मुर्रा | सौरिख | 403 | 0.502 | 2510 | 250 |
| 8 | भवानी सराय | तालग्राम | 479 | 0.394 | 1970 | 200 |
| | | | 580 | 1.007 | 5035 | 500 |
| 9 | कुंवरपुर बनवारी | छिबरामऊ | 301 | 0.438 | 2190 | 200 |
| | | | 811/2 | 0.438 | 2196 | 200 |
| | | | 811/1 | 25.00 | 2,50,000 | 25,000 |
| 10 | तेराजाकेट | तालग्राम | 208 | 0.429 | 2145 | 200 |
| 11 | सरायभागमल | सौरिख | 352 | 0.130 | 650 | 100 |
| | | | 377 | 0.089 | 445 | 50 |
| 12 | पलियाबूंचपुर | छिबरामऊ | 717 | 0.178 | 890 | 100 |
| | | | 757 | 0.121 | 605 | 100 |
| 13 | जरामऊअलमापुर | तालग्राम | 70 | 0.255 | 1275 | 100 |
| 14 | ग्यासपुर | सौरिख | 100क | 0.642 | 3210 | 300 |
| | | | 1121 | 0.543 | 2715 | 300 |
| 15 | रतनपुर | छिबरामऊ | 351 | 0.194 | 970 | 100 |
| | | | 555स | 0.125 | 625 | 100 |
| | | | 559क | 0.162 | 810 | 100 |

नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता व शर्ते।

1. नीलामी प्रक्रिया में बोली बोलने की पात्रता शासनादेश सं0–3736/1–2–95 रा–2 दिनांक 17.10.1995 के अनुसार होगी जो कि तहसील मुख्यालय/राजस्व परिषद की वेबसाइड– bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2. पट्टे की शर्ते एवं नीलामी से सम्बन्धित समस्त जानकारी नीलामी की तिथि से पूर्व कार्यालय तहसीलदार छिबरामऊ से किसी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
3. पट्टे की नीलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को नवीनतम आय एवं जाति प्रमाण पत्र (06 माह से पुराना न हो) प्रस्तुत करना होगा।
4. 2.0 हेक्टेयर से बड़े तालाब पंजीकृत मत्स्य जीवी सहकारी समितियों को ही आवंटित किये जायेंगे।
5. पट्टे नीलामी शिविर में सम्बन्धित ग्राम के लेखपाल व अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति उपस्थिति रहेंगे एवं पोखर/तालाब की रिपोर्ट देंगे।
6. नीलामी अधिकारी नायव तहसीलदार छिबरामऊ को नियुक्त किया जाता है।

उपजिलाधिकारी
छिबरामऊ

उ0प्र0 236100 दिनांक- 18.07.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

### प्रधान ने पौधरोपण कर संरक्षण का दिया संदेश

फतेहपुर। बहुआ ब्लाक की ग्राम पंचायत लदिगवां में ग्राम प्रधान रामराज व पंचायत सचिव जितेन्द्र दोहरे की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान व सचिव ने पौधरोपण किया और सभी को संरक्षण का संदेश दिया। पौधरोपण करने के पश्चात प्रधान रामराज ने कहा कि वृक्षों के बिना धरती पर जीवन असंभव है। वृक्ष में जीवनरूपी आक्सीजन प्रदान करते हैं। इसलिए सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित करना चाहिए। पौधारोपण करने से मात्र जिम्मेदारी नहीं पूरी होती। इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधों का संरक्षण भी करें।

## उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस का किया बाह्य निरीक्षण



फतेहपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार सिंह व जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से पूर्वाह्न 10 बजे निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम/वीवी पैट के वेयर हाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत वाह्य निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता का जायजा लिया, जहां सभी सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील अवस्था में पाए गए और फायर सिलेण्डर की वैधता को देखा जो मानक के अनुरूप पाये गए।

वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात गार्द के बारे में जानकारी की, जिसमें पाया गया कि तैनात गार्द में एक हेड कांस्टेबल तथा तीन कांस्टेबल 24 घण्टे तैनात रहते है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर अर्चना अग्निहोत्री, उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी ओपी त्रिपाठी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवसः ए.डी.एम. ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**- 10 शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण**

**खागा (फतेहपुर)।** सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील परिसर के सभागार कक्ष में अपर जिलाधिकारी अविनाश कुमार त्रिपाठी व एडिशनल एसपी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें फरियादियों की लगभग 186 प्रार्थना पत्रों में लगभग 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया और शेष शिकायतों को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने के आदेश दिए गए। खागा तहसील परिवार के सभागार कक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस दिवस में फरियादियों की प्राप्त प्रार्थना पत्रों को निस्तारण करते हुए अपर जिलाधिकारी अविनाश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि फरियादियों की कुल 186 प्रार्थना पत्र प्राप्त किए गए हैं जिसमें से लगभग 10 शिकायतों को मौके पर निस्तारण किया गया है। उन्होंने बताया कि अधिकांश शिकायतें राजस्व राजस्व, पुलिस, विद्युत, जल निगम से सम्बंधित प्राप्त किया गया और शेष शिकायतों को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस से सम्बंधित मामलों को गम्भीरता से लेते हुए अतिशीघ्र निस्तारण करने के आदेशित किया। इस मौके उप जिलाअधिकारी अभिनीत कुमार, क्षेत्राधिकारी बृजमोहन राय, तहसीलदार शैल कुमारी, नायब



तहसीलदार अशोक कुमार कुशवाहा व ओम प्रकाश, खंड विकास अधिकारी रत्नाकर त्रिपाठी व अशोक कुमार सिंह, खागा नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी देवहूति पांडेय, धाता नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अजीत बागी, पूर्ति निरीक्षक भास्कर मिश्रा, कृषि विभाग देवेंद्र कुमार मिश्रा, बाल विकास परियोजना अधिकारी आशीष पांडेय, खागा विद्युत जेई डी.डी. सोलंकी, एसडीएम स्टेनो शैलेंद्र कुमार, पेशकार प्रदीप कुमार मिश्रा, संदीप कुमार कश्यप, कानूनगो अरविंद सिंह, प्रांजुल सिंह, कमल सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी ऐंराया सहित सभी थानों के एस.आई व राजस्व कर्मी एवं पुलिस टीम मौजूद रहे।

## प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के जनक की जयंती पर कांग्रेसियों ने की गोष्ठी



फतेहपुर। जिला एवं शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के जनक शहीद मंगल पांडेय जी की जयंती पर एक गोष्ठी का आयोजन कर उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि शहीद मंगल पांडेय जी की हिम्मत एवं सूझबूझ की जितनी तारीफ की जाए कम है। वह 24 मार्च 1857 का दिन भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का महत्वपूर्ण दिन है, जब स्वतंत्रता की लड़ाई का आगाज हुआ। जिसकी कमान आगे चलकर कांग्रेस ने संभाली और अंततः देश आजाद हो गया। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफगुड्डा ने भी शहीद मंगल पांडेय जी की शहादत को याद करते हुए बताया कि वह एक निडर, निर्भीक एवं शातिर योद्धा थे। जिन्होंने प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया और देश की आजादी के लिए दीवानों को एक दिशा दी। वरिष्ठ नेता कलीम उल्ला सिद्दीकी ने कहा किस्वर्गीय मंगल पांडेय के द्वारा कलकत्ता से शुरू की गई स्वतंत्रता आंदोलन की चिंगारी ने ब्रिटिश अधिकारियों के खिलाफ मेरठ में विद्रोह करा दिया और वहीं से देश में स्वतंत्रता का नशा छा गया। प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे ने भी शहीद मंगल पांडेय जी के स्वतंत्रता आंदोलन में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में शेख एजाज अहमद, हिदायत उल्ला खां, सलीम खान, अतुल पासवान, सुनील मौर्य, अखंड प्रताप सिंह, अरुण जायसवाल, शकीला बानो, ओम प्रकाश कोरी, आरिफ अली, उस्मान बेग, चौधरी मोइन राइन, नसीम अंसारी, अमीन उल्ला, नफ़ीस, अकरम काले भी मौजूद रहे।

### दोनों जेई की मनमानी, उपभोक्ताओं के लिए परेशानी

फतेहपुर। राधानगर पारेषण से पोषित विद्युत उपकेंद्र चुरियानी व असोथर केन्द्र को संयुक्त 33 हजार की आपूर्ति की व्यवस्था विभाग द्वारा की गई है लेकिन असोथर जेई व कर्मचारियों का चुरियानी जेई व कर्मचारियों के मध्य जिम्मेदारियों को लेकर आये दिन पीछे हटने व मनमानी पूर्ण रवैए से असोथर के उपभोक्ताओं को उनके हक की बिजली नहीं मिल पा रही है। बीते शुक्रवार को शाम से ही राधानगर पारेषण से 33 हजार की लाईन बाधित हो गई। जिसे चुरियानी जेई सोनू द्वारा देर रात 11 बजे तक चुरियानी उपकेंद्र से पोषित गांवों में आपूर्ति पूर्णतया बहाल कर दी गई, लेकिन असोथर उपकेंद्र के जेई व कर्मचारियों द्वारा राधानगर पारेषण की 33 हजार सुधार में सहयोग न करने की बात पर चुरियानी स्टाप द्वारा असोथर के 33 हजार का ब्रस्ट इन्सुलेटर को नहीं ठीक किया गया।

वहीं असोथर जेई देर रात तक हांथ पर हाथ रख बैठे रहे और जब उपभोक्ताओं ने दबाव बनाया तब असोथर के जेई जितेंद्र जाट अपने कर्मचारियों को लेकर शनिवार के रात एक बजे सुधार करने निकले, लेकिन पूरी रात यहां तक कि शनिवार को अपरान्ह चार बजे तक असोथर की आपूर्ति बहाल नहीं कर सके। जिसको लेकर उपभोक्ताओं द्वारा विभागीय अधिकारियों व जिलाधिकारी को भी अवगत कराया। जेई चुरियानी ने बताया कि असोथर आपूर्ति में क्या दिक्कत है हमें नहीं पता, वहीं असोथर जेई लोगों को भोर पहर तक पेट्रोलिंग में हूं फाल्ट मिलते ही आपूर्ति बहाल हो जायेगी का झुनझुना थमाते रहे, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा प्रवीण सिंह ने कहा कि शासन के मंशा के विपरीत कार्य करने वाले, जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह विभागीय जेई व कर्मचारियों की शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचा कार्यवाही कराई जायेगी।

## खबर एक नज़र

### पेरियार जयंती पर होगा मेधा अलंकरण समारोह

फतेहपुर। पाल सामुदायिक उत्थान समिति की बैठक पाल भवन आबूनगर में संपन्न हुई। जिसमें विगत दस वर्षों से लगातार होने वाले 17 सितंबर पेरियार जयंती के अवसर पर मेधा अलंकरण समारोह एवं सामाजिक जागृति सम्मेलन के सफल आयोजन किए जाने पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों के आए हुए प्रस्तावों पर विचार करते हुए जिम्मेदारियां भी दी गई। अगली बैठक 24 जुलाई को दोपहर दो बजे से पाल भवन आबूनगर में आहूत की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष डॉ. अमित पाल व संचालन महासचिव सूरजभान पाल ने किया। पदाधिकारियों में रामचंद्र पाल, अर्जुन पाल, दिलीप पाल, श्रीकांत पाल, देवशरन पाल, दिनेश पाल बौरा, बाबूलाल पाल, रामप्रताप पाल, रमा पाल, देवीप्रसाद पाल, डा रोहित पाल, धनराज पाल उपस्थित रहे।

### भूमिधरी जमीन पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम समतपुर मजरे सातो धर्मपुर में भूमिधरी जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा दबंगई के बल पर अतिक्रमण करके लकड़ी का टाल संचालित किए जाने की शिकायत लेकर ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को एक पत्र सौंपकर टाल को हटवाते हुए रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्रवाई किए जाने की आवाज उठाई। ग्राम समतपुर मजरे सातों धर्मपुर गांव निवासी राम प्रसाद पुत्र बाबू सिंह ग्रामीणों संग कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को दिए गए पत्र में बताया कि गांव के ही युवराज, चन्द्र किशोर, संजय सिंह, पप्पू सिंह, मन्ना सिंह, अनिल, पवन सिंह, उज्जू सिंह आदि आपराधिक व राजनैतिक किस्म के व्यक्ति हैं, जो जबरन उसकी गाटा संख्या 101 पर लकड़ी का टाल रखे हुए हैं। मना करने पर उसे व उसके परिवार के खिलाफथाने पर झूठी शिकायत करते हैं। बताया कि 17 जुलाई को यह लोग मौजूद थे। पीड़ित ने जब टाल हटाने के लिए कहा तो गाली-गलौज करते हुए जाने से मारने की नियत से लाठी-डण्डा लेकर दौड़ा लिया। इतना ही नहीं थाने पर फर्जी शिकायत करके झूठा मुकदमा लिखाने की धमकी भी दी। डीएम से जमीन पर रखे टाल को हटवाकर रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस मौके पर नीरज, राम विशाल, रमाशंकर, राम प्रसाद, सोनी देवी, नीलम देवी, निर्मला देवी, सुलोचना देवी, कलावती, शिवधनी भी मौजूद रही।

### मर्ज विद्यालयो मे बढ़ रहीं उपस्थिति

विजयीपुर (फतेहपुर)। विजयीपुर शिक्षा क्षेत्र में मर्ज हुए विद्यालयो मे स्थिति बेहतर हो रहीं है। उच्च प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर मे एकल अध्यापक कार्यरत होने के कारण बच्चो का नामांकन 17 था, जिसको प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर मे मर्ज कर दिया। इसी विद्यालय मे प्राथमिक विद्यालय शेखपुर भी कम नमकान के कारण मर्ज हो गया है, अब हरदासपुर विद्यालय मे कुल आठ शिक्षक हो गए जिससे बेहतर शिक्षण कार्य हो रहा है। सभी कक्षाओ मे शिक्षक होने से बच्चे पाठ्यक्रम अनुसार पठन-पाठन कर रहे है। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय चचीडा मे एकल विद्यालय प्राथमिक विद्यालय मनकापुर मर्ज हो गया जहाँ पर अब छः शिक्षक हो गए जिससे प्रत्येक कक्षा मे शिक्षण कार्य सूचारू रूप से चल रहा है और छात्र उपस्थिति भी 85 फीसदी से अधिक रह रहीं है। खण्ड शिक्षा अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि शुरुआत मे कुछ अभिभावको को दिक्कत आयी थी लेकिन अब स्थिति सामान्य हो रहीं है और बच्चे मर्ज हुए विद्यालय मे जा रहे है। किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

### अधिवक्ता के खिलाफमुकदमा दर्ज होने पर जताया विरोध

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के के ग्राम जखनी में ग्राम प्रधान बिंदा प्रसाद पासी एवं अश्वनी कुमार एड. के खिलाफराधानगर थाने में फर्जी मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में अधिवक्ताओं ने तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र देकर विरोध जताया। अधिवक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में अधिवक्ताओं के खिलाफफर्जी मुकदमा लिखा जा रहा हैं। थाना राधानगर के प्रभारी ने एक अधिवक्ता के खिलाफफर्जी मुकदमा लिखा है. जिसकी सूचना किसी को नहीं दी गई। न ही कोई जांच कराई। अधिवक्ताओं में अश्विनी कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, मुलायम सिंह, सुधीर पटेल, इंद्रजीत सिंह, जगदीश मौर्य एडवोकेट, अवधेश यादव एडवोकेट, मनोज यादव, परीक्षित यादव, अजीत शर्मा एड., धीरेंद्र यादव व ग्राम प्रधान बिंद्रा प्रसाद पासवान ने निष्पक्ष जांच की मांग किया।

### पुलिस के हत्थे चढ़ी हत्यारोपी महिला

फतेहपुर। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के पनी मोहल्ला में बंद पड़े मकान से बीते मई माह में युवक का हत्यायुक्त शव मिलने की घटना के मुख्य आरोपी की महिला मित्र को आज कोतवाली पुलिस ने शहर के शादीपुर चौराहा के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।जानकारी के अनुसार जनपद दक्षिणी दिल्ली के थाना नेबसरांय क्षेत्र के बी-138 ए, बी ब्लाक संजय कालोनी भाटी माइन्स फतेहपुर बेरी निवासिनी श्रीमती अंजली पत्नी कुन्दन राम उम्र 29 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शहर के शादीपुर स्थित पीडब्ल्यूडी कालोनी गेट के सामने से सुबह 10.15 बजे गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय ने बताया कि महिला जेल में निरुद्ध आरोपी सूरज सोनी की मित्र है। दौरान विवेचना महिला का नाम प्रकाश में आया है। उन्होंने बताया कि महिला को जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि पनी मोहल्ला में बंद पड़े मकान से बीती 18 मई को कोतवाली पुलिस ने अज्ञात युवक का हत्यायुक्त शव बरामद किया था। बाद में युवक की पहचान महेंद्र कुमार पुत्र बचान सिंह निवासी मौहार थाना कल्यानपुर हाल मुकाम कालिकन रोड़ अहमदगंज के रूप में हुई थी। घटना के खुलासा में लगी पुलिस टीम ने 26 मई को एक मुठभेड़ के दौरान मुख्य आरोपी सूरज कुमार सोनी निवासी पूर्वी पनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में किशनपुर की रैंकिंग में सुधार

फतेहपुर। भारत सरकार द्वारा स्थानीय निकायों में हर वर्ष साफ सफाई एवं कचरा मुक्त शहर होने, खुले में शौच मुक्त होने की रैंकिंग करती है। इस बार भी पूरे देश में प्रत्येक नगर पंचायत, नगर पालिका एवं नगर निगमों का सर्वेक्षण किया गए जिसमें नगर पंचायत किशनपुर ने इस बार अपनी रैंकिंग में अभूतपूर्व सुधार करते हुए जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। वहीं जिले में प्रथम स्थान खखरेरू नगर पंचायत का है जो प्रथम बार पार्टिसिपेट की है। वर्ष 2023 में नगर पंचायत किशनपुर जिले में निचले पायदान पर था।

### 164 बच्चों को बांटी होम्योपैथिक दवा

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि वितरण महाअभियान पुनः पीरनपुर मोहल्ले में चलाया। जिसके अंतर्गत डॉ अनुराग ने प्राथमिक विद्यालय पीरनपुर नगर क्षेत्र के 72, प्राथमिक विद्यालय महारथी के 92 कुल 164 बच्चों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि प्रदान की। साथ ही सभी बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

## सड़क में गड्ढा पुराई का काम शुरू, पर भाकियू का अनशन जारी

- युवा जिला उपाध्यक्ष विपिन यादव की अगुवाई में जारी है अनशन

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) टिकैत के पदाधिकारियों द्वारा लगातार अनशन जारी है जिससे जनपद स्तरीय तथा तहसील स्तरीय अधिकारी परेशान से दिखाई दिए हैं। बताते चलें कि खागा-नौबस्ता मुख्य मार्ग को सुचारू रूप से दुरुस्त कराए जाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के युवा विंग के पदाधिकारियों का अनशन लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा है। युवा जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह यादव के नेतृत्व एवं ऐरायां ब्लॉक के युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष दीपक मौर्य की मौजूदगी में आंदोलन जोरों से चलता रहा, जिसका नतीजा ये रहा कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार शील धरना स्थल पहुंचकर अनशनकारियों से वार्ता करते हुए अपनी बात रखी। इस दौरान सहमति बनी कि जब तक शासन से धनराशि नहीं आती है तब तक बड़े गड्ढों को गिट्टी डालकर हल्का-फुल्का पैचिंग करके आवागमन के लिए सुगम बना दिया जाए। हालांकि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी द्वारा लगातार धनाभाव एवं शासन को लगातार पत्राचार किए जाने की बात करते रहे।

प्रतिउत्तर में भाकियू के प्रदर्शकारियों ने जब तक सड़क सुधार एवं गड्ढा मुक्त नहीं होगा तब तक रात-दिन लगातार अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा की बात करते नजर आए। इस दौरान भाकियू के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथ ही आम जन भी सड़क निर्माण की मांग में अपना समर्थन देते हुए अनशन में मौजूद रहे हैं। मुख्य रूप से विपिन सिंह यादव एवं दीपक मौर्य के साथ अंबोल सिंह, शीतल प्रसाद, बलराज सिंह, जितेंद्र सिंह, अशोक सिंह, ओमप्रकाश सिंह, महेश प्रसाद फौजी, चंद्रपाल सिंह, विपिन, राजेंद्र सिंह, शिवसागर सिंह, पंकज साहू, मोहम्मद तबरेज, सागर सिंह, दिनेश विश्वकर्मा आदि अनेक किसान नेता एवं क्षेत्रीय मौजूद रहे हैं।

क्या बोले जिम्मेदार- भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा खागा-नौबस्ता मार्ग को लेकर धूमनकुआं पर किए जा रहे अनिश्चितकालीन धरना में मैं स्वयं पहुंचकर शासन को पत्राचार करके मार्ग निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्य योजना में शामिल करके भेजा गया है जैसे ही कार्य की स्वीकृति होकर धनराशि आता है काम तेजी से किया जाएगा लेकिन तुरंत के लिए गड्ढा मुक्त सड़क बनाने हेतु कार्य आरम्भ करा दिया गया है जिस पर भाकियू के किसान नेताओं ने अनशन समाप्त करने की बात कही है। - ए0 के0 शील, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी

पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता द्वारा तत्काल रूप से गड्ढा को दुरुस्त करने की बात कही है और कुछ निर्माण सामग्री भी विभिन्न स्थानों पर गिरने लगी लेकिन हमारे संगठन ने निर्णय लिया है कि जब तक खागा से नौबस्ता तक पूरा मार्ग गड्ढा मुक्त नहीं किया जाएगा तब तक हम लोग अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त नहीं करेंगे और जैसे ही कार्य संपूर्ण हो जाएगा तब हम खुद धरना समाप्त कर देंगे। - विपिन सिंह यादव, युवा जिला उपाध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत)।

### साथी की एफआईआर न होने से अधिवक्ता अड़े

खागा, (फतेहपुर)। अधिवक्ता रवि कुमार के पुलिस के रिपोर्ट दर्ज करने के मामले में संघर्ष समिति के नेतृत्व में वकीलों ने प्रदर्शन कर नारेबाज़ी करने के साथ शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम को ज्ञापन सौंपकर पीड़ित अधिवक्ता की तरफ़से एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। इन लोगों ने अपनी पुरानी मांग भी दोहराई। संघर्ष समिति के नेतृत्व में दिए ज्ञापन के बाद एडीएम से वार्ता में संतोषजनक आश्वासन न मिलने से नाराज वकीलों ने आगे आंदोलन और तेज करने की बात कही। जिसमे कोतवाली का घेराव करने की रणनीति बनाई जा रही है। इस मौके पर रामशखा द्विवेदी, रामचंद्र, अखिलेश, अग्रहरि, अखिलेश यादव सहित मौजूद रहे।

## बीओबी का केक काटकर मनाया 118 वां स्थापना दिवस

**- शिविर में 20 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान**

**फतेहपुर।** बैंक ऑफबड़ौदा के स्थापना दिवस पर क्षेत्रीय कार्यालय में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक कर्मियों ने सर्वप्रथम केक काटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर स्थापना दिवस की बधाई दी तत्पश्चात रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व फार ह्यूमैनिटी संस्था के सहयोग से लगभग बीस रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय ब्रांच के क्षेत्रीय प्रमुख अरविन्द कुमार समेत अन्य बैंक कर्मियों ने केक काटकर बैंक का स्थापना दिवस मनाया। एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। तत्पश्चात रक्तदान शिविर का भी क्षेत्रीय प्रमुख अरविंद कुमार ने फीता काटकर किया। शिविर ने 20 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया और 10 रक्तदाताओं ने आगे रक्तदान की इच्छा जाहिर करते हुए रजिस्ट्रेशन करवाया। रक्तदान करने वालों में हेमंत बाजपेई, रवि कुमार, हर्षिता गुप्ता, आशीष कुमार, अवनी मल्होत्रा, निखिल श्रीवास्तव, शिवम मिश्रा, कमल पांडेय, अवधेश सिंह, विराट मिश्रा, देवी सहाय यादव, विमलेश कुमार, गोपाल कृष्णा, शैलेन्द्र कुमार, धनजंय पाल, सोनू कुमार, रंजना, जितेंद्र, तौफीक, शांतनु ने रक्तदान किया। इस मौके पर क्षेत्रीय कार्यालय से उप क्षेत्रीय प्रमुख पुनीत श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक मनोज कुमार जांगिड़, मनमोहन मीना, क्षेत्रीय अधिकारी अनुज जायसवाल, सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन से गुरमीत सिंह, गौरव पाल, बीसीटीवी प्रयागराज से मंडलीय जनसमपर्क अधिकारी पंकज यादव, सुधीर, धीरज, ज्ञानेंद्र, जिला चिकित्सालय रक्तकेन्द्र स्टाफ से मेडिकल ऑफिसर रक्तकेन्द्र अभिषेक सिंह, परामर्शदाता दीपाली वर्मा, लैब सहायक राजू कैथवास, सुभाष मौर्य, लैब अटेंडेंट सुलभ श्रीवास्तव, मेडिकल छात्र मनीष कुमार उपस्थित रहे।



## संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतें, सिर्फ़06 शिकायतों का ही हो पाया मौके पर निस्तारण

बिंदकी (फतेहपुर)। संपूर्ण समाधान दिवस तहसील बिन्दकी के सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में लेखपाल बृजेन्द्र प्रताप द्वारा अपने दायित्वों में लापरवाही एवं कार्य के प्रति असंवेदनशील पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश उप जिलाधिकारी बिन्दकी को दिए। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओ को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यकतानुसार शिकायतो में मौके पर जाकर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक, समय से निस्तारण किया जाय, कोई भी शिकायत लंबित न रहे, शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही की जायेगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी कराई जाय। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबधित शिकायतों को पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को शिकायतो का समयावधि में निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बिन्दकी कुल 270 शिकायतें प्राप्त हुई, के सापेक्ष 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु आवश्यकतानुसार पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। इस मौके पर उपजिलाधिकारी बिन्दकी पुलिस क्षेत्राधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार बिन्दकी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



# विचार अभिव्यक्ति की मर्यादा



- हृदयनारायण दीक्षित

अभिव्यक्त की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। संविधान निर्माताओं ने सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार बनाया है, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का यह अधिकार असीम नहीं है। इसकी सीमा है। संविधान के अनुच्छेद 19 में यह अधिकार स्पष्ट है। कहा गया है, ÷सभी नागरिकों को वाक् स्वातंर्त्य और अभिव्यक्ति स्वातंर्त्य का अधिकार होगा।÷ वहीं इसी अनुच्छेद के खण्ड 2 में इस अधिकार की मर्यादा बताई गई है। आगे कहा गया है कि, 'भारत की संप्रभुता, अखण्डता, सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बंध, लोकव्यवस्था, शिष्टाचार या सदाचार के हितों में अथवा न्यायालय अवमान के सम्बंध में विद्यमान विधि के प्रवर्तन पर फर्क नहीं पड़ेगा।' बीते कुछ समय से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के इस अधिकार का दुरुपयोग बढ़ रहा है। इस पर पर राष्ट्रीय बेचैनी है। सर्वोच्च न्यायालय ने कई मामलों में स्पष्ट किया है कि विचार अभिव्यक्ति की यह स्वतंत्रता निरपेक्ष नहीं है।

दरअसल सोशल मीडिया में सक्रिय एक बड़े वर्ग द्वारा आभासी आक्रमण दंगा भड़काने वाले पोस्ट डाले जा रहे हैं। अश्लील चित्र और अवैध संबंधों का महिमामण्डन किया जा रहा है। ऐसे में सोशल मीडिया जैसे विशाल मंच के दुरुपयोग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। देश चिंतित है। सांप्रदायिक संघर्ष भड़काने वाली झूठी सूचनाएं भी राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरनाक बताई जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने विकलांग व्यक्तियों पर आपत्तिजनक टिप्पणियों को गंभीरता से लिया है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने अटॉर्नी जनरल से सोशल मीडिया के दिशा निर्देश तैयार करने की अपेक्षा की है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का निरंकुश दुरुपयोग राष्ट्र के लिए अच्छा नहीं है। एक अन्य मुकदमे में सर्वोच्च न्यायपीठ ने कहा है कि, 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मूल्यवान है। आखिरकार देश के नागरिक स्वयं अपना नियमन क्यों नहीं कर सकते?'


भारत विश्व प्रतिष्ठित देश है। हम भारत के लोग अपने परिजनों/देशवासियों से शब्द संयम की न्यूनतम अपेक्षा तो कर ही सकते हैं। यह बात सही है कि विचार अभिव्यक्ति आवश्यक है, लेकिन इससे भी ज्यादा यह बात आवश्यक है कि अभिव्यक्ति का सौंदर्य और उसका प्रवाह अश्लील अभद्र और आक्रामक न हो। संप्रति सोशल मीडिया में सदाचार और अभद्र आचरण को भी जाति वर्ग में बांटने का प्रचार चल रहा है। आखिरकार विचार अभिव्यक्ति का अर्थ क्या है? अस्तित्व सत्य है, अस्तित्व सुंदर है और शिव भी है। हमारे उद्भव का स्रोत अस्तित्व है। अस्तित्व प्रतिपल अभिव्यक्त हो रहा है। सत्य, शिव और सुंदर को प्रकट करना और राष्ट्र को आनंद आपूरित करना अभिव्यक्ति का उद्देश्य है। संगीत, कला, काव्य और साहित्य सहित सभी सृजन विचार स्वातंर्त्य में ही खिलते हैं। आधुनिक विश्व के सभी देशों में इनका सम्मान है। लेकिन भारत और शेष विश्व में इनके उद्देश्यों में मौलिक अंतर है। भारतीय संगीत, कला, काव्य और साहित्य का लक्ष्य लोकमंगल है। यहां जो लोकमंगल नहीं साधता वह साहित्य नहीं हो सकता। यहां श्रीकृष्ण भी बांसुरी वादक हैं और शिव नटराज। ऋग्वेद में अग्नि देवता व बृहस्पति को भी कवि बताया गया है। यहां विचार अभिव्यक्ति का लक्ष्य किसी की भावनाओं को चोट पहुंचाना नहीं था। भारतीय भाषाओं के सबसे लोकप्रिय कवि तुलसीदास ने रामचरित मानस लिखी थी। यहां पहले से ही इस्लामी शासन था लेकिन उनकी रामकथा में इस्लाम या तत्कालीन शासकों पर कोई टिप्पणी नहीं है।

संविधान निर्माता सजग थे। उन्होंने विचार अभिव्यक्ति का स्वातंर्त्य दिया, साथ ही मर्यादा के बंधन भी लगाए। संविधान सभा (1.12.1948) में प्रो0 के0टी0 शाह ने बंधनों का विरोध किया, कहा कि 'यहां मुख्य प्राविधान के बजाय अपवादों पर अधिक जोर दिया गया है, वास्तव में दांए हाथ से जो कुछ दिया गया है उसे तीन, चार बार बांए हाथों से छीन लिया गया है।' शाह ने समाचार पत्रों को अधिकार देने की मांग की। कहा 'संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणा पत्र में समाचार पत्रों की स्वाधीनता को प्रमुख स्थान दिया गया है। हमारे मसौदाकारों ने इसे क्यों छोड़ा?' दामोदर स्वरूप सेठ ने भी कहा कि 'इस अनुच्छेद में जिन अधिकारों को दिया गया है उनका उसी अनुच्छेद की धारा से खण्डन हो जाता है।' अनेक तर्क हुए लेकिन अंततः बंधनों पर ही सहमति हुई। समाचार पत्रों को इसी अधिकार में सम्मिलित माना गया। मर्यादाओं की सूची में 'अपराध प्रेरण, शिष्टाचार, सदाचार, न्यायालय अवमान; आदि शब्द रखे गए थे। लेकिन चीनी हमले के समय वामपंथी समूहों ने राष्ट्रीय संप्रभुता को भी चुनौती दी। तब 'भारत की संप्रभुता और अखण्डता' को प्रभावित करने वाली अभिव्यक्ति पर मर्यादा की बात 1963 के 16वें संविधान संशोधन में जोड़ी गयी। राष्ट्र का संवर्द्धन हरेक नागरिक का कर्तव्य है। संविधान का अनुच्छेद 51क (42वां संविधान संशोधन) मूल कर्तव्यों का है। प्रख्यात संविधानविद् न्यायमूर्ति डी0डी0 वसु की टिप्पणी पठनीय है कि 'मूल कर्तव्य न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है। इनका उल्लंघन भी दण्डनीय नहीं है लेकिन न्यायालय ऐसे व्यक्ति की प्रेरणा पर मूल अधिकार का प्रवर्तन करने से इंकार कर सकता है जिसने संवैधानिक कर्तव्यों में से किसी एक का उल्लंघन किया है।' इस सूची में संविधान का पालन, संवैधानिक संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रगान का आदर, राष्ट्र की संप्रभुता, एकता, अखण्डता का सम्मान, समानता व भाईचारा बढ़ाने, सांस्कृतिक परम्परा का सम्मान और परिरक्षण आदि 11 संवैधानिक कर्तव्य व्यों का पालन किए जाने की अपेक्षा की गई है। लेकिन अनेक लोग विचार अभिव्यक्ति के अधिकार का प्रयोग करते समय संवैधानिक कर्तव्यों का ध्यान नहीं रखते। भारत संघ बनाम नवीन जिन्दल मामले (2004) में न्यायालय ने राष्ट्रध्वज के लहराने को भी विचार अभिव्यक्ति मानकर अनुच्छेद 19(1) की परिधि में मौलिक अधिकार बताया था।




वाक् स्वातंर्त्य का अधिकार बड़ा है। शब्द सत्ता बड़ी है-शब्द संयम में प्रीति होती है, रस होता है। शब्द दुरुपयोग में उत्तेजना है, भावना और आस्था पर आक्रमण हैं। विश्वविख्यात कलाकार एम0एफ0 हुसैन ने सरस्वती व सीता के अश्लील चित्र बनाए थे। इसे विचार अभिव्यक्ति कहेंगे या विकार अभिव्यक्ति? सोशल मीडिया में आपत्तिजनक सामग्री की आंधी है। शब्द संयम में ही सौन्दर्य प्रकट होता है और शब्द अनुशासनहीनता में अश्लीलता। सर्वोच्च न्यायालय ने 2005 में मौन रहने को भी अनु0 19(1क) के अधीन विचार अभिव्यक्ति का अधिकार बताया था। राजनीति शब्दों का ही खेल है। लेकिन राजनैतिक शब्दकोष से शालीनता के तत्व गायब हैं। यहां आरोप-प्रत्यारोप हैं। संसद और विधानमण्डल में बोले गए शब्दों पर न्यायालय कार्यवाही नहीं कर सकते। इसलिए संसदीय शब्द अराजकता अपनी सीमा पार कर गई है। वाक् स्वातंर्त्य के अधिकार का सदुपयोग सामाजिक परिवर्तन में होना चाहिए। वाद-विवाद में मधुमय सम्वाद की प्राचीन संस्कृति को बढ़ाना चाहिए। समाज के छोटे से हिस्से की भी भावनाओं को आहत करने वाले शब्दों का प्रयोग अभिव्यक्ति की आजादी का दुरूपयोग है। इसी तरह बात बे बात किसी विचार, संगीत, कला, काव्य या फिल्म को लेकर हल्ला बोलना भी स्वतंत्र समाज के लिए बहुत घातक है। राष्ट्र राज्य अपना कर्तव्य निभाए और नागरिक अपना।

## प्रेमचंद की कहानियां



### मृतक-भोज

बोल उठा-किस लिए मकान बेच दिया जाय ? बिरादरी के भोज के लिए ? बिरादरी तो खा-पीकर यह लेगी, इन अनाथों की रक्षा कैसे होगी? इनके भविष्य के लिए भी तो कुछ सोचना चाहिए। धनीराम ने कोप-भरी आंखों से देखकर कहा- आपको इन मामलों में टांग अड़ाने का कोई अधिकार नहीं। केवल भविष्य की चिन्ता करने से काम नहीं चलता। मृतक का पीछा भी किसी तरह सुधारना ही पडता है। आपका क्या बिगड़ेगा। हंसी तो हमारी होगी। संसार में मर्यादा से प्रिय कोई वस्तु नहीं! मर्यादा के लिए प्राण तक दे देते हैं। जव मर्यादा ही न रही. तो क्या रहा। अगर हमारी सलाह पूछोगे? तो हम यही कहेंगे। आगे बाई का अखतियार है, जैसा चाहे करे,पर हमसे कोई सरोकार न रहेगा। चलिए कुवेरदासजी, चलें। सुशीला ने भयभीत होकर कहा-भैया की बातों का विचार न कीजिए, इनकी तो यह आदत है। मैंने तो आपकी बात नहीं टाली, आप मेरे बड़े हैं। घर का हाल आपको मालूम है। मैं अपने स्वामी की आत्मा को दखी करना नहीं चाह लेकिन जब उनके बच्चे ठोकरें खायेंगे, तो क्या उनकी आत्मा दुखी न होगी? बेट का ब्याह करना ही है। लड़के को पढ़ाना-लिखाना है ही। ब्राह्मणों को खिल दीजिए- लेकिन बिरादरी करने की मुझमें सामर्थ नहीं है। दोनों महानुभावों को जैसे थप्पड़ लगी- इतना बड़ा अधर्म। भला ऐसी बात पं जवान से निकाली जाती है। पंच लोग अपने मुंह में कालिख न लगने देंगे। दुनिया विधवा को न हंसेगी, हंसी होगी पंचों की। यह जग-हंसाई वे कैसे सह सकते हैं। ऐसे घर के द्वार पर झांकना भी पाप है। सुशीला रोकर बोली- मैं अनाथ हं, नादान हूं, मुझ पर क्रोध न कीजिए। आप लोग ही मुझे छोड़ देंगे, तो मेरा कैसे निर्वाह होगा। इतने में दो महाशय और आ विराजे। एक बहुत मोटे और दूसरे बहुत दुबते। नाम भी गुणों के अनुसार ही- भीमचन्द और दुर्बलदास। धनीराम ने संक्षेप में यह परिस्थिति उन्हें समझा दी। दुर्बलदास ने सहृदयता से कहा-तो ऐसा क्यों नहीं करते कि हम लोग मिलकर कुछ रुपये दे दें। जब इसका लड़का सयाना हूं जायेगा, तो रुपये मिल ही जायेंगे। अगर न भी मिलें तो एक मित्र के लिए कुड बल खा जाना कोई बड़ी बात नहीं। अगर न भी मिलें तो एक मित्र के लिए कुड बल खा जाना कोई बड़ी बात नहीं। क्रमशः...

# आज बच्चों के लिए लाभकारी है वैदिक गणित

जब गणित की बात आती है, तो बहुत सारे बच्चे संघर्ष करते हैं, क्योंकि इसे एक मुश्किल विषय के रूप में जाना जाता है। शिक्षण के नियमित तरीकों के अलावा, वैदिक गणित के रूप में



–विजय गर्ग

जाना जाने वाला गणित की पारंपरिक भारतीय प्रणाली, बच्चों की गणित की चिंता को कम करने वाले त्वरित तरीके और सरल सूत्र प्रदान करती है। हालांकि, वैदिक गणित कैसे काम करता है, और इसके पेशेवरों और विपक्षों क्या हैं? हम करीब से देखते हैं ...

वैदिक गणित नामक प्राचीन गणितीय प्रणाली, गति के साथ जटिल समस्याओं को हल करने के लिए आसान तरीके प्रस्तुत करती है। यह प्रणाली 16 मौलिक ÷सूत्र÷ के माध्यम से संचालित होती है, साथ ही 13 माध्यमिक सूत्रों के साथ, जो अंकगणितीय और बीजीय समस्याओं के साथ-साथ ज्यामितीय और पथरी अनुप्रयोगों को संबोधित करती है। 18 वीं शताब्दी के गणितज्ञ, स्वामी भारती कृष्ण तीर्थजी ने प्राचीन भारतीय वैदिक शास्त्रों को 20 वीं शताब्दी की शुरुआत में व्यवस्थित किया, ताकि उन्हें आधुनिक स्कूल शिक्षण के लिए उपयुक्त बनाया जा सके।

वैदिक गणित के प्राथमिक लक्ष्य का उद्देश्य गणना समय को कम करना है, जबकि संस्मरण की आवश्यकता को समाप्त करना है। बच्चे अधिकांश गणितीय समस्याओं को बिना लिखे हल कर सकते हैं, और न्यूनतम चरणों में मानसिक गणना के माध्यम से समाधान के साथ आ सकते हैं।

वैदिक गणित कैसे काम करता है

वैदिक गणित की मुख्य अवधारणा में 'सूत्र' होते हैं, जो लघु और आसानी से सीखने वाले गणितीय नियमों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

बच्चे पेंसिल-और-पेपर विधियों का उपयोग करने के बजाय पैटर्न और संख्या संबंधों के माध्यम से मानसिक गणना करना सीखते हैं। यह दृष्टिकोण बच्चों को अपने आत्मविश्वास के स्तर को विकसित करते हुए रचनात्मकता के साथ संख्याओं को संभालने में सक्षम बनाता है। बच्चों के लिए क्या लाभ हैं

1.। तेजी से गणना और मानसिक गणित वैदिक गणित तकनीकों का उपयोग करने वाले बच्चे, कैलकुलेटर के साथ जटिल मानसिक गणित की समस्याओं को अधिक तेज़ी से हल कर सकते हैं।

बच्चे इन मानसिक शॉर्टकट से लाभान्वित होते हैं, क्योंकि वे समय बचाने में मदद करते हैं, विशेष रूप से प्रतिस्पर्धी परीक्षणों के दौरान जहां गति महत्वपूर्ण है।

2.। आत्मविश्वास को बढ़ाता है और गणित की चिंता को कम करता है मुश्किल गणितीय संचालन उन बच्चों के लिए सरल हो जाता है जो सफलता का अनुभव करते हैं। वैदिक विधियों के परिणामस्वरूप छात्र उपलब्धि होती है, जो सकारात्मक सीखने का दृष्टिकोण बनाते समय आत्मविश्वास विकसित करती है।

3। फोकस, मेमोरी और एकाग्रता में सुधार करता है मानसिक गणना की प्रक्रिया बच्चों को स्पष्ट सोच क्षमताओं के साथ-साथ अपने दिमाग पर ध्यान केंद्रित करने और स्मृति कौशल विकसित करने की अपनी क्षमता विकसित करने में मदद करती है।

इस प्रणाली का अभ्यास सामान्य बौद्धिक प्रदर्शन के साथ समस्या को सुलझाने की क्षमताओं को विकसित करता है।

4। संख्या संवेदना और तार्किक सोच को बढ़ाता है वैदिक गणित की गणितीय प्रणाली छात्रों को संख्या संबंधों के बारे में सिखाती है, जबकि बुनियादी अंकगणितीय तथ्यों को याद करने की आवश्यकता को समाप्त करती है।

सिस्टम छात्रों को सख्त कदम-दर-कदम प्रक्रियाओं का पालन करने के लिए मजबूर करने के बजाय अनुकूलनीय सोच को बढ़ावा देता है।

5.। लर्निंग फन एंड एंगेजिंग बनाता है सिस्टम गणित को एक आकर्षक पहेली प्रारूप में परिवर्तित करता है जो छात्र जिज्ञासा को उत्तेजित करता है। छात्र अपनी प्रेरणा बनाए रखते हैं, क्योंकि वे चतुर गणित के गुर करके, और तेजी से समाधान प्रदान करके अपने कौशल का प्रदर्शन करने में आनंद लेते हैं।

## ।। चाणक्य नीति ।।

✦✦✦

**दाने तपसि शौर्ये च विज्ञाने विनये नये।**
**विस्मयो न हि कर्त्तव्यो बहुरत्ना वसुन्धरा।।**

दान, तप, वीरता, विद्वत्ता, सुशीलता और नीति-निपुणता का अहंकार कभी नहीं करना चाहिए, क्योंकि इस धरती पर एक से बढ़कर एक दानी, तपस्वी, शूरवीर तथा विद्वान् मौजूद हैं।

✦✦✦

**दूरस्थोअपि न दूरस्थो यो यस्य मनसि स्थितः।**
**यो यस्य हृदये नास्ति समीपस्थोअपि दूरतः।।**

जिसका जिसके प्रति प्रेमभाव होता है, वह दूर होते हुए भी पास रहता हैं, परन्तु जिसके प्रति कोई मानसिक लगाव नहीं होता, वह पास होते हुए भी दूर होता है।

✦✦✦

**यस्माच्च प्रियमिच्छेत्तु तस्य ब्रूयात् सदा प्रियूम्।**
**व्याधो मृगवधं कर्तुं गीतं गायति सुस्वरम्।।**

जिस प्रकार मृग को मारने की इच्छा होने पर शिकारी उसे मोहित करने के लिए मधुर स्वर में बीन बजाता है, उसी प्रकार जिससे किसी प्रकार का लाभ होने की सम्भावना हो, उसके साथ सदा मधुर व्यवहार ही करना चाहिए।

✦✦✦

## ।। अमृत कलश।।

### समय का महत्व

डॉक्टर अमरनाथ झा एक प्रसिद्ध विज्ञान चिकित्सक थे। वह समय के बड़े पाबंद थे।

वह पटना की यात्रा पर थे। उन्हें आया देख पटना के साहित्यकारों ने एक गोष्ठी का आयोजन किया। उस गोष्ठी में डॉक्टर झा को मुख्य अतिथि बनाया गया था। डॉक्टर झा ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया था। निमंत्रण स्वीकार करते समय उन्होंने गोष्ठी के आयोजकों से कह दिया था कि निश्चित समय से 30 मिनट पहले ही वह उनके निवास पर किसी को भेज दें।

अगले दिन गोष्ठी प्रारंभ होने से आधा घंटे पहले ही डॉक्टर झा तैयार होकर अपने आवास पर बैठे थे। लेकिन उन्हें लेने आनेवाला व्यक्ति आधा घंटा विलंब से पहुंचा। यद्यपि उसने विलंब के लिए आते ही क्षमा मांग ली थी लेकिन डॉक्टर झा ने उस गोष्ठी में भाग लेने से स्पष्ट इनकार कर दिया।

वह व्यक्ति बहुत गिड़गिड़ाया कि उनके न जाने से गोष्ठी विफल हो जाएगी।

लेकिन डॉक्टर झा नहीं माने और बोले, 'देरी से जाकर मैं लेट-लतीफ कहलाना नहीं चाहता। भले ही आपकी गोष्ठी सफल रहे या विफल...मुझे इससे मतलब नहीं।'



## काँव-काँव



✦✦✦

**किसानों की आय दोगुनी करना लक्ष्य-प्रधानमंत्री**

लड़की की शादी के लिये खेत बिक रहे हैं वैसे!

**पंजाब में हुई हजारों ड्रग्स स्मगलरों की गिरफ्तारी**

लखनऊ के हुक्काबारों में इसीलिये तो भीड़ है?

**पाकिस्तान पर है सत्तासी अरब डालर का कर्जा**

इस मामले में पाकिस्तान भारत से बहुत पीछे है!

**पीओके में नजर आया आतंकवादी मसूद अजहर**

पहलगाम के हत्यारे गोलियां चलाकर गायब हैं!

**फार्मा-हेल्थटेक में देश का नेतृत्व करेगा यूपी**

फिलहाल चिकित्सा सेवाएं खुद आईसीयू में हैं!

**कांवड़ियों को उपद्रवी कहना एकदम गलत-योगी**

सपा सरकार में अतीक-मुख्तार भी गुंडे नहीं थे!

**बिजली कटौती पर भड़के विधायक और व्यापारी**

यह सब बहुत देखा है! क्या कर लोगे?


**शहीद पथ के 16 में से 14 अंडरपास खतरनाक**

ताज्जुब है, बाकी दो ठीक कैसे रह गए!

✦✦✦

# लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए गहरी नींव खोदनी पड़ेगी

पंडित जवाहरलाल नेहरू अपनी विख्यात पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखते हैं कि राजनीति और चुनाव की रोजमर्रा की बातें ऐसी है , जिनमें हम हर जरा-- जरा से मामलों पर उत्तेजित हो जाते हैं । लेकिन, अगर हम हिंदुस्तान के भविष्य की इमारत तैयार करना चाहते हैं , जो मजबूत और खूबसूरत हो, तो हमें गहरी नींव खोदनी पड़ेगी , क्योंकि आदमी इच्छा के



- निशिकांत ठाकुर

मुताबिक काम कर सकता है ; लेकिन इच्छा के मुताबिक इच्छा नहीं कर सकता। ऐसी बातें आज इसलिए की जा रही है ; क्योंकि आगामी नंबर में होने जा रहे बिहार विधान सभा चुनाव है और सत्तापक्ष--विपक्ष इस बात पर अड़ा है वे जैसा चाहें इसी प्रकार से चुनाव कराएं जाएं ताकि मुकाबला एक दूसरे के पक्ष--विपक्ष में बराबर का हो , जनता जिसके पक्ष मे मतदान करे सरकार उसी की बने। मुद्दा इतना गरम और विवादित हो गया कि अपनी--अपनी भागीदारी साबित करने के लिए सत्तारूढ़ और विपक्षी , स्वयं सेवी संस्थाओं को सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा। चूंकि मामले पर निर्णय ,28 जुलाई को दिया जाना है इसलिए इस पर सामान्य जनता को कोई निर्णय देने का औचित्य नहीं रहता , पर चूंकि प्रारंभिक दौर में सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान में जो कहा वह यह कि वोटर लिस्ट में आधार पर भी विचार हो । जिस पर चुनाव आयोग ने कहा कि बिना सुनवाई के किसी को वोटर लिस्ट से बाहर नहीं करेंगे। आजादी के बाद मतदान का अधिकार प्रत्येक भारतीय नागरिक को दिया गया जो सामान्य रूप से चुनाव में भागीदारी करते रहे । पिछले दशक में सरकार ने मतदान की जो आयु 21 वर्ष थी उसे कम करके 18 वर्ष कर दिया था । युवाओं ने मतदान के अपने अधिकार को पाकर मतदान किया और उसके बाद लोकसभा विधान सभाओं के माध्यम से सरकारें बनती रही, लेकिन अब बिहार चुनाव के मद्देनजर यह बात उठ खड़ी क्यों हो गई है कि मतदाताओं की लिस्ट में सुधार आवश्यक है । इसलिए चुनाव आयोग द्वारा एक सूची घर घर पहुंचाकर उन्हें भरने की अपील की जा रही हैं जिन्हें स्थानीय निवासी गलत और अमान्य कर रहे हैं । मतदाताओं का कहना है कि अब तक उनके मतदान से सरकारें बनती आई हैं अब ऐसी क्या बात हो गई जो उनके आधार कार्ड तक को नहीं माना जा रहा है न ही राशन कार्ड न ही वोटर कार्ड मान्य हो रहा है । ऐसा इस चुनाव में ही क्यों ? इन्हीं मुद्दों के लेकर कई स्वयं सेवी संस्थाओं और विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि इतना दुरूह मतदान के अधिकार को क्यों किया जा रहा है ? मामला चूंकि निर्णय के लिए 28 जुलाई निर्धारित है , तभी यह कहा जा सकता है कि आखिर क्या होगा। जाहिरतौर पर , अब सत्तापक्ष और विपक्ष को एक मुद्दा मिल गया है कि वे समाज तक अपनी बात अपने तरह से पहुंचाए । इसे ही नजर में रखकर पिछले दिनों पटना में विपक्षी दलों द्वारा रैली करके चुनाव आयोग को घेरने का प्रयास किया । इस रैली में सांसद तथा सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी , तेजस्वी यादव सहित बड़े नेताओं ने भाग लिया। जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि राजग सरकार 2024 में महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव में जो धांधली की वही बिहार में करके सरकार बनाना चाहती है। विपक्ष ने कहा विशेष सघन पुनरीक्षण के माध्यम से एक बड़ी आबादी को मतदान के अधिकार से वंचित करना चाहती है , इसलिए वह सड़क पर है । विपक्ष ने आरोप लगाया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद पांच महीने में ही बड़ी संख्या में लोगों का नाम मतदान सूची में शामिल किए जाने से बदली राजनीतिक परिपेक्ष्य में बिहार में कराए जा रहें पुनरीक्षण के खिलाफ कानूनी लड़ाई के साथ --साथ जनमत तैयार करना ही बेहद अहम है। इस मद्देनजर विपक्ष एक जुट है ।

वहीं सत्तारूढ़ दल की ओर से ओर से भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और संसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि पुनरीक्षित सूची यह सुनिश्चित करने के लिए है कि केवल योग्य मतदाता ही अपने मताधिकार का प्रयोग करे । विपक्षी दलों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था , लेकिन कोर्ट ने इस पर रोक नहीं लगाई है , जो इन विपक्षी राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा झटका है जिन्होंने यह अभियान शुरू किया था। श्री रूडी ने यह भी कहा कि विपक्षी दल अब डर गए हैं और उन्हें आगामी बिहार के चुनाव में अपनी हार का आभास होने लगा है। मतदाता सूची में संशोधन एक प्रक्रिया है इसलिए चुनाव आयोग पर आरोप लगाना अनुचित है। वैसे वैद्य





मतदाताओं को जोड़ा जाना चाहिए जो लोग बिहार के मतदाता होने के योग्य नहीं है, उन्हें सूची से हटाया जाना चाहिए। वहीं भाजपा के नेता अमित मालवीय ने कहा कि मुस्लिम बहुल जिलों में आधार कार्ड सौ प्रतिशत से ज्यादा हो गए हैं , इसमें जरूर कुछ गड़बड़ है। चुनाव आयोग का दावा है कि बिहार की वोटर लिस्ट में विदेशी घुसपैठिए हैं। अब यह समझना जरूरी हो गया है कि भाजपा नेताओं का यह कहना समझ से बाहर हो गया है कि किसी÷योग्य÷ मतदाताओं से उनका अर्थ क्या है । क्या उनका कहना यह है कि जो मतदाताओं की तथाकथित संख्या बढ़ी है वह विदेशी घुसपैठिए तो नहीं है ? यदि भाजपा का यही आशय और कहना है कि कुछ घुसपैठिए हैं तो फिर प्रश्न यह उठता हैं कि ऐसे घुसपैठियों भारतवर्ष के अंदर घुसे कैसे और इतने वर्षो से यहां कैसे रह रहे हैं अबतक, मतदान कैसे करते आए हैं? यदि अब तक अयोग्य अर्थात फर्जी मतदाताओं ने बिहार में लोकसभा और विधान में मतदान किया है वे सभी फर्जी थे, तेजस्वी यादव कहते हैं कि फर्जी नामों के लिए सरकार ही जिम्मेदार है। तो फिर घूमकर यही बात सामने आती है कि जो वर्षो से अब तक फर्जी मतदाताओं द्वारा सरकार बनती आई है वह फर्जी और अयोग्य है? इस प्रश्न का उत्तर तो सत्तारूढ़ दल को देना ही चाहिए, वैसे अब निर्णय सुप्रीम कोर्ट को ही लेना है। यह बात समझ से बाहर है कि देश के नेताओं का उद्देश्य क्या है । क्या उनकी यही सोच है कि देश को खंड खंड में बांटकर उस पर निरंकुश शासन करते रहें ? वैसे चुनाव आयोग इस बात के लिए अपने संवैधानिक अधिकारों के द्वारा ही अड़ा हुआ है कि वह मतदाता सूची में शुद्धिकरण करके उसे लागू करके संविधान प्रदत्त प्रत्येक व्यक्ति को उसके अधिकार दिलाएं जाएं अथवा सत्तारूढ़ का सहयोग करके उन्हें सत्ता में फिर से पुनर्स्थापित किया जाए । वैसे विपक्ष ने यही तो आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग एक तरफा सत्तारूढ़ का पक्षपात कर रहा है । सच या झूठ सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर ही साबित होगा; क्योंकि बड़ी --बड़ी दलील दोनों पक्षों के वकीलों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दिए जा चुके है। बिहार से जुड़े कई वरिष्ठ पत्रकारों, राजनीतिक विश्लेषकों , वरिष्ठ राजनेताओं और ग्रामीण प्रवेश में रह रहे मतदाताओं ने बताया कि सरकार का दावा है कि उस फार्म को भरने 97 प्रतिशत मतदाताओं को दिए जा चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसा कोई फॉर्म उनके पास तक अभी नहीं पहुंचा है, हां फॉर्म भरने लिए कई गांवों में दिए भी जा चुके है । अब देखना यह है कि चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त अधिकारी सचमुच कितने प्रतिशत मतदाताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं और मतदाताओं की अंतिम सूची में जितने नाम जोड़े गए हैं या कितने मतदाताओं के नाम काटे जा चुके तथा सुप्रीम कोर्ट के आदेश का कहां तक पालन किया गया है ? जब तक चुनाव आयोग द्वारा अंतिम सूची जारी नहीं की जाती तबतक कुछ कहना और लिखना उचित नहीं है; क्योंकि हो सकता है चुनाव आयोग द्वारा यह सूची लोकतंत्र की दिवाल को मजबूत बनाने के लिए गहरी नींव के रूप में तो नहीं खुदाई की जा रही है ।



# लाहौल स्पीति की हर एक जगह है बेहद खूबसूरत और खास

लाहौल और स्पीति हिमाचल प्रदेश का एक खूबसूरत और अद्वितीय क्षेत्र है। इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, संस्कृति और शांत वातावरण इसे पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र



बनाते हैं। यहां के बर्फ से ढके पहाड़, हरे-भरे घाटियां, और शांत झीलें हर पर्यटक को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। यहां इस जगह की खासियतों के बारे में जानकारी दी गई है-

यहां की चंद्रताल झील झील को मून लेक के नाम से भी जाना जाता है। यह झील अपनी नीली जल और आसपास की अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। इसके साथ ही यहां का पिन वैली नेशनल पार्क अपनी वन्यजीव विविधता और खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों के लिए जाना जाता है। यहाँ स्नो लेपर्ड, साइबेरियन आइबेक्स जैसे वन्यजीव पाए जाते हैं।

लाहौल और स्पीति की संस्कृति बौद्ध धर्म और तिब्बती परंपराओं से गहराई से जुड़ी हुई है। यहां के मठ और



धार्मिक स्थल बौद्ध संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण हैं। की मोनास्ट्री स्पीति घाटी का सबसे बड़ा और सबसे पुराना मठ है। यहां के धार्मिक चित्र और मूरल्स बहुत ही सुंदर हैं। वहीं ताबो मोनास्ट्री को हिमालय का अजंता कहा जाता है।

यह 10वीं शताब्दी में बना था और यहां कई प्राचीन बौद्ध चित्र और मूर्तियाँ हैं।

यह क्षेत्र साहसिक खेलों के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां पर्यटक ट्रेकिंग, माउंटेन बाइकिंग, रिवर राफ्टिंग और कैंपिंग का आनंद ले सकते हैं। यहां का बारालाचा ला पास ट्रेकिंग और बाइकिंग के लिए एक प्रसिद्ध स्थल है। यहां से चार पहाड़ी रास्ते मिलते हैं। वहीं स्पीति नदी में रिवर राफ्टिंग एक रोमांचक अनुभव है। यहां की तेज धाराएं और खूबसूरत घाटियां राफ्टिंग को और भी मजेदार बनाती हैं।

लाहौल और स्पीति का मौसम बेहद ठंडा होता है, खासकर सर्दियों में जब बर्फबारी होती है। गर्मियों में, यह क्षेत्र सुंदर फूलों और हरियाली से ढका रहता है, जो इसे यात्रा के लिए आदर्श बनाता है।

मई से सितंबर के बीच का समय यात्रा के लिए सबसे अच्छा होता है। इस समय यहाँ का मौसम सुखद और ठंडा होता है। अक्टूबर से अप्रैल के बीच यहां भारी बर्फबारी होती है, जो इसे एक बर्फीले स्वर्ग में बदल देती है।

लाहौल और स्पीति तक पहुंचने के लिए कुछ कठिनाई हो सकती है, लेकिन यह यात्रा अपने आप में एक अनुभव है। यहां के सड़कों की हालत और ऊंचाई के कारण सफर रोमांचक और चुनौतीपूर्ण होता है। मनाली से रोहतांग पास और कुंजुम पास के रास्ते से स्पीति पहुँचा जा सकता है। वहीं शिमला से किन्नौर होते हुए स्पीति का रास्ता भी बहुत सुंदर और रोमांचक है।

# क्यों पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रहता है ज्यादा स्ट्रेस?

पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा स्ट्रेस में रहती हैं। दरअसल, अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के सर्वे में यह जानकारी सामने आई है। एकसाथ कई रोल में फिट होने की ललक, बॉडी इमेज से जूझना, कई हेल्थ समस्याओं से परेशान, परिवार साथ होने पर भी अकेले होने का एहसास, अत्यधिक काम का दबाव, वर्क होम लाइफ बैलेंस जैसे कई मुद्दे हैं जो एक महिला को पुरुषों की तुलना में अधिक परेशान करते हैं। आइए इस आर्टिकल में जानते हैं इसके बारे में।

महिलाएं एक साथ कई काम करने में सक्षम होती हैं फिर वो चाहे इच्छा से करें या मजबूरी में।



इससे शारीरिक और मानसिक थकान होती है। इससे निपटने के लिए महिलाओं को अपने सभी काम की लिस्ट को कई घंटों में बांट देना चाहिए, प्राथमिकता के अनुसार काम करना चाहिए और बीच बीच में ब्रेक लेते रहना चाहिए। लिस्ट के सभी काम पूरे करने के लिए दबाव में नहीं आना चाहिए। कुछ काम नहीं होंगे तो भी काम चल जाएगा लेकिन काम का तनाव लेकर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता न देने से कई प्रकार के रोग घर कर सकते हैं।


महिलाएं सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अपने जीवन की तुलना दूसरों के हंसते खेलते जीवन से कर के अनावश्यक दुखी हो जाती हैं जिससे तनाव बढ़ता है। इस डिजिटल ओवरलोड को कम करना चाहिए और सोशल मीडिया से ब्रेक लेकर खुद को डिजिटल डिटॉक्स करते रहना चाहिए।

एक जगह पड़े पड़े काम करते रहने से घर के माहौल में महिलाओं को सामान्य तौर पर भी एनर्जी ड्रेन होती है और तनाव महसूस होने लगता है। इसलिए घर से बाहर निकल कर फ्रेश हवा जरूर लेनी चाहिए जिससे माहौल बदले,मूड फ्रेश हो और तनाव कम हो। महिलाएं एक रूटीन में बंध कर मशीन की तरह दिन रात काम करती हैं। इससे उन्हें कुछ क्रिएटिव करने का या फिर अपनी हॉबी या पैशन को फॉलो करने का मौका नहीं मिल पाता है। इससे मेंटल स्टिमुलेशन नहीं होता है जिससे बोरिंग और थकान भरी दिनचर्या से मेंटल हेल्थ प्रभावित होती है। इसलिए कुछ आर्टिस्टिक या क्रिएटिव जरूर करते रहना चाहिए। महिलाओं से हर काम में परफेक्ट होने की उम्मीद की जाती है जिस पर खरा उतरने की नाकाम कोशिश करने में महिलाएं खुद को तनाव से भर लेती हैं और फिर अनिद्रा और डिप्रेशन जैसी समस्याओं से ग्रस्त हो जाती हैं। इसलिए जरूरी है कि खुद को परफेक्ट कहलाने की होड़ में न लगें। अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए जितना संभव हो उतने काम ही करें। अन्य काम के लिए मेड रखें, पार्टनर या घर के किसी अन्य सदस्य से मदद लें।

# रोज दो छुहारे खाने से मिलते हैं ये 4 जबरदस्त लाभ

हमारी दादी-नानी के जमाने से ही भारतीय घरों में छुहारा, यानी सूखा खजूर का इस्तेमाल होता आ रहा है। भले ही यह आकार में छोटा हो, पर यह अपने भीतर कैल्शियम, आयरन, फाइबर जैसे कई पोषक तत्व अपने अंदर समेटे हुए हैं। इन सब के साथ इसमें नेचुरल शुगर भी होता है।

जाहिर है इसमें इतने ढेर सारे पोषक तत्व मौजूद हैं तो ये सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होगा। रोजाना सिर्फ दो छुहारे खाने से आपको ऐसे जबरदस्त स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। ये सूखे मेवे आपके शरीर को अंदर से मजबूत बनाकर कई बीमारियों से लड़ने में मदद कर सकते हैं। आइए आज हम छुहारे के इन्हीं 4 चमत्कारी फायदों के बारे में जानते हैं, साथ ही ये भी जानेंगे कि छुहारे के सेवन का सही तरीका क्या है?



**तुरंत ऊर्जा प्रदान करता है**

छुहारा नेचुरल शुगर (जैसे ग्लूकोज, फरुक्टोज और सुक्रोज) से भरपूर होता है, जो शरीर को तुरंत और स्थायी ऊर्जा प्रदान करता है। यही कारण है कि पोषण विशेषज्ञ सुझाव देते हैं कि इसे वर्कआउट से पहले या बाद में ऊर्जा के लिए खाएं। अगर आप दिनभर थकान महसूस करते हैं, तो रोजाना दो छुहारे खाना आपके ऊर्जा के स्तर को बढ़ा सकते हैं।

**पाचने के लिए फायदेमंद**

इसके अलावा, छुहारे में फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो पाचन तंत्र के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह पेट साफ रखने में मदद करता है, जिससे कब्ज की समस्या दूर होती है। स्वस्थ पाचन तंत्र पूरे शरीर के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है।

**हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाए**

छुहारे कैल्शियम, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस जैसे महत्वपूर्ण खनिजों का एक उत्कृष्ट स्रोत हैं, जो सभी हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं। इन खनिजों का नियमित सेवन हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों को रोकने में मदद कर सकता है। यह बच्चों और बढ़ती उम्र के लोगों, दोनों के लिए हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायक होता है। इसके साथ ही छुहारे में पोटेशियम भी अच्छी मात्रा में होता है, जो मांसपेशियों के सही कामकाज और ऐंठन को दूर करने में मत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह शारीरिक गतिविधियों के बाद मांसपेशियों की रिकवरी में भी मदद करता है।

**रक्त को बढ़ाए और हृदय को स्वस्थ रखे**

छुहारा आयरन का एक बहुत अच्छा स्त्रोत है, जो इसे एनीमिया (खून की कमी) से जूझ रहे लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है। यह शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे खून की कमी दूर होती है और पूरे शरीर में ऑक्सीजन का संचार बेहतर होता है। खासकर महिलाओं के लिए, जो अक्सर आयरन की कमी का सामना करती हैं, छुहारा एक बेहतरीन प्राकृतिक उपाय है। इसके अलावा, छुहारे में मौजूद फाइबर और पोटेशियम रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करके हृदय रोगों के जोखिम को कम करते हैं।

# हाथों पर नहीं रचती है मेहंदी तो बस एक बार ये नुस्खे ट्राई करके देख लें

सावन का महीना चल रहा है, जिसमें महिलाएं पूजा के समय 16 श्रृंगार करती हैं। महिलाओं के 16 श्रृंगार में मेहंदी का अपना अलग योगदान है। इसी के चलते भगवान शिव को समर्पित इस महीने में महिलाएं हाथों पर खूबसूरत सी खूबसूरत मेहंदी की डिजाइन लगाती हैं। बारिश के मौसम में बहुत सी महिलाएं इस बात से परेशान रहती हैं, कि उनके हाथों पर मेहंदी का रंग नहीं चढ़ता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनको ट्राई करने के बाद आपकी मेहंदी का रंग एकदम चटक आएगा। खास बात ये है कि इन नुस्खों को ट्राई करने के लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**पहला नुस्खा-** मेहंदी का एकदम काला-गाढ़ा रंग चाहिए तो नींबू का रस और चीनी का मिश्रण इसमें आपकी मदद करेगा। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में नींबू का रस निचोड़ लें और फिर इसमें थोड़ी सी चीनी डालकर उसका घोल तैयार करें।

जब हाथों की मेहंदी सूख जाए तो रुई की मदद से इस घोल को मेहंदी पर अप्लाई करें। ध्यान रखें इसे गलती



से भी गीली मेहंदी पर अप्लाई न करें, वरना आपकी मेहंदी खराब हो सकती है। ये नुस्खा आपकी मेहंदी के रंग को गहरा कर देगा।

**दूसरा नुस्खा-** हर घर में सरसों का तेल अवश्य रूप से ही पाया जाता है। ऐसे में आप इसकी मदद से भी अपनी मेहंदी को काला कर सकती हैं। इसके लिए जब मेहंदी पूरी तरह से सूख जाए, यानी कि जब इसे हटाने का समय हो तो मेहंदी को हटाकर अपने हाथों पर सरसों का तेल अप्लाई करें। इसका फायदा तभी है, जब मेहंदी का रंग हल्का-हल्का आना शुरू हो जाए। सरसों का तेल अप्लाई करने के बाद हाथों को कुछ घंटे पानी से दूर रखें, ताकि इसका ज्यादा से ज्यादा असर आपकी मेहंदी पर हो सके।

**तीसरा नुस्खा -** मेहंदी का रंग गाढ़ा और गहरा करना है तो लौंग की भाप भी आपके काम आएगी। इसके लिए सबसे पहले तो एक तवे को गैस पर रखकर गर्म करें। अब इसपर 7-8 लौंग रखकर उसे भूनें। जब इसमें से तेज धुआं आने लगे तो इस भाप से अपनी मेहंदी को सेकें। भाप लेते समय हाथ को एकदम से तवे के ऊपर न करें, इससे हाथ पर छाला भी पड़ सकता है। लौंग की भाप लेते समय सावधानी बरतें, ताकि आपका हाथ भी सुरक्षित रहे और इसके जलने का खतरा भी न रहे। इसकी मदद से आपकी मेहंदी सूखेगी भी जल्दी ही।

# बारिश में मजा लें गरमा-गर्म पनीर काठी रोल का

**मानसून की बारिश में अगर आप कुछ गरमा-गर्म और जल्दी बनने वाली टेस्टी डिश खाना चाहते हैं तो आप पनीर काठी रोल्स ट्राई कर सकते हैं। ये बच्चों को भी काफी पसंद आते हैं। चलिए आपको बताते है टेस्टी रोल्स बनाने की रेसिपी...**

### सामग्री

रोटी- 4, पनीर- जरुरत अनुसार, लंबाई में कटा प्याज- 2, लंबाई में कटे टमाटर-2, शिमला मिर्च- 2, अदरक लहसुन का पेस्ट- 1/2चम्मच, तेल-1 चम्मच, चाट मसाला- 1/2 चम्मच, नमक- स्वादनुसार, किचन किंग मसाला- 1/2चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1/4चम्मच, गरम मसाला-1/4 चम्मच, चिली सॉस -1चम्मच, मेयोनीज- 2चम्मच



**विधि** सबसे पहले एक पैन लेकर उसमें तेल गर्म कर लें। अब गर्म किए हुए तेल में अदरक और प्याज का पेस्ट डालकर हल्का सा भून लें। इसके बाद कटा हुआ पनीर और टमाटर डालकर एख मिनट तक पका लें। फिर इसमें सभी मसाले डालकर दो मिनट तक पकने दें। इसके बाद उसमें चिली सॉस और मेयोनीज डालकर मिक्स करें। उसके बाद बनी हुई रोटियां लें और फिर उस पर मेयोनीज का मिश्रण फैला दें। उसके बाद पनीर की स्टफिंग को रोटियों के बीच फैलाकर रोटी को रोल कर दें। अंत में आप स्टफिंग की हुई रोटियों को बटर पेपर या एल्युमिनियम फॉइल पेपर में रोल कर दें और नीचे से किनारे को मोड़ दें ताकि स्टफिंग बाहर ना आए। ऐसे आपके पनीर काठी रोल्स 15 मिनट में बनकर तैयार हो जाएगें।

# स्किन के लिए वरदान हैं यह तीन चीज़ें

स्वस्थ और चमकदार त्वचा पाने के लिए सिर्फ बाहरी देखभाल ही नहीं, बल्कि सही आहार का भी विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। आपके द्वारा खाए जाने वाले कई फूड्स आपकी त्वचा की सेहत पर गहरा प्रभाव डालते हैं। हम आपको उन प्रमुख फूड्स के बारे में बताएंगे जो आपकी त्वचा के लिए लाभकारी हैं और आपकी त्वचा को नेचुरल रूप से स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। विटामिन सी न केवल आपके शरीर की इम्युनिटी को बढ़ाता है, बल्कि आपकी त्वचा के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे नींबू, संतरा, मौसमी और कीवी को अपनी डाइट में शामिल करना त्वचा के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। यह पोषक तत्व कोलेजन के उत्पादन में मदद करता है, जो आपकी त्वचा को ढीला होने से बचाता है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर कोलेजन का उत्पादन धीमा कर देता है, इसलिए विटामिन सी का सेवन अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रोटीन भी त्वचा के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# बारिश में कुछ चटपटा चाहिए? महाराष्ट्र की मशहूर भाखरवाड़ी ट्राई करें

भारत देश अपनी विविधता की वजह से ही जाना जाता है। यहां हर राज्य का अपना अलग खाना और अलग पहनावा होता है। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसे स्नैक्स के बारे में बताएंगे, जोकि एक प्रिय महाराष्ट्रीयन नाश्ता है, लेकिन इसकी उत्पत्ति गुजरात में हुई है। सुनने में अजीब लगा न, लेकिन ये हकीकत है। यहां हम बात कर रहे हैं भाखरवाड़ी की, जो कि आज के समय में महाराष्ट्र का सबसे प्रिय स्नैक्स माना जाता है। इसे बारिश के मौसम में चाय के साथ खाने से मौसम का मजा दोगुना हो जाता है, इसलिए लोग इसे बनाकर स्टोर कर लेते हैं। आइए आपको भी इस स्नैक्स को बनाने की विधि बताते हैं।



**विधि-** भाखरवाड़ी बनाने के लिए सबसे पहले तो इसका आटा तैयार करना है। इसके लिए एक बड़े से बाउल में बेसन, मैदा, नमक और अजवाइन मिलाएं। इसके बाद इसमें थोड़ा सा तेल डालें और इसे अच्छी तरह से गूंथ लें। जब ये हल्का-हल्का गुंथने लगे तो जरूरत के हिसाब से पानी डालें और आटे को पूरी तरह से गूंथ लें। ध्यान रखें कि इस आटे को आपको टाइट ही गूंथना है। जब ये गुंथ जाए तो आटे को 15-20 मिनट ढककर रख दें। इसके बाद बारी आती है स्टफिंग तैयार करने की तो उसके लिए सबसे पहले एक पैन में बिना तेल के तिल, सौंफ और सूखा नारियल हल्का भूनें। जब ये भुन जाए तो गैस बंद करके इसे ठंडा होने दें। सभी सामान को ठंडा होने के बाद इसमें गुड़, मिर्च, अमचूर, धनिया-जीरा पाउडर और नमक मिलाएं। अब इसे मिक्सर में डालकर ग्राइंड कर लें, ताकि ये एकदम महीन हो जाए। ये अगर मोटा रहेगा, तो भाखरवाड़ी के रोल सही से नहीं बनेंगे। जब मिश्रण तैयार हो जाए तो तो अब बारी आती है भाखरवाड़ी तैयार करने की तो उसके लिए तैयार आटे की लोई लेकर उसे पराठे की तरह बेल लें। अब इसपर मसाले को पूरे पर फैलाएं। अब धीरे-धीरे इसे टाइट रोल करें, किनारों को बंद करें। जब इसका रोल तैयार हो जाए तो उसे एक-एक इंच मोटे टुकड़ों में काट लें और फिर हल्के हाथ से दबा लें। इसके बाद कढ़ाई में तेल गर्म करें और मध्यम आंच पर भाखरवाड़ी के टुकड़े सुनहरा होने तक तलें। जब ये सुनहरा हो जाए तो इसे तेल से निकाल लें और टिश्यू पेपर पर रख लें, ताकि इसमे से अतिरिक्त तेल निकल जाए। इसे आप एक महीने तक स्टोर करके रख सकते हैं।

### भाखरवाड़ी बनाने का सामान

बेसन - 1 कप
मैदा - 1/2 कप
अजवाइन -1/2 छोटा चम्मच
नमक - स्वादानुसार
तेल - 2 बड़े चम्मच (मोयन के लिए)
पानी - गूंथने के लिए

### मसाला तैयार करने के लिए जरूरी सामान

सूखा हुआ नारियल - 1/2 कप
सौंफ - 1 छोटा चम्मच
तिल - 1 बड़ा चम्मच
धनिया पाउडर - 1 छोटा चम्मच
जीरा पाउडर - 1 छोटा चम्मच
अमचूर पाउडर - 1 छोटा चम्मच
हल्का गुड़ कद्दूकस किया हुआ - 1 बड़ा चम्मच
लाल मिर्च पाउडर - स्वादानुसार
नमक - स्वादानुसार



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**रविवार, 20 जुलाई, 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ श्रावण मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, दशमी तिथौ रवि वासरे 12/14/ कृन्तिका नक्षत्रे 22/54/ गण्ड़ योग 21/48/ भद्रा करणे 12/14/ वृष राशिगत चन्द्रमा घं.06मि.12पर।

**व्रत एवं त्यौहार -** भद्रा समाप्त घं.12:14 पर। शुक्र मृगशिरा नक्षत्र में 12:56 पर। केतु वक्री पू.फा. नक्षत्र 16:18 पर।

**मेष :** समय लाभकारी है। द्रव्य लाभ होगा।कार्यों की पूर्ति होगी। प्रयोजन समागम होगा। यश प्राप्ति होगी।

**वृष :** जीवनसाथी पर व्यय होगा। ऋण लेने से बचें। दूसरो पर छोड़े गए कार्यों में विलंब होगा। आवेश त्यागे।

**मिथुन :** नए अनुबंधों का लाभ होगा। अनावश्यक कार्य में व्यस्त रहेंगे। घरेलू विवादों को टालें।

**कर्क :** आकामिक लाभ होगा। सत्पूरामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारीबारी दूर होगी। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कन्या :** मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। बनाएँ पर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेगा। बौद्धिक विकास होगा।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्कों में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**कुंभ :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन :** वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

**पण्डितपुर में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण मैं कंस वध एवं उद्धव गोपी संवाद की कथा,**

**कुठौंद(जालौन)।** विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत पंडितपुर में 2 जनवरी दिन गुरुवार से गणेश पूजन के साथ श्रीमद् श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा शुरू हुई चल रहे कार्यक्रम में सरस मधुर कथा वाचक आचार्य पंडित श्री पुनीत जी मिश्रा राधे राधे दिवियापुर के मुखारविंद से पावन कथा भगवान का मथुरा गमन,कंस वध, उद्धव गोपी संवाद एवं भगवान का रुक्मणी के साथ विवाह की कथा आए हुए भक्तों ने सुनी ।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई 28 शिकायतें, 08 का हुआ मौके पर निस्तारण



उरई(जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से सम्पूर्ण समाधान दिवस मंडी में स्थित तहसील उरई के सभागार में जनसामान्य की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करना है। कुल प्राप्त 28 शिकायती प्रार्थना पत्रों में से 08 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष के लिए अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता दीपक ने जिला विद्यालय निरीक्षक पर राजकीय इंटर कॉलेज, उरई के मैदान का शासनादेश के विपरीत व्यावसायिक उपयोग करवाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को जांच अधिकारी नामित किया।

मुहल्ला वासी वार्ड 13 के नागरिकों ने जलभराव से हो रही परेशानी का उल्लेख करते हुए पुलिया निर्माण की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी डकोर को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष एवं समयबद्ध ढंग से निस्तारित किया जाए।

इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 26 शिकायतें, मौके पर 5 का निस्तारण’



कोंच(जालौन)। दिन शनिवार को नदीगांव रोड स्थित ब्लाक कार्यालय के सभागार में उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिबस का आयोजन किया गया जिसमें 26 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं से सम्बंधित प्रार्थना पत्र अधिकारियों को सौंपे जिस पर अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुना और निस्तारण के लिए संबंधित बिभाग के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया कि आई हुई शिकायतों का समय बद्ध एवं गुणबत्ता पूर्वक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें एस डी एम ने यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में सम्बंधित लोगों को मौके पर बुलाकर पारदर्शी तरीके से समस्या का निस्तारण करें जिससे दुबारा फरियादी उक्त समस्या को लेकर न आये वहीं आयी हुई शिकायतों में से मौके पर 5 शिकायतों का निस्तारण करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दास्त नही होगी और अगर मांनीटरिंग के दौरान कोई भी कमी पायी जाती है तो सम्बंधित बिभाग के अधिकारी के बिरुद्ध सख्त कार्यबाही की जाएगी इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह बी डी ओ गिरवर प्रसाद वर्मा नगर पालिका से अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव बिधुत बिभाग से अवर अभियंता अमन पांडेय उपखण्ड खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील राजपूत पूर्ति निरीक्षक मनोज तिवारी सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में डेढ़ दर्जन शिकायतें दर्ज, सर्वाधिक राजस्व विभाग से



0 जनता की समस्या को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं-मनोज

माधौगढ(जालौन)। आज तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता संयुक्त क्षेत्राधिकारी रामसिंह तथा प्रभारी तहसीलदार भुवनेन्द्र कुमार की मौजूदगी में हुआ

इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौक़े पर 18 शिकायते प्राप्त हुई । जिसमे 8 शिकायते राजस्व विभाग सें तथा 5 शिकायते पुलिस सें तथा 5 शिकायतें अन्य विभाग सें सम्बंधित रही।


समाधान दिवस में राजस्व, विद्युत, जल आपूर्ति, पेंशन, सड़क, आवास आदि से जुड़ी कई शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमे सें 5 शिकायतों का मौक़े पर निस्तारण किया गया , बकाया शिकायतों के निस्तारण के लिए उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कर्मचारीयों मौक़े पर जाकर जांच कर उचित निस्तारण करने को निर्देशित किया उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनता की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर और शीघ्रता से किया जाए।

तथा समस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी शिकायतों का निस्तारण स्पष्ट एवं समयानुसार और गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए किसी भी तरह की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। इस समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी रामसिंह, प्रभारी तहसीलदार भुवनेन्द्र कुमार, थाना अध्यक्ष सतीश कुमार कुशवाहा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सत्यपाल यादव, कंझारी चौकी इंचार्ज हीरा सिंह, सहायक विकास अधिकारी भारत सिंह, व अन्य विभाग के समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

# बारिश और बाढ़ से निपटने के लिये प्रशासन ने कसी कमर बाढ़ चौकियां सक्रिय, बाढ़ नियंत्रण कक्ष एक्टिव मोड पर







उरई(जालौन)। बारिश की शुरूआत होने से पूर्व ही जनपद में बाढ़ प्रबंधन कार्य योजना की तैयारी करते हुये जिला मुख्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर दी गयी जो चौबीस घंटे क्रियाशील कर दिया। हालांकि जनपद में विगत कई वर्षों से पानी बरसने से बाढ़ जैसे हालात नहीं बने लेकिन इतना अवश्य से पिछले कुछ वर्षों में जनपद की सीमा से निकली नदियों में बाढ़ जैसे हालात तब पैदा हो जाते है जब अधिसंख्या में बांधों के ओवर होने के बाद पानी छोड़ दिया जाता है। इसके बावजूद जिला प्रशासन बाढ़ की तैयारियों को लेकर बाढ़ अनुश्रवण हेतु स्टीयरिंग ग्रुप का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष जिलाधिकारी राजेश कुमार को बनाया गया तो वहीं जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष की सतत निगरानी की जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार संभाल रहे हैं। इसके इतर तहसीलों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की निगरानी के लिये उप जिलाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। एक नजर जनपद के गांवों पर डाले तो 1155 गांव है जिसमें 158 गांवों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र माना जाता है जहां 27 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गयी है ताकि बाढ़ जैसे हालात बनने पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुंचायी जा सके।

बरसाती मौसम की शुरूआत होते ही जिला प्रशासन बाढ़ प्रबंधन कार्य योजना पर कार्य करना शुरू देता है। हालांकि जनपद में यमुना नदी, नून नदी, बेतवा नदी, पहूज व सिंधु, क्वारी नदी की तलहटी में बसे गांवों में ही बाढ़ जैसे हालात तब पैदा होते है जब बड़ी संख्या में बांधों से पानी छोड़ा जाता है। समूचे जनपद में बाढ़ के हालात यदा कदा होते हैं। यदि पिछले वर्ष आयीं बाढ़ की स्थिति पर नजर डाले तो वर्ष 1980 में सबसे विकराल बाढ़ आयी थी जिसमें जनपद के अधिकांश गांव तो प्रभावित हुये ही थे साथ ही बड़ी संख्या में कच्चे मकान धरासायी हुये थे। इसके बाद 1996 में आयी बाढ़ में भी कमोवेश इसी स्थिति से जनपदवासी जूझने को विवश हुये थे तो वर्ष 2013 में भी बाढ़ जैसे हालात बन गये थे। लेकिन सतर्कता के चलते उतना नुकसान नहीं हुआ था। लेकिन पिछले तीन वर्षों से लगातार नदियों के किनारे बसे गांवों के ग्रामीणों को बाढ़ जैसी विभीषिका से जूझने को विवश होना पड़ रहा है। यह क्रम वर्ष 2022, 2023 व 2024 से लगातार बना हुआ है।





आम तौर पर माना जाता है कि जनपद में बाढ़ जैसे हालात अगस्त माह के अंतिम सप्ताह व सितंबर के पहले सप्ताह में तभी बनते हैं जब राजस्थान, हरियाणा, मप्र में नदियों पर बने बांधों से एक साथ पानी छोड़ा जाता है। यह स्थिति तभी बनती है जब मप्र, हरियाणा व राजस्थान में बारिश अधिक हो। इसी को ध्यान में रखते हुये जिला प्रशासन बाढ़ प्रबंधन कार्य योजना पर पूरी गंभीरता से बरसात शुरू होने से पूर्व ही कार्य करना शुरू कर देता है। वैसे जिले में 1155 गांव व मजरा है जिसमें 158 गांव ऐसे हैं जिन्हें बाढ़ प्रभावित क्षेत्र माना जाता है। ऐसे गांवों में सतत निगरानी के लिये 27 बाढ़ चौकियों की स्थापना करने के साथ ही वहां कर्मचारियों की तैनाती की जाती है ताकि बाढ़ जैसे हालात होने पर जिला प्रशासन अपने कर्मचारियों से वार्ता कर वास्तविक स्थिति का आंकलन कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुंचा सके।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार ने बताया कि बाढ़ से निपटने हेतु जनपद स्तर स्टीयरिंग ग्रुप का गठन ही नोडल अधिकारियों की तैनाती गयी सूचना का आदान प्रदान के लिये बाढ़ नियंत्रण कक्ष को खोला गया है जो बाढ़ संबंधी चेतावनी का प्रसारण करेगा।बाढ़ राहत कार्यो के लिये नाव, मोटर, वोट, गोताखोर की व्यवस्था,पानी की निकासी हेतु पम्पों की व्यवस्था के अलावाबाढ़ चौकियों की स्थापना, खाद्य रसद, भूसा, चारा, दवायें, बिजली, पानी केइन्तजामात रहेंगे।

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार ने बताया कि जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष अपर जिलाधिकारी के नियंत्रण में कलेक्ट्रेट प्रांगण में 8-8 घंटे की तीन पालियों में कलेक्ट्रेट के एक सहायक, दो चपरासी तथा दो होमगार्ड तैनात किये जायेंगे। इस नियंत्रण कक्ष में टोल फ्री नम्बर की व्यवस्था होगी। अधिशासी अभियंता बेतवा नहर प्रखंड प्रथम उरई के कार्यालय में 1 जून से 31 अक्टूबर के मध्य बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जायेगी। जिसमें 8-8 घंटे की तीन पाली में दो-दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जायेगी। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 05162-252432 है।

बाढ़ से पूर्व तैयारी एवं उपायों की जानकारी देते हुये अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार ने बताया कि सड़कों, पुलियों एवं पुलों की मरम्मत तथा कटान रोकने के लिये बालू की बोरियों तथा अन्य आवश्यक सामग्री का प्रबंध,बाढ़ शरणालय,नाव, मोटर वोट, गोताखोर की व्यवस्था

बाढ़ पीड़ितों के लिये खाद्यान्न, पेयजल, दवा तथा अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था के साथ ही पानी की निकासी हेतु पम्पों की व्यवस्था,

पशुओं की बीमारी की रोकथाम तथा चारे-भूसे के अलावा विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिये गये है।

### कालपी तहसील के बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों की सूची

1. कालपी. 2. गुलौली मुस्तकिल, 3. गुलौली दिवारा, 4. हीरापुर मुस्तकिल, 5. हीरापुर दिवारा, 6. देवकली. 7. शेखपुर बुल्दा, 8. मैनूपुर मुस्तकिल, 9. जीतामऊ मुस्तकिल, 10. रायपुर, 11. मानपुर, 12. खड़गुई दिवारा, 13. सिमरा शेखपुर, 14. दहेलखण्ड, 15. गुढ़ाखास मुस्तकिल, 16. शेखपुर गुढ़ा मुस्तकिल, 17. इकौना, 18. पाली, 19-महेवा, 20. मगरौल मुस्तकिल, 21. पड़री मुस्तकिल, 22. नरहान मुस्तकिल, 23-चतेला, 24. हिमनपुरा, 25. क्योटरा, 26. चिरपुरा, 27. पथरेहटा, 28. बसरेही, 29. शमसी, 30. बड़ागांव, 31. भेंडी खुर्द, 32. परासन, 33. चंदरसी, 34. कहटा हमीरपुर, 35. सुनहटा।

### जालौन तहसील क्षेत्र के बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों के नाम

1. भदेख दिवारा, 2. करमुख, 3. जुगराजपुर मु., 4. टिकरी मु.. 5. लोहई, 6. नैनापुर, 7. हरशंकरपुर, 8. मसगांव, 9. गजरौरा, 10. हिन्नैली, दिवारा, 11. खेड़ा मु., 12. रोमई मुस्तकिल, 13. सीपुरा, 14. बधावली मुस्तकिल, 15. अब्दुल्लापुर, 16. लहचुरा, 17. रनवां, 18. कोरीपुरा, 19. सिकरी राजा।

### उरई तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों के नाम

1. कोटरा, 2. अमरोड़, 3. सिवड़ी, 4. सैदनगर, 5. कमठा, 6. नुनसाई. 7. सिकरीव्यास 8. मोहना, 9. कहटा, 10. मकरेछा 11. कुरौना, 12. ददरी, 13. टीकर, 14. ऐर, 15. खरका, 16. बघौली 17. गुढ़ा, 18. सिमिरिया 19. उरई, 20. बधौरा, 21. उरई का मोहल्ला उमरारखेरा, 22. चौरसी, 23. रगेदा, 24. बरहा उरई, 25. कुकरगांव, 26. मवई मौखरी, 27. पिया निरंजनपुर, 28. जलालपुर, 29. चिरगुवा, 30. दौलतपुर कालपी, 31. मगराया, 32. उरई के मोहल्ला लहारिया।

### कोंच तहसील के बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों के नाम

नदीगांव, मकरौल, गिरवास, बड़ीडांग, खजुरी, डोंग सजैरा, डॉग खैराई परासनी, एवरा, ऊंचागाँव, सलैया बुजुर्ग, चटसारी, बिलहटा, जैतपुरा, वेडा, दावर, मऊ, महेशपुरा, सीगपुरा, ककरौली, बुदेरा, सलैया बुजुर्ग, भरसुड, रुखना, भूरट सौजना, सला, कोंच, कमतरी, रबा, किसनपुरा, डाढ़ी, परैथा, सेत, पचीपुर कला, गुरावती, सिकरी कोंच।

### माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों के नाम

जगम्मनपुर, मढेपुरा, कन्जौसा, भिटौरा, कनार, बिलौड़, जायधा, कर्रा, सुल्तानपुरा जागीर, रामपुरा जागीर नरैल, कूसेपुरा, अटरा मजरा, निनावली जागीर, किसुनपुरा, डिकौली जागीर, सिहपुरा, भैलावली, मिर्जापुर जागीर, हिम्मतपुरा, गेग, गुढद्या महटौली पुरा, कंझारी, पतराही, लिडऊपुर, कोटा मुस्तकिल, मोतीपुर मुस्तकिल, जालौन खुर्द, तौकलपुर, ऊँचा, महाराजपुरा, भीगनी, सूपा, नुनायचा, असहना, माधौगढ़, डिकौली माधौगढ़।

## समाधान दिवस में प्रस्तुत 37 शिकायतों में 8 मामले मौके पर निपटाये

**कालपी(जालौन)।** तहसील सभाकक्ष में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का मौके पर जाकर के गुणवत्ता पूर्वक समाधान कराए जाए। इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता नहीं होनी चाहिए। शिकायतकर्ता से उसका पक्ष जरुर पूछें। लालमन निवासी जौराखैरा ने मकान में कब्जा करके बेचने की शिकायतकी, राम प्रकाश कुमार पुरवार निवासी ग्राम निभाना ने प्राथी की आरजी की भूमि में पड़ोसी किसान द्वारा गलत नाप करने की शिकायत की गई, हरिश्चंद्र कुलश्रेष्ठ के द्वारा मोहल्ला मनीगंज में पानी की रुकावट की समस्या को लेकर शिकायत की गई। दीपचंद सैनी ने नगर के तीन प्रमुख मांगों को लेकर शिकायत दर्ज कराई। जयशंकर सिंह निवासी नूरपुर में शिकायती पत्र देकर अवगत कराया के प्रार्थी की जमीन में नाजायज कब्जा किया जा रहा है चंद्रप्रकाश निवासी ग्राम संदी ने प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी की भूमि गाटा संख्या 1112 में विपक्षियों के द्वारा कब्जा करके निर्माण किया जा रहा है। लक्ष्मी देवी निवासी ग्राम मल्थुआ ने प्रारथिनी के परिवार का नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज करने की मांग की है। इस अवसर पर

तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, मुकेश कुमार, खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार मिश्रा,राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र कुमार,नगर पालिका परिषद के वर अभियंता प्रवीण कुमार मौर्या, सरफराज खान ,पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार, जल संस्थान के अवर अभियंता वासित अली,वन क्षेत्राधिकारी कालपी संजय कुमार, जितेंद्र श्रीवास्तव,तहसील के प्रशासनिक अधिकारी धीरज पुरवार,कालपी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी, कदौरा,आटा तथा चुरखी के थानेदारों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## स्थानान्तरण होने पर प्राध्यापक डॉ. मनोज कुमार को दी गई भावभीनी विदाई



ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय में विगत 3 वर्षों से असिस्टेन्ट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान के पद पर कार्यरत डॉ. मनोज कुमार का स्थानान्तरण विशेष सचिव उ.प्र. शासन लखनऊ द्वारा कुंवर सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया होने के फलस्वरूप प्रबंधक नेहरू महाविद्यालय प्रदीप चौबे के निर्देश पर प्रोफेसर ओमप्रकाश शास्त्री द्वारा नवीन महाविद्यालय के लिए कार्यमुक्त किए जाने पर आयोजित विदाई समारोह डॉ. मनोज कुमार को शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई देकर नवीन महाविद्यालय के लिए विदा किया गया। आयोजित विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि डॉ. मनोज कुमार ने विगत तीन वर्ष में नेहरू महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्र व छात्राओं के मध्य स्नेहपूर्वक अपना श्रेष्ठतम स्थान बनाया था, डॉ. मनोज कुमार अपनी विनम्रता, व्यवहारिकता तथा कर्तव्यनिष्ठा के कारण जनपद ललितपुर में लोकप्रिय हो गये थे, उन्होंने कहा कि डॉ. मनोज कुमार में निर्भीकता, साहस तथा सरल व्यक्तित्व के गुण विद्यमान है, वह अपने भावी जीवन में उन्नति के शिखरों पर अग्रसर हों, ऐसी मेरी शुभकामना है। प्रबंध समिति की ओर से उपाध्यक्ष विलास पटैरिया ने कहा कि डॉ. मनोज कुमार ने प्रबंध समिति के निर्देशों का सदा सम्मान किया तथा प्रबंध समिति द्वारा दिया गया प्रत्येक कार्य उन्होंने अच्छे ढंग से सम्पादित किया। विदाई समारोह में डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि मुझे 3 वर्ष में नेहरू महाविद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों, वरिष्ठ सदस्यों, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश शास्त्री सहित सभी प्राध्यापकों, कार्यालय कर्मचारियों, छात्र व छात्राओं उनके अभिभावकों तथा जनपद वासियों ने जो अपना आत्मीय स्नेह प्रदान किया उसे हम जीवन में कभी भुला नहीं सकते हैं, उन्होंने सभी का हृदयतल से आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह में प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विलास पटैरिया, प्रोफेसर आशा साहू, हिमांश धर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, डॉ. सुधाकर उपाध्याय, डॉ. सूबेदार यादव, डॉ. सुभाष जैन, डॉ. दीपक पाठक, डॉ. रामकुमार रिछारिया, डॉ. ओ.पी.चौधरी, डॉ. जितेन्द्र राजपूत, डॉ. अनूप दीक्षित, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. लक्ष्मीकांत मिश्रा, डॉ. अरिमर्दन सिंह, डॉ. अवनीश त्रिपाठी, डॉ. जगत कौशिक, डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. जगवीर सिंह, डॉ. विनीत अग्निहोत्री, फहीम बख्श आदि उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने तहसील महरौनी मे सुनी जनता की फरियाद



सम्पूर्ण समाधान दिवस में कई शिकायतों का मौके पर कराया निस्तारण

फरियादियों को उनकी समस्या के निस्तारण का दिलाया भरोसा

व्यक्तिगत रुचि लेकर शिकायतों का निस्तारण कराने के अधिकारियों को दिये निर्देश

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील महरौनी में किया गया व फरियादियों की समस्यायें सुनकर उनकी समस्या के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने फरियादियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पीढ़ित को त्वरित न्याय और सुगम निस्तारण की प्राथमिकता पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन समस्त तहसीलों में किया जा रहा है, जिले के आला अधिकारी स्वयं यहां उपस्थित होकर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करायेंगे, उन्होंने कई शिकायतों का सम्बंधित अधिकारियों से मौके पर ही निस्तारण कराया और शेष शिकायतों को सौंपते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यक्तिगत रुचि लेकर जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें, इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 45 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 20, पुलिस विभाग के 6, विकास विभाग के 2, पूर्ति के 2, विद्युत के 5, चकबंदी का 1 तथा अन्य विभाग के 9 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 5 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी महरौनी मदनमोहन गुप्ता, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्वाचन विभाग ने मतदाताओं से दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु की अपील

ललितपुर। जिला निर्वाचन कार्यालय के पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार के द्वारा बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान अंतर्गत शेष मतदाताओं से 25 जुलाई तक गणना प्रपत्र भरने एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की अपील की गई है, उन्होंने बताया कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत 24 जून की स्थिति में कुल 7,89,69,844 मतदाताओं में से अब तक 6,99,92,926 मतदाताओं 88.65ः से गणना प्रपत्र प्राप्त किए जा चुके हैं, भारत निर्वाचन आयोग की प्रेस विज्ञप्ति के आलोक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में केवल 8.85 प्रतिशत 54,07,483 मतदाता शेष हैं, जिनसे अगले 9 दिनों के भीतर, यानी 25 जुलाई तक गणना प्रपत्र प्राप्त किए जाने हैं, संभव है कि इनमें से कई मतदाता अस्थाई रूप से बिहार के बाहर गये हुए है, जो ऑनलाइन माध्यम अथवा परिवार के सदस्यों के सहयोग से गणना प्रपत्र भर सकते है, अब तक 6,47,24,300, 81.96 प्रतिशत प्रपत्र अपलोड भी किए जा चुके हैं व प्रारूप निर्वाचक नामावली 1 अगस्त को प्रकाशित की जाएगी और दावा-आपत्ति की अवधि 1 अगस्त से 1 सितंबर तक निर्धारित है। बिहार से बाहर अस्थाई रूप से बाहर मतदाता भी अपने मोबाइल फोन, वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन गणना प्रपत्र स्वयं भर सकते हैं, इसके अलावा वह प्री-फिल्ड फॉर्म डाउनलोड कर हस्ताक्षरित प्रति को व्हाट्सएप, ई-मेल या अन्य माध्यम से बीएलओ तक भेज सकते हैं या परिवार के सदस्य के माध्यम से बीएलओ को प्रेषित कर सकते हैं, विशेष गहन पुनरीक्षण में गणना प्रपत्र भरने हेतु 11 दस्तावेजों में से कोई भी संलग्न किया जा सकता है, किसी भी केन्द्रीय, राज्य सरकार, पीएसयू के नियमित कर्मचारी व पेंशनधारी को जारी पहचान पत्र या पीपीओ 2 एक जुलाई 1987 से पूर्व भारत में किसी सरकारी, स्थानीय निकाय, बैंक, डाकघर एलआईसी, पीएसयू द्वारा जारी कोई दस्तावेज, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड, विश्वविद्यालय द्वारा जारी शैक्षणिक प्रमाणपत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, नागरिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर जहाँ उपलब्ध हो, राज्य, स्थानीय प्राधिकारी द्वारा तैयार पारिवारिक रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र यदि इन उल्लेखित दस्तावेजों में से कोई एक भी गणना प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिया जाए, तो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को नाम जोड़ने की प्रक्रिया में सुविधा होती है। यदि दस्तावेज तत्काल उपलब्ध न हों तो दस्तावेज बाद में 25 जुलाई तक अथवा दावा-आपत्ति अवधि 1 अगस्त से 1 सितंबर में भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं। प्रारूप मतदाता सूची में मतदाता का नाम सम्मिलित होने हेतु गणना प्रपत्र 25 जुलाई तक उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। मतदाता पर जाकर अपने फॉर्म की स्थिति की भी जाँच कर सकते हैं।

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं



चित्रकूट ब्यूरोः जनपद की सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम-एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धितों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

तहसील सभागार राजापुर में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए। कहा कि नाली, चकरोड व तालाब पर अतिक्रमण की समस्या को तत्काल मौके पर पहुंचकर निस्तारित कराएं। ऐसी शिकायतों का ब्लॉक व तहसील स्तर पर ही निपटारा हो जाना चाहिए ताकि प्रार्थी को मुख्यालय न आना पड़े। भूमि संबंधी समस्याओं के मामले में राजस्व, चकबंदी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित प्रकरणों पर संवेदनशीलता के साथ निस्तारण कराएं। इस मौके पर राजापुर उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सत्यनारायण यादव, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला खनिज अधिकारी रणवीर सिंह, डीसीएनआरएलएम ओपी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में तहसील सभागार कर्वी में अपर जिलाधिकारी उमेशचंद्र निगम व अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एडीएम ने प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। अपर पुलिस अधीक्षक कहा कि सस्भी सम्बन्धित अधिकारी समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों का निस्तारण शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कराएं। इस मौके पर सम्बघित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कार्यक्रम का स्थल कर लिया तैयारियों का जायजा

राजापुर, चित्रकूटः आगामी 22 जुलाई से शुरु होकर 31 जुलाई तक चलने वाले तुलसी जन्म जयंती समारोह की व्यवस्थाओं का शनिवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने निरीक्षण कर जायजा लिया। डीएम-एसपी ने तुलसी जन्म कुटीर, तुलसी संस्कृत महाविद्यालय, तुलसी जन्म कुटीर पहुंच मार्ग आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को निर्देशित किया कि समारोह के दौरान नगर क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल व विद्युत व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं दुरुस्त रहनी चाहिए। अधिशासी अभियंता राजापुर को भी निर्देशित किया कि आयोजन से पहले क्षेत्र की खराब विद्युत तारें व पोलों को दुरुस्त कर लें। आयोजकों ने बताया कि समारोह में कलश यात्रा, तुलसी चरित्र कथा, यमुना आरती, बाललीला व शोभा यात्रा आदि का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी राजापुर आरआर रमन, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा सहित संत-महात्मा आदि मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय दौरे पर चित्रकूट आए अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष

चित्रकूट ब्यूरीः तीन दिवसीय जनपदीय दौरे पर धर्मनगरी आए अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर मकवाना ने शनिवार को दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित गोस्वामी तुलसी दास परिसर गनीवां का निरीक्षण किया।

यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित परमानन्द आश्रम पद्धति विद्यालय का भी भ्रमण किया तथा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों से संवाद कर साथ में भोजन प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनन्द लिया। इस



दौरान दीन दयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने उनका स्वागत करते हुए बताया कि परिसर में गोस्वामी तुलसीदास की जन्म जयंती पर आगामी 31 जुलाई को प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रसिद्ध कथा वाचक संत मोरारी बापू आदि शामिल होंगे। संगठन सचिव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को जानकारी देते हुए कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अंगवस्त्र व श्रीरामदरबार भेंट किया। इस मौके पर भाजपा जिला महिला मोर्चा प्रभारी रसिक बा केसरिया, समिति कार्यकर्ता झागू बा केसरिया आदि मौजूद रहे।

इसके पूर्व अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर मकवाना ने दीनदयाल शोध संस्थान के विभिन्न प्रकल्पों का अवलोकन किया। उन्होंने भारत रत्न नानाजी देशमुख के आवास सियाराम कुटीर जाकर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। दौरान डीआरआई के उप महाप्रबंधक डॉ अनिल जायसवाल ने उन्हें श्रीरामदर्शन की पेंटिंग एवं पुस्तक भेंट की। इसके साथ ही आरोग्यधाम के दिशा दर्शन केन्द्र प्रभारी विनीत श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को दीनदयाल शोध संस्थान की गतिविधियों और पं दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवदर्शन की जानकारी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रामनाथ आश्रमशाला पीली कोठी में जनजातीय बच्चों से मिलकर उनका हालचाल जाना और दैनिक गतिविधियों पर चर्चा की तथा भगवान कामतानाथ का भी दर्शन किया।

## डीसीएम से कुचल कर दो की मौत

बांदा। घर जा रहे साइकिल सवारों को डीसीएम ने कुचल दिया। जिस पर दो युवको की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पुलिस ने डीसीएम को पकड़ लिया है। मौत के बाद मृतक परिवारों में हाहाकार मचा हुआ है।

थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के करहिया गांव निवासी 17 वर्षीय समर सिंह पुत्र जगदीश सिंह बांदा के आदर्श बजरंग इण्टर कालेज में इंटर कालेज में इंटर में पढ़ता था। स्कूल में फोटो लगनी थी। वह शनिवार की सुबह अपने पड़ोसी 25 वर्षीय नंदकिशोर कोटार्य पुत्र लल्लू अनुरागी के साथ लामा गांव फोटो खिचवाने गया था। दोपहर को दोनो लोग एक ही साइकिल में बैठकर वापस घर जा रहे थे। तभी करहिया मोड़ के पास मिर्च लाद कर जा रहे डीसीएम ने दोनों को कुचल दिया। जिससे दोनो की मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। हादसे के बाद डीसीएम समेत चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर तीन थानो का फोर्स मौके पर पहुंच गया। पपरेंदा पुलिस चौकी प्रभारी ने पीछा कर तिंदवारी के परसौडा गांव के पास से डीसीएम समेत चालक को गिरफ्तार कर लिया। डीसीएम के मालिक दीप नारायण ने बताया कि उसका चालक प्रदीप तिवारी पुत्र महेश तिवारी महाराष्ट्र से मिर्च लाद कर कानपुर जा रहा था। उधर मौत की खबर मिलते ही घरवाले मौके पर पहुंच गए। मृतक के पिता ने बताया कि समर दो भाईयो में छोटा था। पिता किसानी करता है। अचानक हुई इस घटना से मां मंजू देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया। वही नंदकिशोर चार भाइयो बड़ा था। वह मजदूरी करता था। तीन साल के हो गए। बच्चे नही थे। अचानक हुई इस धटना से पत्नी रेशमा का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

# शिकायतों का समय से कराएं समाधान-अजीत

**- कमिश्नर तथा डीआईजी ने नरैनी तहसील में सुनी समाधान दिवस पर समस्याएं**

**- डीएम, एसपी की मौजूदगी में सदर तहसील में आयोजित हुआ जिलास्तरीय समाधान दिवस**



बाँदा। शिकायतों का समय से निस्तारण कराने के साथ पीड़ितों को भी संतुष्ट करें। बेवजह शिकायतों को लंबित न रखे। उपरोक्त निर्देश कमिश्नर तथा डीआईजी ने अपने अधीनस्थों को दिए। कमिश्नर, डीआईजी ने जहां नरैनी तहसील पहुंचे वहीं डीएम, एसपी की मौजूदगी में सदर तहसील में जिलास्तरीय समाधान दिवस आयोजित हुआ।

शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनने कमिश्नर अजीत कुमार, डीआईजी राजेश एस० नरैनी तहसील पहुंचे। जहां बैठकर उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनी। कमिश्नर तथा डीआईजी ने निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का समय से निस्तारण कराएं। इसी तरह जिलाधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में कुल 67 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से राजस्व विभाग, पुलिस, विकास, समाज कल्याण, चकबन्दी, विद्युत व अन्य विभागों से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से आज मौके पर 08 शिकायतों का निस्तारण, जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम कनवारा के एक फरियादी द्वारा आवास के पट्टा पर लोगों द्वारा कब्जा किये जाने की शिकायत पर लेखपाल कनवारा को मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिये। गल्ला मण्डी बॉदा में जल भराव की स्थिति सम्बन्धी शिकायत प्राप्त होने पर नगर मजिस्ट्रेट को मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करने एवं ईओ को जल निकासी व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

लडाका पुरवा के एक फरियादी द्वारा मकान में कब्जा किये जाने की शिकायत पर सम्बन्धित लेखपाल को जांच कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। हरदौनी ग्राम के फरियादी द्वारा उसके खेत की जमीन में जाने वाले रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किये जाने की शिकायत पर सम्बन्धित लेखपाल एवं एसएचओ को जांच कर प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, उप जिलाधिकारी सदर नमन मेहता, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। सीडीओ राजेश पाण्डेय तथा एडीशनल एसपी शिवराज पैलानी तहसील संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचे। जहां बैठकर पीड़ितों की समस्याएं सुनी।

## भूजल सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

हमीरपुर। 16 से 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह का आयोजन किये जाने के संबंध में निर्देश दिये गये है। जिसके कम में 15 जुलाई को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समस्त संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक की गयी। जिसमें लिये गये निर्णय के अनुसार 16 जुलाई को मुख्य विकास अधिकारी हमीरपुर चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र कुरारा (हमीरपुर) में आयोजित किसान दिवस में भूजल सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। जिसमें उपस्थित किसान भाईयों को जल संरक्षण के संबंध में अवगत कराते हुए जल संरक्षण की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारिता, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई व सहायक अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उपजिलाधिकारी, सदर हमीरपुर की अध्यक्षता में तहसील सदर में व नगर पंचायत, कुरारा एवं नगर पालिका परिषद हमीरपुर में भी भूजल सप्ताह का आयोजन किया गया व जल संरक्षण की शपथ दिलायी गयी।

## जिम्मेदारी के साथ दायित्वों का करें निर्वहन-पलाश

**- एसपी ने निरीक्षण के दौरान मातहतों को दी नसीहत**

**- पुलिस लाइन की शाखाओं का एसपी ने किया निरीक्षण**



बांदा। जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सभी कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित हों। बेवजह कार्य को टाले नहीं। जितने भी अभिलेख है, सभी को मेनटेन करें। अभिलेखों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उपरोक्त निर्देश एसपी ने निरीक्षण के दौरान दिए।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन में स्थापित विभिन्न कार्यालयों वाचक कार्यालय, साइबर क्राइम थाना, आईजीआरएस शाखा, अपराध शाखा, चुनाव सेल, गुमशुदा सेल, मॉनिटरिंग सेल, यूपी-112 कार्यालय, जिला नियंत्रण कक्ष, रेडियो शाखा आदि का निरीक्षण कर अभिलेखों को अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यों के प्रति और अधिक जिम्मेदारी, एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही शस्त्रों के रखरखाव, वाहनों की स्थिति, आदि का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि कार्य के प्रति लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नही की जाएगी। अगर काम के प्रति लापरवाही बरती तो वह कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। समय से कार्यालय में उपस्थित होने के साथ कार्यालय में सफाई व्यवथा का भी ध्यान रखें। सभी कर्मचारी साफ वर्दी धारण करें। आने-जाने वाले लोगों से सही ढंग से पेश आए। अगर दुर्व्यवहार की शिकायत मिली तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध वह कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह, सदर राजवीर सिंह गौर, बबेरू सौरभ सिंह, अतर्रा प्रवीण कुमार, नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी, प्रशिक्षु पीयूष कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## नदी में डूबे युवक की पुलिस ने बचाई जान

**बांदा।** थाना मटौंध क्षेत्रान्तर्गत स्थित केन नदी में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए स्थानीय पुलिस टीम द्वारा बिना किसी विलम्ब के स्थानीय गोताखोरों की सहायता से तत्काल रेस्क्यू कर व्यक्ति को सुरक्षित रूप से नदी से बाहर निकाला गया। प्राथमिक चिकित्सकीय सहायता उपरांत उसकी पहचान उत्तम राजपूत पुत्र मुन्ना राजपूत निवासी छतरपुर (म0प्र0) के रूप में हुई जो थाना कोतवाली नगर क्षेत्र ग्राम किलेदार का पुरवा मजरा पल्हरी में ससुराल मे रहता है। व्यक्ति को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। परिजनों द्वारा बताया गया कि व्यक्ति की मानसिक स्थिति ठीक नही है जिसका ईलाज ग्वालियर (म0प्र0) मे चल रहा है। परिजनों द्वारा पुलिस का ह्दय से आभार व्यक्त किया। थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने बताया कि युवक उत्तम छतरपुर मध्य प्रदेश का रहने वाला है। विगत दिनो वह अपने ससुराल किलेदार का पुरवा आया हुआ था। अचानक बिना बताए शनिवार को वह नदी चला गया था। नहाते समय अचानक वह पानी में डूब गया। कहा कि समय से सूचना मिलने के चलते उसे गोताखोरों की मदद से सकुशल पानी से बाहर निकाल लिया गया है।

## एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** आज दिन शनिवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी राहुल द्विवेदी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ इस अवसर पर कुल 29 प्रार्थना पत्र आए। मिली जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग के 07 प्रार्थना पत्र एवं पुलिस विभाग के 06 प्रार्थना पत्र विकास से संबंधित 07 प्रार्थना पत्र तथा स्वास्थ्य से संबंधित 01 प्रार्थना पत्र सहित अन्य विभागों के 08 प्रार्थना पत्र कुल 29 प्रार्थना पत्र जिस पर मौके पर एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया जाना बताया गया। इस अवसर पर तहसीलदार संतोष कुमार कुशवाहा नायब तहसीलदार बिसंडा राजीव कुमार यादव तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही ।

## अवैध असलहा रखने पर दो वर्ष की सख्त सजा पांच हजार रुपए का जुर्माना दो अपराधी जेल भेजे गए

स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।

उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवम समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 ;गैंगस्टर एक्ट द्धके 02 आरोपियो को 02 वर्ष के कठोर कारावास एवं ? 5000 ध् हजार रुपए जुर्माने की सजा से न्यायालय द्वारा दंडित किया गया। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने बताया कि जनपद के थाना बबेरू के प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने 19 मई 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई कि कामता उर्फ़ कमतू पुत्र मैयादीन और गरीबदास उर्फ़ मुन्ना पुत्र रामऔतार निवासीगण ग्राम गौरा मजरा जलालपुर थाना बबेरू जनपद बाँदा का एक संगठित गिरोह हैं जिनके विरुद्ध थाना बबेरू में मु0अ0सं0 159 ध्2021 धारा 2ध्3 गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने के फ्लस्वरूप अपर सत्र विशेष न्यायाधीश एडीजे चतुर्थ गैंगस्टर कोर्ट द्वारा दोनो अभियुक्तों को 02 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5000 ध्रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। गैंगस्टर की विवेचना निरीक्षक कृष्ण कुमार पाण्डेय द्वारा संपादित की गई थी। जिस पर न्यायालय में प्रभावी पैरवी करके पैरोकार चक्रधारी कोर्ट मोहर्रिर अमित राजपूत व देवेंद्र सिंह विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह के द्वारा कड़ी मेहनत करने के बाद अभियुक्त को सजा दिलायी गई । इनका एक संगठित गिरोह हैं जिसका गैंग लीडर कामता उर्फ़ कमतू हैं और गरीबदास सक्रिय सदस्य हैं यह गैंग अपने और अपने साथियों के साथ मिलकर आर्थिक भौतिक एवं दुनियावी लाभ के लिए अवैध असलहो को बनानाए अवैध असलहो को रखना व अपने गैंग के शौक पूरे करने के लिए अवैध रूप से असलहो को बना कर चोरी से बेचने जैसे अपराध कारित करके अवैध धन अर्जित करता है। यह सभी बहुत ही दुर्दांत और बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं। विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने यह बताया की यह गैंग चोरी के हथियार बनाना और उन्ही हथियारों से लोगो मे भय फैलाना जैसे गंभीर अन्य अपराधो को कारित करने के अभ्यस्त अपराधी है जिनके आधार पर इन सभी अभियुक्तों पर गैंगस्टर की कार्यवाही की गई। यह सभी बहुत ही दबंग और शातिर किस्म के अपराधी हैं। ये सभी गैंग बनाकर अपराध को अंजाम देते हैं । इनके आतंक से आसपास के जनपद और गैर जनपदों में दहशत फैली हुई हैं। जिसके फ्लस्वरूप और भय आतंक के कारण इस गैंग के खिलाफ कोई रिपोर्ट दर्ज कराने और गवाही देने का साहस नहीं कर पाता हैं।मुकदमे के वादी द्वारा सभी अभियुक्तों का गैंग चार्ट बनाकर जिलाधिकारी महोदय बांदा से अनुमोदित करा कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले की सुनवाई के दौरान 14ध्12ध्2022 को अभियुक्तों का आरोप बनाया गया।मुक़दमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से 4 गवाह पेश किया गया। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्य के अवलोकन के बाद अपर सत्र विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट प्रदीप कुमार मिश्रा ने अपने आदेश में शातिर सभी दोनो अपराधियों को दोषी पाते हुए 02 वर्ष के कठोर कारावास और 5000ध् रुपए अर्थदंड से दंडित किया ।

## फांसी लगाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास गंभीर हालत में हुई रेफर

स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा। आज दिन शनिवार को एक और महिला फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का प्रयास किया जिसको गंभीर हालत में परिजन सरकारी अस्पताल नरैनी रोड अतर्रा लेकर के आए प्रथम उपचार के बाद उसको जिला अस्पताल बांदा के लिए रेफर किया जाना बताया गया क्योंकि हालात उसकी काफी चिंताजनक थी। मिली जानकारी के अनुसार सरकारी अस्पताल नरैनी रोड अतर्रा के फार्मासिस्ट सुभाष ने बताया कि अनीता पत्नी राम मूरत उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सभा बललान पंखे में साड़ी का फंद्वा डालकर आत्महत्या किए जाने का प्रयास किया तभी परिजनों ने देख लिया और गंभीर हालत में उसको लेकर सरकारी अस्पताल नरैनी रोड अतर्रा लेकर आए प्रथम उपचार के बाद डॉक्टर के द्वारा जिला अस्पताल बांदा के लिए रेफर किया जाना बताया गया। स्पष्ट कारण तो नहीं बताया मगर पारिवारिक विवाद के चलते यह कदम उठाए जाने की बात परजनों के द्वारा बताई गई।

## एक महिला घर कलह से परेशान होकर फांसी लगाकर किया आत्महत्या

स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा। आज दिन शनिवार को थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बल्लान अंश बोडा यादव का पुरवा मैं एक महिला फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी होने पर हलका इंचार्ज चरणजीत यादव अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए डेड बॉडी का पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार मंजू पत्नी रिशु खंगार उम्र 22 वर्ष निवासी उपरोक्त। हलका इंचार्ज ने बताया की संतोष खंगार निवासी गांव औरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट की पुत्री मंजू से रिशु ने कोर्ट मैरिज किया था। घरेलू विवाद के चलते आज दिन शनिवार को अपने घर में रस्सी का फंद्वा डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की बात बताया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायत मानिकपुर सरहट को देश में मिली 276वीं रैक



चित्रकूट ब्यूरोः भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर निकायों का ऑनलाइन परिणाम जारी किया गया है। जिसमें स्वच्छता के मामले में जनपद की नगर पंचायत मानिकपुर सरहट को देश में 276वां स्थान और प्रदेश स्तर पर 57वां स्थान मिला है।

नगर पंचायत मानिकपुर सरहट के अधिशासी अधिकारी भारत सिंह ने बताया कि पिछली बार के सर्वेक्षण में नगर पंचायत मानिकपुर सरहट को देश में 1347वां स्थान और प्रदेश स्तर पर 173वां स्थान प्राप्त हुआ था। इस वर्ष नगर पंचायत मानिकपुर सरहट ने 1071 अंकों की ऊंची चलांग लगाते हुए खुद को स्वच्छ सर्वेक्षण की कतार में श्रेष्ठतम बनाया। इस स्वच्छता उपलब्धि के साथ ही नगर पंचायत को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) श्रेणी में आडीएफ डलब प्लस का मान्यता प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुआ है। कहा कि यह सफलता नगर पंचायत मानिकपुर सरहट के सशक्त नेतृत्व, कर्मचारियों की निष्ठा एवं जन-सहभागिता का परिणाम है। जिससे स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार प्रयास करते हुए नगर को स्वच्छ, सुंदर और जीवनोपयोगी बनाया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष रानी देवी एवं अधिशासी अधिकारी भारत सिंह ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार, लिपिक बलराम प्रसाद, कर्मचारी सचिन कुमार जियोस्टेट से प्रोजेक्ट एनालिस्ट शिव विजय सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर मेहंदी हसन, रवि शंकर सोनी, जॉर्ज फ्रांसिस, मुकद्दम अनुराग, विकास, विजयकांत मिश्रा, अमजद, कार्तिक आदि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि संपूर्ण नगर की है। सभी ने मिलकर इसे संभव बनाया है और भविष्य में भी सभी स्वच्छता के प्रति समर्पण और जागरूकता बनाए रखेंगे। नगर पंचायत मानिकपुर सरहट द्वारा निकट भविष्य में स्वच्छता की और ऊँचाइयों तक पहुँचने के लिए प्रतिबद्ध है और नागरिकों के सहयोग से लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है।

## 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शक्ति कलश हरिद्वार से आया चित्रकूट



चित्रकूट ब्यूरोः गायत्री शक्तिपीठ द्वारा आयोजित 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शक्ति कलश गायत्री तीर्थ शांतिकुज हरिद्वार से बांदा व अतर्रा होते हुए चित्रकूट गायत्री शक्तिपीठ पंहुचा। धर्मगनरी पहुचने से पहले बाँदा व अतर्रा में गायत्री शक्तिपीठ के सदस्यों ने शक्ति कलश का पूजन करते हुए स्वागत किया।

गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने बताया कि गायत्री तीर्थ शांतिकुंज से हरिद्वार से शक्ति कलश लेकर धर्मनगरी आए सदस्यों ने 151 कुण्डीय गायत्रीत्र महायज्ञ के उद्देश्य और कर्तव्य विषय पर मार्गदर्शन किया। बताया कि बर्षा काल में गायत्री शक्तिपीठ में प्रखर प्रज्ञा सजल श्रद्धा में प्रतिष्ठित कलश के सानिध्य में साधना चलेगी। जिसकी शक्ति से महायज्ञ सम्पन्न करने में मदद मिलेगी। इसके बाद सितम्बर से नवम्बर तक हर जिले में कलश यात्रा होंगी। बताया कि महायज्ञ में आमंत्रण देने के लिए गायत्री शक्तिपीठ के सदस्य प्रत्येक गांव तक कलश के जाएंगे।

# दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एसपी हुए सजग

- बिना हेलमेट तथा सीटबेल्ट के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के दिए निर्देश

- यातायात पुलिस की मौजूदगी में छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली



बांदा। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने को लेकर एसपी ने कड़ा रुख अपनाया है। जहां एक ओर उन्होंने ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए है। वहीं दूसरी तरफ यातायात पुलिस को लोगों को हेलमेट तथा सीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने के लिए जागरूक किए जाने के लिए निर्देशित किया है। शनिवार को यातायात पुलिस की मौजूदगी में स्कूली छात्रों के द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को जागरुक करने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में शनिवार को यातायात पुलिस द्वारा पीएम राजकीय इंटर कॉलेज के छात्रों के साथ कॉलेज से बस स्टैंड होते हुए कचहरी चौराहा पर आम जनमानस को दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रुप से हेलमेट लगाने, शराब पीकर व तीव्र गति से वाहन न चलाने व मोड़ पर इंडीगेटर का प्रयोग करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। साथ ही अपने-अपने परिवार तथा आस-पास के लोगों को भी जागरुक करने के लिये प्रेरित किया गया। यातायात निरीक्षक संजय मिश्रा द्वारा बताया गया कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिये नियमों का पालन करना अति आवश्यक है। हर व्यक्ति को नियमों का पालन करते हुए दुर्घटना में कमी लाने का प्रयास करना चाहिए। एसपी पलाश बंसल ने कहा कि हेलमेट तथा सीटबेल्ट न लगाने के चलते आए दिन दुर्घटनाओं में लोगों की मौते हो रही है। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने लिए उनके द्वारा कार्यवाही के साथ यातायात पुलिस को जागरूकता मुहिम चलाए जाने के निर्देश गिए गए है। जागरूकता रैली में यातायात प्रभारी राजेश मिश्रा के अलावा, मण्डलीय मास्टर ट्रेनर डॉ0 पीयूष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### गर्भवती महिला ने खाई चूहा मार दवाईए हालात गम्भीर

इकदिलए इटावा। थाना क्षेत्र में गृहक्लेश से तंग आकर एक गर्भवती महिला ने चूहा मारने वाली दवा का सेवन कर लिया। गांव नगला बंधा के रहने वाले बृजेश राठौर की 20 साल की पत्नी मोहनी ने जो कि पांच माह की गर्भवती है शुक्रवार दोपहर में मासूम बच्ची को तख्त पर सुला दिया और घर मे काम करने लगी तभी बेटा तख्त से नीचे गिर पड़ा जिसमें महिला के ससुरालियों ने उसे डाट दिया जिसमें छुब्ध होकर महिला ने घर मे रखी चूहा मार दबाई का सेवन कर लिया। हालात बिगड़ते देख परिजन लोग उसे जिला अस्पताल ले गये।

## उघोग व्यापार मंडल की शहर इकाई का गठन

इटावा। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जनपद प्रभारी सर्वेश सिंह चौहान की उपस्थिति में सैंफई रोड आईटीआई के पास स्थित होटल कृष्णा पैलेस में उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शहर इकाई का जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया कमेटी में दिनेश यादव कजरिया को शहर अध्यक्ष का दायित्व दिया गया।

शहर महासचिव विवेक यादवए कोषाध्यक्ष मनीष कुमार बनाये गयेए शहर उपाध्यक्ष का दायित्व सर्व आशीष भदौरियाए उमाकांत दीक्षितए मु दिलशाद पहलवानए योगेश पांडेए मयंक यादवए पिन्टू पालए धर्मेन्द्र सिंह चौहानए रजत यादवए अजय यादवए दीपराज यादवए विकास चौहानए कुलदीप यादवए गौरव यादवए देवेन्द्र यादवए राजेन्द्र सिंह यादवए प्रदीप यादवए अरुण यादव को सौंपा गया। शहर सचिव शाहरुखए धर्मेन्द्र यादवए केतन कुमारए संदीप कुमारए विकास यादवए रजत ठाकुरए आशुतोष यादवए सौरभ यादवए अमन यादवए दीपू शर्माए संजीव कुमारए पंकज कुमार को बनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री एवं महिला जिला अध्यक्ष गुड्डी बाजपेईए जिला महामंत्री अभय टंडनए जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशीए जिलाउपाध्यक्ष हाजी शेख आफ्ताबए हाजी अजीम वारसीए हाजी हन्नान चांद मंसूरीए उघोग मंच के अध्यक्ष भारतेन्द्रनाथ भारद्वाजए युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासीए जिलासचिव सै लकीए मुमताजए धर्मेन्द्र यादवए जावेद इकबालए भरथना नगर अध्यक्ष राजेश पोरवालए महिला जिला महामंत्री अंजू यादवए ममता दुबेए मंजूलता द्विवेदीए सोनी यादवए सरला तौमर मीरा तिवारीए तनु वर्माए ज्योति पालीवालए सारिका शर्माए शकीला बेगमए शिवानी कश्यपए शाहिदा बेगमए राखी कुमारीए सोनी तिवारीए रचना कुमारी मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने मनाई मंगल पांडे की जयंती

**इटावा।** आज़ादी के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंण् मंगल पांडे की जयंती पर आज कांग्रेसियों ने नुमाइश पंडाल में स्थित शहीद स्मारक पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके प्रति अपनी.अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

ईस्ट इंडिया कंपनी की बंगाल इनफैंट्री में तैनात पंण् मंगल पाण्डेय ने अंग्रेज़ी सम्राज्य द्वारा भारतीय समाज की भावनाओं के साथ किये जा रहे अपमान का खुले तौर पर विरोध किया। उनके द्वारा लगाए गए विद्रोह की इसी चिंगारी का परिणाम था कि 10 मई 1857 को मेरठ छावनी में सैनिकों द्वारा अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध बग़ावत का बिगुल फूंका गया। देखते ही देखते यह आक्रोश पूरे उत्तर भारत में फैल गयाए जिससे अंग्रेजों को स्पष्ट संदेश मिल गया भारत पर राज्य करना उतना आसान नहीं हैए जितना वे समझ रहे थे। उक्त उद्गार मंगल पांडे जयंती के उपलक्ष में कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सिपाही विद्रोह के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पांडे ने जब 29 मार्चए 1857 को बैरकपुर में ब्रिटिश अधिकारियों पर हमला करके क्रांति की शुरुआत की थी।

तब किसी ने सोचा भी नहीं होगा यह महान योद्धा इतिहास के पन्नों में अमर हो जाएगा। देश के हर नागरिक का उत्तरदायित्व बनता है कि वह आज प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करे। कांग्रेसियों ने शहीद स्मारक पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शहीद मंगल पांडे की जयंती मनाई। जयंती मनाने वालों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रशान्त तिवारीए पल्लव दुबेए वाचस्पति द्विवेदीए प्रेरणा जुबैरीए युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शौजब रिज़वीए सरला जाटवए प्रदीप दुबेए अतुल भदौरियाए धर्मेन्द्र सिंह पूनियाए गौरव दुबेए अमन तिवारी आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ व्यापारियों की वार्तालाप

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला कार्यालय पर खाद्य विभाग के उच्च अधिकारियों के द्वारा विभागीय जानकारी के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए अभिहित अधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि व्यापारियों को खाद्य विभाग के किसी भी अधिकारी से डरने की आवश्यकता नहीं है वह किसी भी प्रकार की मिलावट से दूर रहे उनका किसी भी स्तर पर उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविभान सिंह व्यापारियों का दायित्व है कि वह उपभोक्ताओं को बेहतर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराय कोई भी पैकिंग माल यदि खराब आता है तो उसकी जानकारी तुरंत विभाग को दें जिस की बड़ी.बड़ी कंपनियों पर भी कार्रवाई समय से की जा सके और छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न बच सके खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश सिमरिया ने कहा कि अक्सर बाजारों में देखने को मिलता है कि सैंपल के नाम पर व्यापारी भयभीत हो जाते हैं बिना मिलावट के कार्य करने वाले व्यापारियों को सैंपल से डरने की आवश्यकता नहीं है बल्कि सैंपल से उनकी दुकानदारी पर अच्छा प्रभाव पड़ता है गोष्ठी में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक दीक्षित राजेश कुमार जैन विनीत कुमार पांडे राजीव पाल जिला संगठन मंत्री अवधेश दुबे शहर कोषाध्यक्ष दीपचंद जैन युवा जिला महामंत्री अजहर फरीदी युवा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार दुबे गगन पोरवाल अमित दुबे अमित तिवारी दीपक जैन राजेश जैन कपिल पाठक गोविंद कुमार भदोरिया राजीव यादव प्रदीप कुमार वेद प्रकाश कमल सिंह कुशवाहा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अधिवेशन में भारी संख्या में व्यापारी जाएगा

इटावा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता के आवास पर जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें 20 जुलाई को फर्रुखाबाद में आयोजित होने वाले मंडलीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए चर्चा की गई। मंडलीय सम्मेलन में भारी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ। बैठक में संगठन को गतिशील बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। तहसील ब्लाक स्तर पर मंडल को पहुंचाने के लिए सदस्यता अभियान चलाई जाने पर विचार किया गया और अधिक संख्या में व्यापारियों उद्यमियों को जोड़ने की चर्चा की गई। व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं को लेकर समय.समय पर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन देकर समस्या उठाकर समस्याओं का निदान कराने के लिए कार्य करता रहा है। संगठन ही शक्ति है। यदि हमारी संख्या अधिक होगी तो प्रशासन हमारी बात को ध्यान से सुनेगा। इसलिए भविष्य में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए संगठन को मजबूत करना आवश्यक है।

## पार्थिव शिवलिंग की स्थापना की

इटावा। स्थानीय कटरा सेवाकली स्थित महाकालेश्वर मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा के अंतर्गत श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर व्याख्यान देते हुए कथावाचक आचार्य देवेश अवस्थी शास्त्री ने पार्थिव शिवलिंग की स्थापना और उसकी पूजा अर्चना की विधान का वर्णन करते हुए कहा कि एक लक्ष शिवलिंग स्थापना और एक लाख पंचाक्षर मंत्र के जप से किए हुए पापों का क्षमण हो जाता है और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

शास्त्री जी ने नारद प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भगवान हरिनारायण से प्रायश्चित स्वरूप याचना करने पर नारद जी को शिव उपासना का परामर्श किया गया तब नारद जी ने शिव तीर्थ का भ्रमण करते हुए शिवगणों से मुलाकात की जिन्हें शाप दे दिया था। शिवगणों की प्रार्थना करने पर उन्होंने आशीर्वाद स्वरुप को कहा कि तुम दोनों शिव भक्त रावण और कुंभकरण के रूप में अवतरित होगी और आपका कल्याण करने के लिए श्री राम का अवतार होगा। आचार्य देवेश अवस्थी शास्त्री ने ब्रह्म द्रव रूप पाप मोचनी गंगा के अवतरण का भी प्रसंग सुनाया। और गंगा सप्तमी से लेकर गंगा दशहरा तक के कालखंड में गंगा की शिव की जटाओं में उलझे रहने का दृष्टांत भी कहा।

# समाधान दिवस में 117 शिकायतें 19 का मौके पर हुआ निस्तारण



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया

संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 32 पुलिस की 35 विकास विभाग की 17 विद्युत विभाग की 8 पूर्ती विभाग 5 चिकित्सा विभाग 4 व अन्य विभागों की 16 शिकायते कुल 117 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमे से 19 का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियो को दिये है

इस अवसर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र उप जिलाधिकारी व संवंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गांव में लगी मोबाइल कोर्ट 15 वादकारियों को मौके पर ही मिला न्याय



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।ग्राम न्यायालय अमृतपुर की ओर से शनिवार को हरिहरपुर वीरपुर स्थित जन सेवा केंद्र पर सचल न्यायालय का आयोजन किया गया। ग्राम न्यायालय अधिनियम.2008 के तहत किया गया

सचल न्यायालय मे सुनवाई के लिए कुल 15 वादों को चिन्हित किया गया था जिनमें सभी संबंधित पक्षकार एवं अधिवक्तागण मौके पर उपस्थित रहे। न्यायाधिकारी विजय रतन गौतम ने सभी वादों की सुनवाई करते हुए मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जिससे ग्रामीणों को त्वरित न्याय प्राप्त प्राप्त हुआ और लंबी भाग दौड़ की प्रक्रिया से उन्हें राहत मिली इस दौरान न्यायालय की ओर से बात कार्यों से 4445 जुर्माना वसूला गया

इस मौके पर स्थानीय ग्रामीणों ने न्यायालय की त्वरित प्रक्रिया की सराहना की और न्यायिक व्यवस्था को गांव स्तर पर सुलभ बनाए जाने की पहल का स्वागत किया।

न्यायाधिकारी विजय रतन गौतम ने बताया कि सचल न्यायालय का उद्देश्य न्याय को गांव.गांव तक पहुंचाना है। आगामी मोबाइल कोर्ट की तिथि की सूचना शीघ्र ही संबंधित ग्राम पंचायतों को दे दी जाएगी।

### कीचड़ भरे रास्ते से निकलने को मजबूर बच्चे और ग्रामीण

इकदिलए इटावा। बढ़पुरा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सितौरा के मंजरा गांव रायपुरा में जलभराव व कीचड़ से गालियां भरी पड़ी हैं हालात बद से बदतर हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जगह जगह कीचड़ व पानी भरा हुआ है। गांव की नालियां टूटी फूटी पड़ी हुई है। जिससे नालियों का गंदा पानी व कीचड़ खरंजो व गलियों में भर गया है। इसी कीचड़ भरे गली से बच्चे स्कूल जाते हैं कई बार कीचड़ में कई बृद्ध लोग व बच्चे गिर कर चोटहिल चुके है। ग्रामवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं यहां के मुख्य मार्ग से लेकर गांव की गलियों में कीचड़ व पानी भरा हुआ है। संजीव के घर से राजवीर के मकान तक जलभरावए तथा गांव के मुख्यमार्ग राधे की दुकान के पास कीचड़ व जलभराव से होकर निकलने को मजबूर हैं। ग्रामीण हरविलास राजपूत ने बताया की इस संबंध में ग्राम प्रधान को कई बार अवगत करा चुके हैं लेकिन प्रधान इस ओर कतई ध्यान नहीं दे रहे हैं

# महिलाओं ने 5 दिन से लापता युवक के पोस्टर लेकर एसपी कार्यालय पर किया प्रदर्शन



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम जमापुर निवासी रितेश पाल की रहस्यमयी गुमशुदगी ने तूल पकड़ लिया है। युवक बीते पांच दिनों से लापता है और उसकी बाइक पुलिया के पास बाढ़ के पानी में मिली थी। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

शनिवार को जमापुर गांव से दो ट्रैक्टरों में सवार होकर महिलाएं और ग्रामीण भारी संख्या में एसपी कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन करते हुए उन्होंने हाथों में पोस्टर उठाकर युवक को खोजने की मांग की

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि युवक का अब तक कोई सुराग न लगना प्रशासन की गंभीर विफ्लता है। इस मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक डॉण् संजय सिंह और थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एएसपी ने बताया कि कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि युवक की खोज में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। पुलिस की टीमें लगातार तलाशी अभियान चला रही हैं। एएसपी डॉण् संजय सिंह ने कहा कि जो भी कानून के विरुद्ध कार्य करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने बिजली की समस्या को लेकर तहसील परिसर में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया




स्वतंत्र भारत संवाददाता

भारतीय किसान यूनियन स्वराज के प्रदेश सचिव मुन्नालाल सक्सेना ने विभिन्न समस्याओं को लेकर दिए गए ज्ञापन में बताया कि गांव गिलोंदा कुरार गनेशपुरपिपराभोज मगारनगला महमूदपुर आदि गांवों में बिजली आने जाने का कोई समय नहीं है। किसानों की फसलें सूख रही हैं। यदि किसानों की फसलें सूख गयी तो उसके बच्चे यहां तहसील पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे।

इन गांवों की बिजली साहबगंज फीडर से मिलती है। बिजलीघर कर्मचारी फीडर चलाने वाले को एक बोतल शराब दें दे तो तुरंत लाईट लगा दी जाती है। लाइन जोड़ने वाला कर्मचारी शराबी है। एसडीओ नवाबगंज धर्मेंद्र सिंह को कई बार समस्या समाधान के लिए कहा गया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

कायमगंज में जेई जावेद व लाइनमैन नावेद अपनी मनमर्जी से कस्बा कायमगंज की विद्युत की सप्लाई देते हैं हर दस मिनट पर बिजली ट्रिप कर जाती है

दोनों के खिलाफसख्त कार्यवाही कर इन्हें हटाया जाए जिससे विद्युत रोस्टर के अनुसार कायमगंज को मिल सके।समस्या समाधान न होने की स्थिति में तहसील कायमगंज पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। इस मौके पर मुन्नालाल सक्सेना प्रदेश सचिव मंजेश यादव जिला महामंत्री विनीत कुमार सक्सेना जिला मीडिया प्रभारी अजीत सिंह ब्लाक अध्यक्ष संजू ब्लाक महामंत्री अनुज सक्सेना मीडिया प्रभारी विकास अरिजीत सिंह रामप्रकाश विकास विमल संजीव रामनरेश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

## मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की 75 में रैंक ओडीओपी में 56 में रैंक आई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सी0एम0 डैशबोर्ड की मई माह की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फ्तेहगढ़ में किया गया जिसमें जनपद की रैंकिंग 30 आई है बैठक में 26 विभागों की 60 योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में उद्योग विभाग की मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की रैंक 75 व श्रेणी डी व ओ0डी0ओ0पी0 वित्त पोषण योजना में 56 रैंक आई नियोजन विभाग की फैमली आई0डी0 में 65 रैंक व सी श्रेणी आई पंचायतीराज विभाग की 15वे वित्त आयोग ग्राम पंचायत में रैंक 65 व 5वे वित्त राज्य वित्त में 61 रैंक आई विद्युत विभाग की ग्रामीण आपूर्ति में 59 रैंक व शहरी आपूर्ति में 43 रैंक आईएजलजीवन मिशन में 55 रैंक व श्रेणी सी आईए लोक निर्माण विभाग की सड़कों के अनुरक्षण में 50 रैंक आईए समाज कल्याण विभाग की राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में 44 रैंक आई।

जिलाधिकारी ने इन विभागों के अधिकारियों से नाराजगी जताई व अगले माह रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र डी0एफ0ओ0 पी0डी0 डी0आर0डी0ए0 कपिल कुमार जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया जिला उद्यान अधिकारी राघवेंद्र सिंह उपनिदेशक पर्यटन दीप्ति वत्स व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### स्कूल वैन पलटीए 2 बच्चे घायल

.सड़क पर सांप को बचाने में चालक ने लगाए ब्रेक

इटावा। भरथना क्षेत्र में उस समय अफ्रा.तफ्री मच गई जब स्कूली बच्चों से भरी एक टाटा मैजिक वैन बेकाबू होकर पलट गई। हादसा उस वक्त हुआ जब सड़क पर अचानक आए एक सांप को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए।

ब्रेक लगते ही वैन सड़क किनारे मिट्टी में फिसलकर पलट गई। वैन में सवार आधा दर्जन से अधिक छात्रों में से दो बच्चे घायल हो गए। घटना थाना भरथना क्षेत्र के ग्राम आलमपुर बंबा पटरी मार्ग के पास स्थित अपुरपुरा गांव के समीप की है। जानकारी के अनुसारए ग्राम झिंदुआए नगला पीपलए नगला धारा और धोबा से बच्चे एक इंटर कॉलेज जा रहे थे। स्कूल की टाटा मैजिक वैन जैसे ही अपुरपुरा गांव के पास पहुंचीए सड़क पर अचानक एक सांप आ गया। वैन चालक गोविंद ने सांप को बचाने के लिए ब्रेक लगाएए जिससे वाहन असंतुलित होकर पलट गया। वैन पलटने की आवाज़ और बच्चों की चीख.पुकार सुनकर खेतों में काम कर रहे मजदूर और ग्रामीण मौके पर दौड़े और वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकाला। घटना में ग्राम झिंदुआ निवासी मनीष और नगला धारा निवासी अंशु को चोटें आईंए जिन्हें परिजनों ने ल अस्पताल में भर्ती कराया। अन्य बच्चों को सुरक्षित उनके अभिभावकों के हवाले किया गया। घायल छात्र की पहचान मनीष निवासी ग्राम झिंदुआए अंशु निवासी ग्राम नगला धारा के रूप में हुई है।वैन में रितिकए प्रशांतए हिमांशुए गुंजनए अर्थए दिव्याए नमनए सृष्टि सवार थे। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधानए थानाध्यक्ष अरिमर्दन सिंह और हलका इंचार्ज बृजनंदन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बच्चों और उनके परिजनों से घटना की जानकारी जुटाई और आगे की कार्रवाई शुरू की। विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश कुमार ने बताया कि वैन स्कूल प्रशासन की है और नियमित रूप से बच्चों को लाने.ले जाने का काम करती है। वाहन की फिटनेस और कागजात पूरे हैं। उन्होंने कहा कि हादसा अचानक हुए सांप के कारण हुआए सभी बच्चे सुरक्षित हैं और घबराने की कोई बात नहीं है।

## दहेज उत्पीड़न में पति को पांच साल की सजा

इटावा। दहेज के लालच में विवाहिता को जलाने की कोशिश करने वाले आरोपी पति को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए 5 साल की कठोर सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने उस पर 10 हजार रूपये का आर्थिक दंड भी लगाया है। यह ऐतिहासिक फैसला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम द्वारा सुनाया गया।

बकेवर थाना क्षेत्र के गांव नगला टूटा निवासी सर्वेश कुमार ने भरथना थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसने अपनी पुत्री की शादी भरथना कस्बे के शुक्लागंज मोहल्ला निवासी आकाश पुत्र शिवशंकर के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुरालीजनों ने दहेज की मांग शुरू कर दी। जब मांग पूरी नहीं हुई तो पति आकाश ने 2 मार्च 2018 को अपने परिजनों के साथ मिलकर उसकी पुत्री के साथ मारपीट की और उस पर तेल डालकर आग लगाने की कोशिश कीए जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। तहरीर के आधार पर भरथना थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। जांच के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम में हुई। सरकारी पक्ष की ओर से एडीजीसी देवेंद्र तिवारी ने प्रभावी पैरवी करते हुए ठोस साक्ष्य व गवाह प्रस्तुत किए। कोर्ट ने सभी तथ्यों पर गौर करते हुए आरोपी आकाश को दोषी पाया और उसे 5 वर्ष की कठोर कारावास तथा 10 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

## संविदा कर्मी लाइनमैन की करंट से मौत

इकदिलए इटावा। क्षेत्र में बिजली फाल्ट की सूचना पर मरम्मत के लिए भेजे गए संविदा कर्मी लाइनमैन की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। लाइनमैन के मौत के बाद बिजली विभाग में हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। गांव बालमपुर के रहने वाले हाकिम सिंह का 32 वर्षीय बेटा अजय प्रकाश संविदा पर इकदिल बिजली घर में लाइनमैन के पद पर कार्यरत था। वह शनिवार सुबह साढे 7 बजे फाल्ट के सूचना पर लाइन मरम्मत के लिए अपने साथी राजेश कुमार के साथ बिजली की 11 हजार की लाइन ठीक करने गया था। रोज की तरह उसने बिजली संचालन से शटडाउन लेकर जंफर काटने के बाद ददोरा गांव में बिजली लाइन की मरम्मत शुरू की। लेकिन इसी दौरान अचानक लाइन में करंट दौड़ गयाए जिससे वह पोल से नीचे गिर पड़ा। घटना के बाद अजय कुमार को गंभीर हालत में उसके साथी लाइनमैन उसे जिला अस्पताल ले गएए वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बिजली घर संचालक और कर्मचारियों की गलती से लाइन चालू कर दी गईए जिससे यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने इस मामले में बिजली विभाग के दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है। मृतक युवक दो भाई और छह बहनों में घर का बड़ा बेटा था। मृतक की छोटी बहन क्षमा ने बताया भाई की तीन बेटियां सेजल दस सालए छोटीएसात सालएशीलूएपांच साल और बेटा अंशु तीन साल सहित चार बच्चे है भाई ही घर का भरण पोषण कर रहे थे। युवक के मौत के बाद बहनों और बच्चों सहित पत्नी बबली के साथ परिजनों को रोरोकर हाल बेहाल हैं। एसडीओ राहुल कुमार ने बताया लाइनमैन अजय प्रकाश संविदा कर्मी के रूप में तैनात थाए बिजली लाइन दुरस्त करने के लिए उसने शटडाउन लिया था। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिवार को विभाग से हर संभव मदद दिलाई जाएगी।

## हादसे में बाइक सवार शिक्षक की मौत

इटावा। आगरा.कानपुर नेशनल हाईवे पर आईटीआई चौराहे के पास सर्विस रोड पर कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार शिक्षक की मौत हो गईए जबकि पड़ोसी गंभीर रूप से घायल हो गया। शिक्षक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आगरा के थाना बाह में गांव बिजौली के रहने वाले 48 वर्षीय चंद्रपाल सिंह पुत्र मेवाराम जाटव फ्रेंड्स कॉलोनी सुल्तानपुर में किराए पर रह रहे थे। गुरुवार रात आठ बजे पड़ोसी कुंवर पाल पुत्र रामकिशन के साथ बाइक से बाजार जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हाईवे की सर्विस रोड पर दलवीर के पास पहुंची। तभी तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां चंद्रपाल सिंह की मौत हो गई। वहींए कुंवर पाल के परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे ग्वालियर के एक अस्पताल में ले गए। शिक्षक के दो बेटे और एक बेटी है। मृतक के बेटे मोहित ने बताया कि उसके पिता आगरा चित्राहाट जैतपुर कला में यूपीएस पुरादसू स्कूल में शिक्षक थे। 23 सितम्बर 2015 की उनकी नियुक्ति हुई थी। शिक्षक की मौत के बाद पत्नी गीता देवी सहित परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है।

# सीखड़ के गौरैया, घमही, खानपुर, सोनवर्षा, आराजी लाइन सुल्तानपुर शीतला धाम गांव में पहुंचा बाढ़ का पानी





**चुनार (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में गंगा का बाढ़ अपना रौद्र रुप दिखा रहा है। सीखड़ ब्लाक के गौरैया, घमही, खानपुर,सोनवर्षा, आराजी लाइन सुल्तानपुर गांव बाढ़ की चपेट में आ गया।किसानों द्वारा खेत में बोया फसल डूब रहा है।किसान गंगा का रौद्र रूप देख कर चिंतित हो गए हैं। भारी संख्या में किसानों ने खेतों में बुआई कर चुके हैं। जहां गौरैया, घमही, रामगढ़ खानपुर, सोनवर्षा, मझरा, धनैता, फुलहा, मेड़िया आदि गांव बाढ़ से घिर गया है। वही किसानों द्वारा बोया गया मूंग,उतैला, तिल्ली, मूंगफली, मक्का, अरहर, बैगन, लौकी, कोहड़ा, भिंडी आदि सब्जी कि फसल एवं पशुओं के लिए बोया गया चारा भी बाढ़ कि चपेट में आकर पूरी तरह से बर्बाद हो रहा हैं। इसी तरह गंगा का पानी बढ़ता रहा तो किसानों कि गाढ़ी कमाई गंगा के बाढ़ में बर्बाद हो जाएगी। किसान अखिलेश त्रिपाठी, जितेंद्र प्रकाश सिंह रिंकू, रामराज पांडेय, भास्कर दुबे, विकास त्रिपाठी आदि ने बताया कि इसी तरह गंगा में बाढ़ रहा तो सारी खेती बरबाद हो रही है।

# कोटार नाथ शिव मंदिर अदवा नदी के रपटा बारिश से हुआ क्षतिग्रस्त, प्रधान ने जेसीबी से करायी मरम्मत



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध कोटार नाथ शिव मंदिर के अदवा नदी पर स्थित रपटा अदवा नदी के क्षतिग्रस्त रपटा का ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह ने जेसीबी मशीन से क्षतिग्रस्त रपटा का मरम्मत कार्य कराया है। जिससे सावन माह में आने वाले काँवरियो को दर्शन पूजन में किसी भी प्रकार कि कोई दिक्कत परेशानी का सामना ना करना पड़े। अदवा नदी के पानी से अदवा नदी का रपटा क्षतिग्रस्त हो गया था जिससे भक्तों को मंदिर में जाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। भक्तो के परेशानियों को देखते हुए ग्राम प्रधान द्वारा क्षतिग्रस्त रपटा का मरम्मत कार्य कराया है। ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह ने बताया कि अदवा नदी पर स्थित क्षतिग्रस्त रपटा का जेसीबी मशीन से मरम्मत कार्य कराया गया है जिससे भक्तो को किसी भी प्रकार कि परेशानी ना होने पाए।

## जिलाधिकारी ने कांवड़ियों के बीच किया फल वितरण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र शहर में स्थित सद्भावना पुल पर पहुंचकर श्रावण मास में चल रही पवित्र कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कांवड़ियों के बीच फल वितरण किया।

विशेष रूप से बाल कांवड़ियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में, विशेष रूप से हमारे उत्तर प्रदेश में शिव भक्त कावड़िए अपनी आस्था, सनातन धर्म की मर्यादा की रक्षा तथा महादेव के प्रति अपनी आस्था को प्रकट करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर शिवालयों में जलाभिषेक करते है। श्रावण मास में श्रद्धालुओं तथा कांवड़ियों के बड़ी संख्या में आवागमन के दृष्टिगत जनपद में पूरी तैयारी कर ली गई है। जनपद में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा निरंतर जिन स्थानों से भी कावड़ यात्रा निकलनी है, वहाँ सुरक्षा के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं प्रदान कर रही हैं।

कांवड़ियों को कोई दिक्कत न हो, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी शिवभक्त कावडियों से अनुरोध किया है कि अनुमन्य डेजीबल में ही डीजे बजाए। उन्होंने बाल कावड़ियों से कांवड़ लेकर अपने कंधे पर रखते हुए कुछ दूर तक यात्रा में सम्मिलित हुए और सभी श्रद्धालुजन/कांवड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने कांवड़ियों के बीच फल का भी वितरण किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सेना के जवान को कांवरियों ने पीटा, मामला गाली गलौज का

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर कावरियों ने मणिपुर जा रहे सेना के जवान की पिटाई कर दी। दर्जन भर कांवरियों ने मिलकर लात घूसों से सेना के जवान की जमकर पिटाई की।कांवरियों का कहना था कि फौजी के द्वारा गाली गलौज दिया गया था। इसी को लेकर फौजी व कांवरियों में कहासुनी हो गई थी। रेलवे पुलिस ने सात कांवरियों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया।

लोगो के मुताबिक कांवरियां और सेना का जवान दोनो मिर्जापुर के ही रहने वाले बताये गये है। घटना के बाद सेना का जवान बिना शिकायत पुलिस को कराये अपने डयूटी पर चला गया। पुलिस ने गिरफ्तार कांवरियों को निजी मुचलके पर छोड़ दिया है।



## मोबाइल चोरी होने पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मवई खुर्द गांव निवासी राजेंद्र सिंह ने शुक्रवार की रात्रि में थाने में तहरीर देकर मोबाइल चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दिए गए तहरीर में बताया है की बीते 25 जून को समय लगभग दो बजे दिन हलिया बाजार में गृहस्थी का सामान लेने आया था की वापस जाते समय वहीं भीड़ भाड़ में किसी ने मेरा मोबाइल निकाल लिया मुझे पता नहीं चला कुछ देर बाद हम प्रार्थी बात करने के लिए मोबाइल जेब में खोजने लगा तो मेरा मोबाइल गायब था। अगल बगल के लोगो से पूछताछ किया लेकिन किसी ने कुछ बताया नहीं शाम को दूसरे मोबाइल से अपने मोबाइल पर फोन मिलाया तो मोबाइल लेने वाले ने फोन उठाया परन्तु अब उसकी नियत खराब हो गई है। वापस नहीं करना चाहता है मेरे मोबाइल से बीस हजार रूपये भी निकाला है। दुरूपयोग करके बिना मेरी अनुमति से जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## युवक ने पिता पुत्र सहित तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डोहर गांव निवासी राजेंद्र पाल ने शुक्रवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर तीन लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई। दिए गए तहरीर में बताया है की शुक्रवार को समय करीब दो बजे दिन मेरी पुत्री शिव कुमारी अपने भाई शिव कुमार के साथ हलिया गांव निवासी जीतू के खेत में धान की रोपाई करने गई थीं। उसी का पैसा मांगने गई थीं तो विपक्षी जीतू उपरोक्त ने पैसा देने से आना कानी करते हुए गाली गुप्ता देने लगे। ज़ब मेरे लडके शिव कुमार ने गाली देने से मना किया तो जीतू व उसके लडके समसाद व नवसाद ने गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडे व लात मुक्का से मेरे लडके शिव कुमार व लड़की शिव कुमारी को मारने पीटने लगे। ज़ब बच्चे घर आए तो वहाँ भी आकर मारपीट करते हुए जान से मारने कि धमकी देने लगे जिससे दोनों बच्चों को चोटे आई है जिस पर पुलिस ने तीनों लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि धान कि रोपाई का पैसा मांगने पर मारपीट करने वाले लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## रात्रि में बस्ती में पहुंचे मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने पकड़कर बेलन नदी में छोड़ा

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के बैध्यता गांव में शुक्रवार की रात्रि में बस्ती के समीप एक करीब पांच फ़ीट के मगरमच्छ को ग्रामीणों ने देखकर तत्काल वन विभाग को सूचना दिया। मौके पर पहुँचे वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को पकडकर बेलन नदी में छोड़ दिया तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस लिया है। थाना क्षेत्र के बैध्यता गांव में रात्रि में बस्ती के समीप खेत में जमा पानी में एक करीब पांच फ़ीट के मगरमच्छ को चहल कदमी करता हुआ मगरमच्छ को खेत की तरफ गए ग्रामीणों ने देखकर तत्काल रेंजर हलिया अवध नारायण मिश्र को दिया। रेंजर की सूचना पर मौके पर पहुँचे वन दरोगा सन्री सिंह व वन्यजीव रक्षक संदीप कुमार व अंकुर शुक्ला ने ग्रामीणों के सहयोग से मगरमच्छ को पकडकर बेलन नदी के गहरे जलाशय में छोड़ दिया है। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस लिया है। रेंजर हलिया अवध नारायण मिश्र ने बताया की बस्ती के समीप खेत में पहुँचे मगरमच्छ को पकडकर बेलन नदी में छोड़ दिया गया है।



## पशु पालक के पांच भेड़ को उठा ले गए बाइक सवार, तहरीर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उमरिया पिपरा गांव निवासी पशु पालक मेवा लाल पाल ने शनिवार को थाने में तहरीर देकर पांच भेड़ को दो बाइक सवार द्वारा लादकर उठा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की शुक्रवार को सुबह दस बजे भेड़ कवलझर वन चौकी के पास सड़क किनारे चर रही थीं की पांच भेड़ को दो बाइक सवार बाइक पर लादकर उठा ले गए। बाइक सवार के बारे में पता करने पर पता चला है की एक बाइक सवार बगल के गांव का है जो भेड़ को अपने अन्य साथी के साथ उठा ले गया है। घर जाने पर नहीं मिला है। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया है की पशु पालक द्वारा तहरीर मिली है मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## चुनार नगर में किला मोड़ स्थित साहित्य संत धाम घाट गंगा में डूबा

**चुनार (मिर्जापुर)।** तहसील प्रशासन द्वारा बाढ़ क्षेत्र में तीन नावे लगाया गया है। वही नगर के टम्मलगंज से नगर का संपर्क पूरी तरह से टूट गया है। तहसील प्रशासन द्वारा वहां पर दो नाव लगवाया गया है। जिससे प्रभावित लोग खाने,पीने,दवा आदि रोजमर्रा कि सामान कि खरीददारी कर रहे हैं। किला मोड़ स्थित साहित्य संत धाम घाट गंगा के बाढ़ में डूब गया। वहां पीपल के वृक्ष के नीचे स्थापित मां सरस्वती व गणेश भगवान की प्रतिमा पानी में डूब रहा है।

## पुलिस की सख्त कार्रवाई- धार्मिक भावनाएं आहत करने और स्टंटबाजी में चार आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत मऊ।** जिले में कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक इलामरन जी के निर्देश पर घोसी कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। इस संबंध में घोसी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक प्रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस लगातार सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और अराजक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सतर्क है। जिसमे प्रभारी निरीक्षक प्रमेंद्र कुमार सिंह के अनुसार, धरौली निवासी मुजाहिद पुत्र तौफीक और करीमुद्दीनपुर निवासी अहमद रजा पुत्र मुस्तफा रजा ने ट्विटर पर धार्मिक भावना को आहत करने वाला आपत्तिजनक पोस्ट किया था। पोस्ट सामने आने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय भेज दिया गया।एक अन्य मामले में पकड़ी गांव निवासी राम लखन पुत्र राधेश्याम और कृष्णा सोनकर पुत्र महेश सोनकर को सार्वजनिक स्थल पर बाइक से स्टंट करते हुए गिरफ्तार किया गया।प्रभारी निरीक्षक प्रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे कृत्य न केवल दूसरों की जान के लिए खतरा हैं, बल्कि समाज में अराजकता फैलाने वाले हैं। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। घोसी पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आमजन में राहत और भरोसा बढ़ा है, जबकि असामाजिक तत्वों में भय का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक प्रमेंद्र कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि घोसी क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## सपा का हल्ला बोल 21 जुलाई, सपा जिलाध्यक्ष बोले प्रधान का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी की बैठक कचहरी रोड स्थित जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में शनिवार को हुई। जिसमे तय किया गया कि 21 जुलाई को राजगढ़ थाना प्रभारी व उनके सिपाहियों के खिलाफवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन कर मांग पत्र सौपा जायेगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान बघौड़ा नन्दलाल यादव उर्फनन्दू को राजगढ़ पुलिस ने अनायास ही मारने पीटने की निंदा की गई। सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि 25 जुलाई को पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि पार्टी कार्यालय पर मनाई जायेगी। साथ ही 26 जुलाई को संविधान मान स्तम्भ स्थापना दिवस मनाये जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष व सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में 26 जुलाई को सांई गार्डेन सबरी में मनाया जायेगा। उन्होने कहा इसी दिन महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा संकल्पित आरक्षण को लागू किया गया था। श्री चौधरी ने कहा कि संविधान मान स्तम्भ वस्तुतः पीडीए प्रकाश स्तम्भ है जो सामाजिक न्याय की बात करता है। उन्होने कहा कि राजगढ़ के बघौड़ा के ग्राम प्रधान नन्दलाल उर्फ नन्दू यादव सपा के सेक्टर प्रभारी है। राजगढ़ पुलिस थाने में बुलाकर उनके साथ दुर्व्यहवारव मारपीट की है। सपा 21 जुलाई को प्रदर्शन कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को थाना प्रभारी के खिलाफमांग पत्र सौंपेगी।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारती, आदर्श यादव, सतीश मिश्रा, भरत लाल बिन्द, दामोदर प्रसाद मौर्य, गणेश केशरी, विकाश केशरी, रविन्द्र सोनकर, अभय यादव, अरशद अली, जमाल अहमद, अहमद नवाज, शैलेष पटेल, झल्लू यादव, सोकिम अहमद, राणा प्रताप सिंह, सत्यप्रकाश यादव आदि रहें।

## शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लगी आग

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के रतेह चौराहा पर शुक्रवार की रात इलेक्ट्रॉनिक और मोबाइल की दुकान में बिजली के तार में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान के भीतर रखा लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। गलरा गांव निवासी राहुल चौरसिया की मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक दुकान है। शुक्रवार रात को दुकान बंद कर दुकानदार घर चले गए रात 1.00 बजे की करीब गस्त पर निकले उप निरीक्षक मनसुख यादव हेड कॉन्स्टेबल विजेंदर राय प्रमोद यादव ने दुकान से धुआं उठता देखकर मकान मालिक को सूचना दिया।

मकान मालिक की सूचना पर मौके पर पहुंचे दुकानदार ने दुकान का शटर उठाकर देखा तो धुआँ धुआँ पुलिस में तत्काल विद्युत उपकेंद्र पर फोन कर विद्युत आपूर्ति बंद करवाया। दुकानदार संघ पुलिस करने की आग बुझाने में जुटे रहे लेकिन तब तक आज की चपेट में आने की लाखों रुपए का इलेक्ट्रॉनिक सामान और मोबाइल उपकरण जलकर नष्ट हो चूका था। आगजनी कि घटना से दुकानदार का लाखो रूपये की क्षति हुई है।

## स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग रैली का आयोजन, नामांकन वृद्धि पर हुई चर्चा




**स्वतन्त्र भारत जमानिया (गाजीपुर)।** स्थानीय देवढी न्याय पंचायत के समस्त विद्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय करमहरी से शनिवार को स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का शुभारंभ ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ सिंह व एआरपी अरविंद कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली के माध्यम से लोगों को 6 से 14 वर्ष के प्रत्येक बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराने व निपुण भारत मिशन को सफल बनाने का संदेश दिया गया। रैली में बच्चों ने हाथों में जागरूकता से संबंधित तख्तियां लेकर गाँव-गाँव घूमकर अभिभावकों को जागरूक किया। रैली के समापन पर विद्यालय परिसर में एक विशेष बैठक भी आयोजित हुई, जिसमें नामांकन वृद्धि को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित विद्यालयों को दिशा-निर्देश दिए गए। वही ग्रामीणों ने भी रैली अभियान की सराहना की और बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति जागरूकता दिखायी। इस मौके पर विनोद सिंह कुशवाहा, भानु प्रताप सिंह, संजय कुमार, सोमनाथ सिंह, धर्मेंद्र पाठक, अर्चना, अन्नपूर्णा, हरिकेश यादव आदि शिक्षक, व सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अपने पुत्र शीवाँशू के चालचलन से दुखी होकर अपनी चलअचल संपत्ति से संबंध विच्छेद कर बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे । दीप्ति त्रिवेदी पत्नी स्वर्गीय नरेंद्र त्रिवेदी नि.मोहल्ला हरदेवगंज थाना जनपद कन्नौज।

सी.आर.-824/K-36

## पंडित मंगल पांडेय की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिला कांग्रेस कमेटी मऊ द्वारा बुनकर कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर आज़ादी के महानायक पंडित मंगल पांडेय की जयंती बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजमंगल यादव ने की। इस अवसर पर कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित मंगल पांडेय के चित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री राजमंगल यादव ने कहा,मंगल पांडेय भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के पहले क्रांतिकारी थे। उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे ईस्ट इंडिया कंपनी की 34वीं बंगाल इंफेंट्री के सिपाही थे। जब अंग्रेजी हुकूमत ने गाय और सूअर की चर्बी लगे कारतूस का उपयोग शुरू किया, तो मंगल पांडे ने उसे मुँह से काटने से इनकार कर दिया। यह विद्रोह का बिगुल बन गया। इसी साहसिक कदम के कारण उन्हें 8 अप्रैल 1857 को फाँसी दे दी गई।÷उन्होंने आगे कहा कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले मंगल पांडेय आज भी हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। कांग्रेसजन उनके आदर्शों और बलिदान से प्रेरणा लेकर उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लेते हैं।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एडवोकेट सतीश कुमार पांडेय प्रिंट मीडिया प्रभारी उदयभान राय, छोटे लाल रामकरन, रमन पांडेय, हरिश्चंद्र यादव, विजय सिंह, मोती राम, महेंद्र प्रसाद, हंसनाथ तिवारी, सईदुर रहमान, विरेन्द्र कुशवाहा, महेंद्र सोनकर, हफिजुर रहमान, कन्हैया गोड़, फहद कादिर, साधना श्रीवास्तव, नागेन्द्र राय, अजित यादव, अभिषेक यादव, आफताब सिद्दीकी, अमित चौबे, श्याम सुंदर राजभर सहित कई अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित मंगल पांडेय के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके विचारों पर चलने की शपथ ली।

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की सुनी बात

**स्वतंत्र भारत संवाददाता ग़ाज़ीपुर।** जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में अविनाश कुमार, की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार सम्पन्न हुआ। जिसमे 36 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए मौके पर 04 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातो तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 351 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 41 शिकायत/प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता 22 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 02 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 31 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 04 का मौके पर निस्तारण किया गया। कासिमाबाद तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 56 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मैके पर 04 का निस्तारण किया गया। तहसील मुहमम्दाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 24 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 04 निस्तारण किया गया। तहसील जखनियां में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 की अध्यक्षता में 92 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 14 का निस्तारण किया गया एवं तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 90 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 09 का मौके पर निस्तारण किया गया जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आम जनमानस की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कुछ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया। इस अवसर पर पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि जमीनी विवाद और आपसी विवाद एक ही विषय से सम्बन्धित होते है इस लिए राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विवादों का निस्तारण सुनिश्चित करें।



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# ब्रिक्स को खत्म कर देंगे : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उभरते वैश्विक गठबंधन ब्रिक्स को लेकर एक बार फिर चेतावनी है दी कि यदि ब्रिक्स संगठित होकर कोई ठोस रूप लेता है, तो वह इसे तुरंत समाप्त कर देंगे। ट्रंप ने पहले भी ब्रिक्स देशों को कड़ी चेतावनी दी थी।



ट्रंप ने कहा, अगर यह ब्रिक्स नाम का समूह वाकई कुछ बनने की कोशिश करेगा, तो मैं इसे फौरन खत्म कर दूंगा। हम किसी को भी अमेरिका के साथ छेड़छाड़ की इजाजत नहीं देंगे। ट्रंप ने ब्रिक्स देशों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की धमकी दी है, जो उन देशों पर लागू होगी जो उनकी नजर में अमेरिका-विरोधी नीतियों का समर्थन करते हैं। इस टैरिफ नीति की घोषणा उन्होंने जुलाई की शुरुआत में की थी।

ट्रंप ने जोर देकर कहा कि वे अमेरिकी डॉलर की वैश्विक रिजर्व मुद्रा की स्थिति को किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने देंगे। साथ ही, उन्होंने केंद्रीय डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को अमेरिका में लागू करने के विचार को पूरी तरह खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा, मैं डिजिटल डॉलर को कभी स्वीकार नहीं करूंगा। यह अमेरिका की वित्तीय स्वतंत्रता को नष्ट कर देगा।

ब्रिक्स ने ट्रंप के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। समूह का कहना है कि उसका मकसद विकासशील देशों को एक साझा मंच प्रदान करना है, न कि अमेरिका का विरोध करना। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। पिछले साल समूह ने ईरान और इंडोनेशिया जैसे नए सदस्यों को शामिल कर अपनी पहुंच बढ़ाई है। ब्राजील में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में नेताओं ने अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका की सैन्य और व्यापार नीतियों की आलोचना की थी।



छाया : गोपी रस्तोगी

## मुझे तोड़ने को बुशरा बीबी का इस्तेमाल कर रहे मुनीर : इमरान

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पर तीखा हमला बोला है। इमरान खान ने आरोप लगाया है कि उन्हें जेल में आतंकवादियों से भी बदतर स्थिति में रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा है कि अगर जेल में उनके साथ कुछ भी होता है तो इसके लिए पूरी जिम्मेदारी आसिम मुनीर की होगी। पूर्व पीएम ने कहा, हाल के दिनों में जेल में मेरे साथ किया जाने वाला बर्ताव और भी कठोर हो गया है। यही हाल मेरी पत्नी बुशरा बीबी का भी है। उनकी कोठरी से टेलीविजन तक हटा दिया गया है।

## अमेरिका में ओबामा प्रशासन पर मुकदमे की मांग

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर एक बार फिर बवाल मच गया है। इस बार अमेरिका की खुफिया एजेंसी की प्रमुख और पूर्व कांग्रेस सदस्य तुलसी गबार्ड ने ओबामा प्रशासन पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनके प्रमुख अधिकारियों ने जानबूझकर रूस के दखल की झूठी कहानी गढ़ी ताकि ट्रंप की वैध जीत को संदेह के घेरे में डाला जा सके। गबार्ड ने इस मामले में आपराधिक जांच और मुकदमे की मांग की है।

**ट्रंप की जीत में रूसी दखल के आरोपों पर तुलसी गबार्ड का पलटवार**

तुलसी गबार्ड ने दावा किया कि ओबामा प्रशासन ने खुफिया जानकारी को राजनीतिक हथियार बना दिया और अमेरिकी जनता की इच्छा के खिलाफ काम किया। उन्होंने पूर्व डीएनआई जेम्स क्लैपर, सीआईए निदेशक जॉन ब्रेनन और एफबीआई निदेशक जेम्स कॉमी पर झूठी खुफिया रिपोर्ट तैयार कराने का आरोप लगाया। गबार्ड ने इसे 'देशद्रोही साजिश' करार दिया और कहा कि यह सब ट्रंप को कमजोर करने और एक लंबे समय तक चली साजिश की नींव थी।

## छह महीने और जेल में रहेंगे दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति येओल

**सियोल।** मार्शल लॉ का आदेश देने वाले दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल को अब छह महीने और जेल में रहना पड़ेगा। मार्शल लॉ मामले में येओल पर कई और आरोप तय किए गए हैं। यह आरोप उनको राष्ट्रपति पद से हटाए जाने के लगभग तीन महीने बाद लगाए गए। इसी साल अप्रैल में देश के सांविधानिक न्यायालय ने महाभियोग को बरकरार रखने का फैसला सुनाया था। इसके बाद येओल को पद से हटा दिया गया। मार्च में हुई रिहाई के समय अदालत ने उन्हें हिरासत में लिए बिना विद्रोह का मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी। पिछले दिनों सियोल कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट को मंजूरी देने के बाद यून को वापस जेल भेज दिया था।

## पाकिस्तान में बिना डिलीवरी अरबों का पेमेंट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गजब का घोटाला सामने आया है। इसमें जॉगर्स, जूतों और गर्म ट्राउजर्स पर अरबों रुपए के

**कपड़ों-जूतों पर पानी की तरह बहाए पैसे**

एडवांस पेमेंट की बात सामने आई है। हैरानी की बात यह है कि इन सामनों की डिलीवरी मिली ही नहीं। तटीय रक्षा के लिए नौका खरीद में भी ऐसा ही खेल सामने आया है। यह सब पाकिस्तान के आंतरिक मंत्रालय के तहत आने वाले सिविल कानून प्रवर्तन एजेंसियों में हुआ है। ऑडिट रिपोर्ट में यह खुलासा होने के बाद वहां पर खलबली मची हुई है। ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक इन तमाम खरीदारी में बेसिक नियमों का भी पालन नहीं हुआ है। द न्यूज इंटरनेशनल के मुताबिक रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे मामले में अनियमित खर्च, कुछ खास सप्लायर्स को फेवर करना और नियमों को तोड़ने जैसी गंभीर चीजें सामने आई हैं। यह ऑडिट पाकिस्तान के विभिन्न डिपार्टमेंट्स में हुई खरीदारी में की गई है। इनमें पाकिस्तान रेंजर्स, फ्रंटियर कोर, पाकिस्तानी तटरक्षक बल आदि शामिल हैं। ऑडिट रिपोर्ट में तमाम उदाहरण दिए गए हैं कि कैसे गलत ढंग से खरीदारी की गई।

## एक नज़र

### बोइंग स्टारलाइनर को 2026 तक ग्राउंडेड

**न्यूयॉर्क।** नासा ने क्रू कैप्सूल बोइंग सीएसटी-100 स्टारलाइनर को 2026 तक के लिए ग्राउंड (सेवा से बाहर) करने का फैसला किया है। जून 2024 में तकनीकि खराबी आने के बाद से ही बोइंग स्टारलाइनर काफी चर्चा में था। नासा के अनुसार, इसे ठीक करने में 2026 तक का समय लगेगा। तब तक के लिए बोइंग स्टारलाइनर के सभी मिशन को रद कर दिया गया है। पिछले साल सुनीता विलियम्स समेत कई अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में लेकर गया बोइंग स्टारलाइनर अचानक से खराब हो गया था। इसके कारण क्रू मेंबर्स को कई महीनों तक स्पेस में रहना पड़ा था, जिसके बाद नासा ने बोइंग स्टारलाइनर को क्रू मेंबर्स के बिना ही धरती पर वापस बुलाया था। नासा के अनुसार, जून 2024 में क्रू फ्लाइट टेस्ट के दौरान बोइंग स्टारलाइनर में गंभीर समस्याएं देखने को मिलीं थीं। इसमें कई जगहों पर हीलियम गैस लीक होने लगी थी। अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में पहुंचने के बाद कैप्सूल के 28 में से 5 कंट्रोल थ्रस्ट फेल हो गए थे।

### सीरिया-इजरायल संघर्ष विराम पर सहमत

**दमिश्क।** सीरिया के स्वैदा प्रांत में सीरियाई बलों और ड्रुज अल्पसंख्यक समुदाय के बीच हिंसा के बाद इजरायल ने सीरिया पर हमले किए। अब अमेरिकी दूत के हवाले से दावा किया जा रहा है कि सीरिया और इजरायल संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। सीरिया में अमेरिकी दूत टॉम बैरक ने कहा कि स्वैदा से सीरियाई बलों की वापसी के बाद इजरायल ने संघर्ष विराम कर लिया है। बैरक ने कहा कि इजरायल और सीरिया के बीच नए युद्ध विराम का तुर्किये, जॉर्डन और अन्य पड़ोसी देशों ने समर्थन किया है। इजरायल ने कहा कि वह ड्रूज समुदाय की रक्षा के लिए काम कर रहा है, जो इजरायल में एक बड़ा समुदाय है और एक वफादार अल्पसंख्यक के रूप में देखा जाता है।

### ट्रंप के दावों पर शिवसेना सांसद का कटाक्ष

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बार-बार के दावों पर कटाक्ष किया है। प्रियंका ने पूछा कि अगर ऐसा है तो समझौता कहां है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रियंका चतुर्वेदी ने ट्रम्प के नए दावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें उन्होंने कहा था कि दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच सैन्य गतिरोध के दौरान पांच जेट मार गिराए गए एक बयान जिसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है और यह भी नहीं बताया गया है कि किस देश को नुकसान हुआ और इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम समझौते का कारण व्यापार प्रस्ताव है। चतुर्वेदी ने लिखा कि अगर डोनाल्ड ट्रंप बार-बार यह दोहराते रहते हैं कि व्यापार समझौते के तहत भारत-पाकिस्तान युद्धविराम पर सहमत हुए हैं, तो फिर ऐसा क्यों है कि भारत-अमेरिका के बीच अभी तक कोई व्यापार समझौता नहीं हुआ है? क्या इसीलिए राष्ट्रपति भारत पर दबाव बनाने के लिए इसे बार-बार दोहराते रहते हैं? चूँकि अमेरिका भी जानता है कि पाकिस्तान के साथ कोई व्यापार समझौता नहीं है, सिर्फ़ आतंकवाद से जुड़ा समझौता है क्योंकि पाकिस्तान सिर्फ़ इसी में माहिर है।

### बांग्लादेश ने 34 भारतीय मछुआरों को बीच समुद्र से पकड़ा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने 34 भारतीय मछुआरों को अपनी समुद्री सीमा में कथित रूप से मछली पकड़ने के आरोप में हिरासत में लिया है। यह घटना 14-15 जुलाई की रात को मोंगला बंदरगाह के पास हुई, जहां बांग्लादेशी अधिकारियों ने दो भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं- एफबी झोर और एफबी ममगल चंडी को भी जब्त कर लिया। भारतीय विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, मछुआरों पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार करने और बांग्लादेशी जलक्षेत्र में मछली पकड़ने का आरोप लगाया गया है। भारत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत राजनयिक चैनलों के माध्यम से बांग्लादेशी अधिकारियों से संपर्क किया है। भारतीय उच्चायोग ने ढाका में बांग्लादेशी अधिकारियों के साथ इस मुद्दे को उठाया और मछुआरों तक तत्काल कांसुलर पहुंच की मांग की। सूत्रों ने बताया, जैसे ही हमें इस घटना की जानकारी मिली, हमने बांग्लादेशी अधिकारियों से संपर्क किया।

### केरल में होगा आवारा कुत्तों का टीकाकरण

**तिरुचिरापल्ली।** केरल में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए, राज्य सरकार अगस्त से आवारा कुत्तों के लिए एक महीने का टीकाकरण अभियान शुरू करेगी। यह पहल स्थानीय स्वशासन विभाग और पशुपालन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। यह निर्णय स्थानीय स्वशासन विभाग के मंत्री एमबी राजेश और पशुपालन मंत्री जे चिंचुरानी की उपस्थिति में हुई एक बैठक में लिया गया। पालतू कुत्तों के लिए टीकाकरण अभियान सितंबर में शुरू होने वाला है। व्यापक योजना के तहत, सरकार पालतू कुत्तों के लिए लाइसेंस लेना भी अनिवार्य करेगी।

## जर्मनी में जन्म दर दो दशकों के निचले स्तर पर

**बर्लिन।** जर्मनी को यूरोप की आर्थिक महाशक्ति कहा जाता है। लेकिन आज यह देश एक ऐसी चुनौती का सामना कर रहा है जो न केवल उसकी सामाजिक संरचना

**सामाजिक संरचना के साथ आर्थिक स्थिरता भी खतरे में**

को प्रभावित कर रही है, बल्कि भविष्य की आर्थिक स्थिरता को भी खतरे में डाल रही है। जर्मन फेडरल स्टैटिस्टिकल ऑफिस (डेस्टाटिस) के हालिया आंकड़ों के अनुसार, 2024 में जर्मनी की जन्म दर 1.35 बच्चे प्रति महिला तक गिर गई, जो पिछले दो दशकों में सबसे निचला स्तर है। यह आंकड़ा न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह एक गहरे सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की ओर इशारा करता है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, जर्मनी में जन्म दर में लगातार गिरावट देखी जा रही है, जो अब लगभग दो दशकों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। 2024 में जर्मनी में कुल 677,117 बच्चे पैदा हुए, जो 2023 की तुलना में 15,872 कम है।

यह 2 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है, हालांकि पिछले वर्षों (2022 और 2023 में क्रमशः 8 प्रतिशत और 7 प्रतिशत की गिरावट) की तुलना में यह कमी धीमी हुई है। 2024 में माताओं की औसत आयु 31.8 वर्ष और पिताओं की 34.7 वर्ष रही, जो 2021 से स्थिर है। पहली बार माता-पिता बनने वालों की औसत आयु क्रमशः 30.4 और 33.3 वर्ष थी। 1991 के बाद से माता-पिता की औसत आयु में लगभग चार वर्ष की वृद्धि हुई है, जो देर से बच्चे पैदा करने की प्रवृत्ति को दर्शाता है। जर्मनी की जन्म दर दशकों से 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर (रिप्लेसमेंट लेवल) से नीचे रही है, जिससे दीर्घकालिक जनसांख्यिकीय बदलावों की चिंता बढ़ रही है। कम जन्म दर से श्रम बल में कमी, पेंशन प्रणाली पर बढ़ता दबाव और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि कोविड-19 महामारी के प्रभाव, यूक्रेन युद्ध, महंगाई और जलवायु संकट जैसे कारकों ने परिवार नियोजन को प्रभावित किया है, जिसके कारण कई लोग बच्चों को जन्म देने में देरी कर रहे हैं या इसे टाल रहे हैं।

## अमेरिकी स्कूलों को छह अरब डॉलर की शिक्षा फंडिंग पर रोक

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने से ठीक पहले पब्लिक स्कूलों के लिए तय छह अरब डॉलर की फंडिंग रोक दी

**विरोध में 20 से ज्यादा राज्य**

है। यह फंडिंग खासकर उन स्कूल कार्यक्रमों के लिए होती है, जो पिछड़े, ग्रामीण, कम-आय वाले या विशेष जरूरतों वाले छात्रों की मदद करते हैं। इसमें आफ्टर-स्कूल प्रोग्राम, शिक्षक प्रशिक्षण, इंग्लिश-लर्निंग और स्टूडेंट सपोर्ट जैसी योजनाएं आती हैं। इन फंड्स की समीक्षा अब बजट विभाग कर रहा है। यह पैसा राज्य सरकारों के सामान्य शिक्षा बजट का हिस्सा नहीं होता, बल्कि विशेष फेडरल अनुदान होता है जिससे लोकल स्कूल जिले अपने जरूरी कार्यक्रम चलाते हैं। जून 30 को जारी एक सख्त मेमो में कहा गया कि जब तक समीक्षा पूरी नहीं होती, कोई अनुदान जारी नहीं किया जाएगा। यह घोषणा ऐसे समय आई है जब स्कूलों में पढ़ाई दोबारा शुरू होने वाली है। इससे स्कूलों को अपने बजट में भारी बदलाव करने की आशंका है। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले के खिलाफ अब 20 से ज्यादा राज्यों ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर दी है।

## गाजा में 50 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा।** गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से में शनिवार को 50 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार ये सभी खाने के पैकेट के लिए जा रहे थे। वहीं अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, इजरायली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाई, जिसमें कई लोग घायल भी हुए हैं। ये सभी फिलिस्तीनी गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) नाम की संस्था की तरफ से चलाए जा रहे खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे। यह संस्था अमेरिका और इस्राइल की मदद से मई महीने से गाजा में खाना बांट रही है।

## पीएम मोदी पर महुआ मोइत्रा का तंज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना भाषण मां काली और मां दुर्गा के जयघोष के साथ शुरू किया। उनके भाषण में पश्चिम बंगाल को लेकर आगे की रणनीति कि झलक साफ देखी जा सकती थी। वहीं टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि बंगाली वोटर्स को लुभाने के लिए वह हथकंडा अपना रहे हैं। उन्होंने कहा, पीएम मोदी जरा लेट हो गए हैं। मोइत्रा ने कहा, बंगाली वोटर्स को लुभाने के लिए मां काली के जयकारे लगवाने में पीएम मोदी जरा लेट हो गए। मां काली ढोकला न तो खाती हैं और न ही कभी खाएंगी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात से आते हैं और ढोकला वहां की काफी लोकप्रिय डिश है।

## अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई से भारतीयों का मोहभंग

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विश्वविद्यालयों में पढ़ाई से भारतीय छात्रों का मोहभंग हो रहा है। लगातार कड़े हो रहे वीजा नियमों के चलते अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 70 फीसदी की कमी आई

**कड़े वीजा नियमों से छात्रों की संख्या में 70 फीसदी की गिरावट**

है। विशेषज्ञों का मानना है कि वीजा अप्वाइंमेंट स्लॉट पर लगी रोक और वीजा स्वीकृति में हो रही देरी के चलते यह गिरावट आई है।

अमेरिका ने हाल ही में वीजा के नियमों में सख्ती की है। इसके बाद अमेरिका जाने से भारतीय छात्रों का मोहभंग होने लगा है। हैदराबाद ओवरसीज कंसल्टेंट के संजीव राय ने एक मीडिया हाउस को बताया कि आमतौर पर इस समय तक अधिकांश छात्र अपने वीजा इंटरव्यू पूरे कर चुके होते हैं और अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे होते हैं। इस साल हम अभी भी हर दिन पोर्टल को देख रहे हैं। ताकि कोई स्लॉट खुल जाए। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है।

विंडो ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंसी के अंकित जैन का कहना है कि जिन छात्रों ने स्लॉट बुक कर लिए हैं, उन्हें अभी तक पुष्टि पत्र नहीं मिल पाया है। बुकिंग कन्फर्म किए बिना स्लॉट खुले रहने का एकमात्र तार्किक कारण यह हो सकता है कि अमेरिका सिस्टम का परीक्षण कर रहा है। आई20 फीवर कंसल्टेंसी के अरविंद मंडुवा ने कहा कि अगले कुछ



दिनों में स्लॉट जारी नहीं किए गए, तो हजारों सपने चकनाचूर हो जाएंगे। हम लगभग 80 फीसदी की गिरावट देख रहे हैं। हमें हर दिन छात्रों और उनके अभिभावकों से घबराहट भरे फोन आ रहे हैं।

अमेरिका में कड़े वीजा नियमों के चलते भारतीय छात्र दूसरे देशों का रुख कर रहे हैं। एक छात्र ने कहा कि वह अब ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की पढ़ाई के लिए जर्मनी जाएगा। मैं इंतजार नहीं कर सकता था। मैं एक साल गंवा सकता था। इस समय हालात ठीक नहीं हैं, इसलिए मैंने अपना आवेदन वापस लेने का निर्णय लिया है।

**स्लॉट शुरू हो गए हैं : दूतावास**

हैदराबाद स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि स्लॉट फिर से शुरू हो गए हैं। छात्र दूतावास या वेबसाइट पर अप्वाइंटमेंट की उपलब्धता की जांच कर सकते हैं। हम वीजा आवेदकों की पूरी तरह से जांच कर रहे हैं ताकि यह तय हो सके कि उनका इरादा अमेरिका या हमारे हितों को नुकसान पहुंचाने का नहीं है। आवेदक वीजा के लिए अपनी पात्रता को साबित करें, जिसमें यह भी शामिल है कि वे अपने प्रवेश की शर्तों के अनुरूप गतिविधियों में शामिल होने का इरादा रखते हैं। हम आवेदकों को जल्द से जल्द आवेदन करने और इन वीजा श्रेणियों के लिए अतिरिक्त समय की अपेक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## टेलीविजन डेब्यू कर रही हैं उर्फी जावेद की छोटी बहन डॉली!

जल्द आ रहा है एक अनोखा रियलिटी शो - 'छोरियाँ चली गाँव'। भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़े इस शो में 11 आत्मनिर्भर लड़कियां अपने शहरी जीवन को छोड़कर गांव की ज़िंदगी जीने निकल पड़ती हैं, बिना किसी गैजेट या आधुनिक सुविधाओं के। 'छोरियाँ चली गाँव' एक ऐसा अनुभव है जो भावना, संस्कृति और बदलाव को एक साथ लाता है और एक नई सोच के साथ इंडिया और भारत के बीच की दूरी को कम करता है। इन लड़कियों का इस सफर में होस्ट बनकर साथ दे रहे हैं रणविजय सिंघा, जो अपनी दमदार लीडरशिप और सादगी भर अंदाज़ के लिए जाने जाते हैं। शो में हिस्सा ले रही हैं डिजिटल स्टार डॉली जावेद, जिनकी खास स्टाइल, बेबाक अंदाज़ और नई पीढ़ी से गहरा जुड़ाव उन्हें एक अलग पहचान दिलाता है। हालांकि वो इंटरनेट सेंसेशन उर्फी जावेद की छोटी बहन हैं, लेकिन डॉली ने अपने फैशन सेंस, रियल और दिल से जुड़े कॉन्टेंट के ज़रिए



अपनी एक अलग जगह बनाई है। और अब 'छोरियाँ चली गाँव' के साथ, वो पहली बार टीवी की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं एक रियलिटी शो में, जहां न कोई फ़िल्टर होगा, न रीटेक सिर्फ सच्चा और कच्चा अनुभव।डॉली जावेद कहती हैं, ''मुझे 'छोरियाँ चली गाँव' का हिस्सा बनना वाकई बहुत सम्मान की बात लगती है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं गांव में जाकर काम करूंगी, यहां तक कि गोबर तक उठाऊंगी! शो के लिए तैयार होने के दौरान मैंने थोड़ा बहुत अपना स्टाइल भी साथ रखा है - स्किनकेयर, हेयरकेयर और कुछ फैशन मस्ट-हैव्स जरूर पैक किए हैं।'' वो कहती हैं, ''और हमारे होस्ट रणविजय... मैं उन्हें हमेशा से बहुत एडमायर करती हूं। उनके होस्टिंग स्टाइल में जो सच्चाई और कनेक्शन है, वो मुझे बहुत इंस्पायर करता है। मैं लेकर आ रही हूं थोड़ा फैशन, बहुत सारी सच्चाई और शायद आपको कहीं ना कहीं सरप्राइज़ भी कर दूं।'' ज़ी टीवी पर जल्द प्रसारित होगा नया रियलिटी शो 'छोरियाँ चली गाँव'।

## मेकअप से है इन्हें प्यार!

कई अभिनेत्रियों के लिए मेकअप सिर्फ प्रोफेशनल ज़रूरत नहीं, बल्कि खुद को बयां करने का एक तरीका और एक शौक भी है। एण्डटीवी की लोकप्रिय अभिनेत्रियों- सोनल पंवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की मलाइका) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी) ने हाल ही में मेकअप के अपने शौक और उससे जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें शेयर कीं। सोनल पंवार, जोकि 'हप्पू की उलटन पलटन' में मलाइका का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, ''यह मायने नहीं रखता कि मेरे पास पहले से ही पांच ब्लश और दस लिपस्टिक हैं; अगर कुछ अच्छा दिख जाए, तो मैं उसे आज़माए बिना रह नहीं सकती। मेरे लिए मेकअप एक तरह की थेरेपी है। नए शेड्स और फिनिश एक्सप्लोर करना मुझे बेहद पसंद है। चाहे ऑनलाइन ब्राउज़ कर रही हूं या शॉपिंग मॉल से गुजर रही हूं, किसी न किसी तरह से मैं कुछ ना कुछ खरीद ही लेती हूं। मेरे लिए मेकअपएक



आज़ादी है, जैसा मन हो, वैसा लुक क्रिएट करने की।'' 'भाबीजी घर पर हैं' में खूबसूरत और ग्रेसफुल अनीता भाबी का किरदार निभा रहीं विदिशा श्रीवास्तव भी मेकअप को लेकर उतनी ही दीवानी हैं। उन्होंने बताया, ''मेकअप की खरीदारी मेरे लिए एक ऐसा शौक है जिसे मैं बहुत एंजॉय करती हूं। ये वो चीज़ है जिसके लिए मुझे कभी पछतावा नहीं होता। मुझे लिप कलर्स बदलना, टेक्सचर कंपेयर करना और नए ट्रेंड्स आजमाना बहुत अच्छा लगता है, भले ही अभी उनकी जरूरत नहीं हो। मेकअप मेरे लिए अपनी पर्सनैलिटी का एक्सटेंशन है। मैं ऐसे प्रोडक्ट्स पसंद करती हूं जो मेरी स्किन, मूड और किरदार के मुताबिक हों। मेरा मेकअप स्टाइल हमेशा सॉफ्ट और नैचुरल रहता है, जो मेरी फीचर्स को उभारता है लेकिन ज्यादा हैवी नहीं लगता। चाहे शूट की तैयारी हो या कोई हल्की-फुल्की आउटिंग, सही मेकअप पूरे मूड को उठा देता है।''

बाजार दर्पण

